सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
05.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 261 | 14 | झूठों के सरदार हैं मोदी : मल्लिकार्जुन खड़गे



# कांग्रेस की पांच न्याय और पच्चीस गारंटी लेकर घर-घर पहुंचेंगे नेता और कार्यकर्ता

## लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हाथ बदलेगा हालात अभियान की हुई शुरूआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस की पांच गारंटी और हाथ बदलेगा हालात अभियान की शुरूआत गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से हुई। इसका शुभारंभ झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम एवं अन्य राज्य स्तरीय नेताओं ने संयुक्त रूप से किया।

अभियान की शुरूआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस जो वादा जनता से करती है उसे पूरा करती है। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्ष पहले देश के किसानों और युवाओं से कुछ वादा किया था लेकिन उसका क्या हुआ यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। हमारे नेता राहुल गांधी ने पांच न्याय के अंतर्गत 25 गारंटी दी है। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो सभी वादों को पूरा किया जाएगा।

**हम वोट मांगने नहीं, जनता को हक की गांरटी देने घर-घर जाएंगे :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी ने यह आदेश दिया है कि कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी वाले कार्ड को लेकर हर कांग्रेस कार्यकर्ता आम जनता के घर-घर जाएगा। कार्यकर्ता जनता को बताएंगे कि कैसे कांग्रेस या आइएनडीआइए ब्लॉक की सरकार बनेगी तो उसे पूरा किया जाएगा। उनहोंने कहा कि एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी जो वास्तव में वारंटी भी नहीं है, वह एनडीए की ओर से झूठ बोलने की गारंटी है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि एक तरफ एनडीए की झूठ की गारंटी है तो दूसरी ओर राहुल गांधी की गारंटी है जो सच की गारंटी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सोनिया गांधी के सुझाव पर हमारी सरकार ने पहले भोजन की गारंटी दी थी, वह आज तक सबको मिल रही है। यह और बात है कि झारखंड में डबल इंजन वाली पूर्व की भाजपा सरकार में भूख से 23 लोगों की मौत हुई थी। राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो-जो वादे कर सत्ता में आये थे, उसे पूरा नहीं किया। यही वजह है कि वह मीडिया के सामने नहीं आये। उनके सवालों का जवाब नहीं दिया। राहुल गांधी ने जनता को दी गयी कांग्रेस की गारंटी को घर-घर पहुंचाने को कहा है, यह झारखंड में पूरा किया जाएगा। हम वोट मांगने नहीं बल्कि लोगों को उनके हक की गारंटी देने के लिए घर-घर जाएंगे।

राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र में जब हमारी सरकार बनेगी तो अपनी गारंटी को लागू करेंगे। आज सरकारी एजेंसियों को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है। निजीकरण बढ़ रहा है, उसका विरोध जरूरी है। हम जनता को बताएंगे कि अगर अब भी हम नहीं सजग हुए तो संविधान खतरे में है, फिर आगे ये लोग चुनाव नहीं होने देंगे।

### लोकसभा चुनाव के बाद हालात जरूर बदलेंगे : आलमगीर आलम

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि आज हम गारंटी की बात कह रहे हैं, 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद हालात जरूर बदलेंगे। आलमगीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी की पहली भारत जोड़ो यात्रा और फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने समाज के उन वर्गों की हालात जानने की कोशिश की है। जिसकी मोदी सरकार ने लगातार 10 वर्षों तक अनदेखी की। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हर वर्ष 02 करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे, किसानों की आय दुगुनी करेंगे। लेकिन हुआ यह कि युवाओं को बेरोजगारी मिली और किसानों की आवाज को कुचला गया। आज महिलाओं की कोई सुनने वाला नहीं, भाजपा के सांसद नारी शक्ति को कमजोर करने की कोशिश में लगे रहे। कांग्रेस महिला सम्मान की बात करती है। कांग्रेस की पांच न्याय, 25 गांरटी और हाथ बदलेगा हालात अभियान के लॉन्चिंग कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, संगठन प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, सह मीडिया प्रभारी सतीश पॉल मुंजनी और सोशल मीडिया प्रभारी गजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर में

### हाइकोर्ट ने देवघर एम्स से पूछा- बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी यूनिट कब तक शुरू होगी

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने दुमका में 23 अगस्त 2022 को पेट्रोल से नाबालिग अंकिता की जला कर हत्या करने से संबंधित मामले में स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को की। इस दौरान कोर्ट को बताया गया कि आरोपी युवक को 28 मार्च 2024 को दुमका की निचली अदालत ने सजा सुना दी है। वहीं इस केस में सुनवाई के दौरान देवघर, एम्स में बर्न वार्ड की स्थापना से संबंधित मामले में देवघर एम्स की ओर से बताया गया कि जनवरी 2023 से वहां फैकल्टी एवं डॉक्टर की नियुक्ति कर दी गई है और बर्न ट्रीटमेंट शुरू कर दिया गया है। लेकिन बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी यूनिट की स्थापना में कुछ और माह का समय लगेगा। जिस पर कोर्ट ने देवघर एम्स को अगली सुनवाई में बताने को कहा है कि देवघर, एम्स में कब तक बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी यूनिट की स्थापना हो जायेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है। इससे पहले सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राजधानी रांची स्थित रिम्स एवं एमजीएम जमशेदपुर में बर्न यूनिट के ठीक ढंग से काम नहीं करने की बात कही। कहा कि बर्न वार्ड को बेहतर बनाये जाने की जरूरत है, ताकि दुर्घटना में जले हुए व्यक्तियों का तुरंत बेहतर इलाज संभव हो सके। बता दें कि 23 अगस्त 2022 को दुमका में हुई इस घटना के बाद 30 अगस्त 2022 को हाइकोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। दरअसल, दुमका में 23 अगस्त की रात एक सनकी आशिक शाहरुख नाम के युवक ने एकतरफा प्यार में घर में सो रही 12वीं की छात्रा अंकिता को जिंदा आग के हवाले कर दिया था। जिसके बाद इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गई थी।

### विष्णु अग्रवाल को विदेश जाने की नहीं मिली अनुमति

रांची। जमीन घोटाले के आरोपी न्यूक्लियस मॉल के संचालक कारोबारी विष्णु अग्रवाल को अदालत से झटका लगा है। व्यापार के सिलसिले में 12 अप्रैल को चाइना जाना था। इसके लिए उनकी ओर से पासपोर्ट जारी का आवेदन दिया गया था। हाईकोर्ट से मिली सशर्त जमानत के तहत विष्णु अग्रवाल का पासपोर्ट कोर्ट में जमा है। पीएमएलए कोर्ट ने दायर याचिका पर सुनवाई प›ात पिछले दिनों आदेश सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को अदालत ने अपना सुरक्षित आदेश सुनाया। याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से विरोध किया गया था। जानकारी हो कि विष्णु अग्रवाल जेल जाने के बाद वर्तमान में जमानत पर चल रहे हैं। विष्णु अग्रवाल में जिस मामले में आरोपी हैं उसे मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित किए जाने हैं। विदेश जाने के बाद आगे की न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होगी। मामले में विष्णु अग्रवालए छवि रंजन, अमित अग्रवाल समेत 10 आरोपी चार्जशीटेड हैं । एक आरोपी के नहीं रहने से मामला लंबित रहने की संभावना है । ईडी ने 31 जुलाई 2023 को जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया था।

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा और ड्रग्स कारोबार से जुड़े लोगों पर करें सख्त कार्रवाई : हाईकोर्ट

**रांची।** दुमका में विदेशी महिला के साथ गैंगरेप मामले में सुनवाई के दौरान झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को मौखिक कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की रोकथाम हो और ड्रग्स के कारोबार से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने राज्य में जमीन पर जबरन कब्जा करने वालों के खिलाफ एक्शन टेकन रिपोर्ट अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से मौखिक कहा कि झारखंड में ब्राउन शुगर, अफीम जैसे ड्रग्स की बिक्री पर रोक लगाए। राज्य में अफीम के खेती को समय -समय पर पुलिस नष्ट करती है। लेकिन इसपर सघन अभियान चलाने की जरूरत है ताकि जड़ से ड्रग्स को नष्ट किया जा सके। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया बताया गया कि राज्य में जमीन पर जबरन कब्जा करने से संबंधित मामले में करीब 200 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### होम गार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन मामले में हाईकोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में होम गार्ड के जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के संबंध में अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान होमगार्ड डीजी अनिल पालटा अदालत में उपस्थित रहे। उन्होंने अदालत को बताया कि झारखंड सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में रिव्यू याचिका दायर किया जा रहा है। जिसके बाद कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि अगर 18 जून तक समान कार्य का समान वेतन लागू नहीं करते हैं, तो कोर्ट अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगी। हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से यह कहा कि या तो आप 18 जून तक सर्वोच्च न्यायालय से स्टे लेकर आ जाएं या होमगार्ड जवानों को सामान्य कार्य का समान वेतन देने का आदेश लेकर आएं। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 जून की तिथि निर्धारित की है। यह जानकारी सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी।

### मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष से मिले रामटहल चौधरी



**रांची।** कांग्रेस में शामिल होने के बाद आज पुर्व सांसद रामटहल चौधरी आज मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के आवास पहुंचे और मूलवासी सदानों और राज्य के वर्तमान स्थिति पर दोनों नेताओं के बीच विस्तार से चर्चा हुई है। दोनों नेताओं ने माना कि झारखण्ड के विकास लिए मूलवासी सदान और आदिवासी को मिलकर झारखंडियों को संसद और विधानसभा में पहुंचाना होगा। तभी झारखण्ड का विकास संभव है। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मूलवासी सदान मोर्चा इस बार जरूर प्रयास करेगा की मूलवासी सदानों की अनदेखी करने वाले बड़े नेता को संसद नहीं पहुंचने देने की बात कही।

## देवघर एयरपोर्ट पहुंचे पीएम मोदी, मरांडी ने किया स्वागत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/देवघर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष विमान से देवघर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने उनसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिये देवघर एयरपोर्ट पर संथाल परगना के तीन लोकसभा क्षेत्र दुमका, गोड्डा और राजमहल से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन, निशिकांत दुबे और ताला मरांडी भी मौजूद थे। इसके अलावा देवघर विधायक नारायण दास, सारठ विधायक रणधीर सिंह और राजमहल विधायक अनंत ओझा भी मौजूद थे।

देवघर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से जमुई के लिए रवाना हो गये। वे जमुई लोकसभा क्षेत्र के खैरा में एक जनसभा को संबोधित करने वाले थे। यहां से एनडीए कोटे से लोजपा के उम्मीदवार अरुण भारती चुनाव लड़ रहे हैं।

## पार्टी के प्रति राज्यवासियों का बढ़ता विश्वास हमारी बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक : सुदेश महतो

### सरकार ने अपनी गलत नीति निर्धारण से समाज के हर वर्ग को निराश किया है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सभी वर्ग, समुदाय के विश्वास और साथ को अर्जित कर राज्य में आवश्यक राजनीतिक बदलाव की पटकथा लिखेगी आजसू पार्टी। हमारे संगठन पर राज्यवासियों का विश्वास बढ़ा है। जनता का बढ़ता विश्वास हमारी बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक है। हमारी तैयारी राज्य के वर्तमान के साथ भविष्य को भी बेहतर बनाने की है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अपने कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान पार्टी के महासचिव रवि शंकर मौर्या के नेतृत्व में जमशेदपुर से आए कई समाजसेवियों और युवा व्यवसायियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उन्होंने पार्टी के नीति तथा सिद्धातों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने सवा चार साल के कार्यकाल में अपने गलत नीति निर्धारण से समाज के हर वर्ग को निराश किया है। राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ा और विकास का ग्राफ गिरा है। सत्ता के नशे में चूर इस गठबंधन ने राज्य के बारे में नहीं सोचा। आने वाले लोकसभा चुनावों में जनता इन्हें अपने वोट की ताकत का एहसास दिलाएगी। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का सुदेश महतो ने पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में आपके अनुभव को बेहतर और सशक्त मंच देगी आजसू पार्टी। इस मंच की सहायता से आप सभी जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करें और पार्टी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। इस अवसर पर सरोज सिंह, अरुण सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**इन्होंने ली सदस्यता :** अमन सिंह, विवेक सिंह, नवीन कुमार, धीरेंद्र नायक, विजेंद्र नाथ महतो, रनजय सिंह, देवा सिंह, रणविजय सिंह, सिंटू कुमार, सौरभ सिंह, सचिन सिंह, सतेंद्र कुमार, खगेन्द्र कुमार, मनोज जी, रोहित राज समेत अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।


## कार्यालय गुमला नगर परिषद्, गुमला

**Corrigendum-3**

कार्यालय ज्ञापांक 208 दिनांक 28.02.2024 के आलोक में PR No : 320755 (District) 23-24 (D) के माध्यम से अखबारों में प्रकाशित कार्य के निविदा के खोलने की तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्नवत परिवर्तित समझा जाय :-

| Sl No | विवरणी | पूर्व की निर्धारित तिथि | परिवर्तित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Opening of technical bid | 15.06.2024 By 04.00 PM | 08.04.2024 By 03.00 PM |

शेष यथावत रहेंगी।

Administrator
Gumla Nagar Parishad
Gumla, Jharkhand

PR 323567 District(23-24)#D


### आशा को मिले 11 राज्यों व चार केंद्र शासित प्रदेशों का चार्ज

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली की सदस्य डा आशा लकड़ाको 11 राज्यों व चार केंद्र शासित प्रदेशों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात व दिल्ली समेत केंद्र शासित प्रदेशों में जम्मू एंड कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, दादर एंड नागर हवेलीए दमन व दीव शामिल हैं। वह शुक्रवार को 11 राज्यों समेत चार केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय मामलों से संबंधित पूर्व में दर्ज कराई गई शिकायतों की 05 2024 को समीक्षा भी करेंगी।

## महिलाओं का अपमान कांग्रेस के डीएनए में : राफिया नाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि महिलाओं का अपमान कांग्रेस के डीएनए में है। राफिया नाज गुरूवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थीं। दरअसल, कैथल जिले के गांव फरल में कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता के पक्ष में जनसभा करते हुये कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की वरिष्ठ नेत्री हेमा मालिनी पर निंदनीय और अशोभनीय टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि 25 मार्च को कांग्रेस की सोशल मीडिया हेड और प्रवक्ता सुप्रिया श्रीणाते ने भाजपा प्रत्याशी और प्रसिद्ध अभिनेत्री कंगना राणावत के खिलाफ टिप्पणी करते हुये बाजारू बताया और छोटे काशी की तुलना महिलाओं की मंडी से की। उन्होंने कहा कि रांची में एनएसयूआई के नेशनल कॉर्डिनेटर अमरजीत नाबालिग बच्चियों से जबरन देह व्यापार करा रहे है। राज्य की पुलिस ठीक से जांच करें। कहीं कांग्रेस के बड़े बड़े नेता इस गिरोह में शामिल हो सकते है। काँग्रेस नेता अमरदीप के पकड़े जाने पर बड़े बड़े कांग्रेस नेता उसको छुड़ाने के लिये पैरवी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में कई ऐसी घटनाएं है जिससे महिलाओं की मान और स्वाभिमान को धक्का दिया है। इसकी शृंखला काफी लंबी है। उन्होंने कहा कि कॉग्रेस के तत्कालीन कर्नाटक प्रदेश प्रमुख बी सत्यनारायण ने दिल्ली में रेप की घटना पर कहा कि भारत को आजादी आधी रात को मिली तो क्या महिलाओं को आधी रात को घूमना जरूरी है। भिंड में कांग्रेस के पूर्व मंत्री सत्यदेव कटारे ने कहा कि जब तक महिला तिरछी नजर से नहीं देखेगी, तब तक पुरूष उसे नहीं छेड़ेगा। भंवरी देवी कांड में राजस्थान की कांग्रेस सरकार में मंत्री महिपाल मदेरणा पर भंवरी देवी की निर्मम हत्या और रेप के आरोप लगेए तंदूर कांड में युवा कांग्रेस नेता सुशील शर्मा ने अपनी पत्नी नैना साहनी को तंदूर में जला कर मार डाला सहित कई घटनाएं शामिल है।


## कार्यालय,जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,हजारीबाग (जिला निर्वाचन शाखा)

**-: मतदान केन्द्र के नाम परिवर्तन की आम सूचना :-**

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के पश्चात् निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका-2023 के अध्याय-2 की कंडिका 2.11.1 के आलोक में 25-हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के (Nomenclature) नाम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी है। मतदान केन्द्रों के नाम में यह परिवर्तन विद्यालय/सरकारी भवनों के विलय/उत्क्रमण के कारण हुआ है, इसमें भवन के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं है। नाम परिवर्तन वाले मतदान केन्द्रों की सूची निम्नवत् आम सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है :-

| क्र0 | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सं0 एवं नाम | मतदान केन्द्र संख्या | पूर्व में मतदान केन्द्र का नाम | मतदान केन्द्रों का परिवर्तित नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 25-हजारीबाग | 258 | मध्य विद्यालय हिंदी, माली टोला, खीरगांव, पू0 भाग | शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खिरगांव पू0 भाग | भवन के नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 2 | 25-हजारीबाग | 260 | मध्य विद्यालय हिंदी खीरगॉव रोड माली टोला, खिरगांव, प0 भाग | शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खिरगांव प0 भाग | भवन के नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 3 | 25-हजारीबाग | 256 | उर्दू प्राथमिक विद्यालय माली टोला खिरगांव, उ0 भाग | राजकीय हिन्दी प्राथमिक विद्यालय, खीरगांव उ0 भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 4 | 25-हजारीबाग | 257 | उर्दू प्राथमिक विद्यालय माली टोला खिरगांव, द0 भाग | राजकीय हिन्दी प्राथमिक विद्यालय, खीरगांव द0 भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 5 | 25-हजारीबाग | 259 | उर्दू प्रा0वि0 माली टोला, खिरगांव, मध्य भाग | राजकीय हिन्दी प्राथमिक विद्यालय, खीरगांव मध्य भाग | नाम में आंशिक संशोधन के कारण। |
| 6 | 25-हजारीबाग | 299 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय मटवारी | हजारीबाग स्कुल ऑफ नर्सिंग, मटवारी | भवन के नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 7 | 25-हजारीबाग | 320 | पंचायत भवन शिवपुरी, पूर्वी भाग | अयुष्मान भारत स्वास्थ्य एण्ड वेलनेस सेन्टर, शिवपुरी, पूर्वी भाग | भवन के नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 8 | 25-हजारीबाग | 321 | पंचायत भवन शिवपुरी, पश्चिमी भाग | अयुष्मान भारत स्वास्थ्य एण्ड वेलनेस सेन्टर, शिवपुरी, पश्चिमी भाग | भवन के नाम में परिवर्तन के कारण। |
| 9 | 25-हजारीबाग | 322 | पंचायत भवन शिवपुरी, द0 भाग | अयुष्मान भारत स्वास्थ्य एण्ड वेलनेस सेन्टर, शिवपुरी, द0 भाग | भवन के नाम में परिवर्तन के कारण। |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, हजारीबाग

PR 323573 Election(24-25).D


## चुनाव कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं, भ्रामक खबरों पर करें कार्रवाई : के. रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ( सीईओ) के रविकुमार ने कहा कि चुनाव कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। भ्रामक खबरों पर कार्रवाई करें। लोकसभा चुनाव 2024 में तकनीक के इस्तेमाल से फेक न्यूज, डीप फेक वीडियो का उपयोग कर भ्रामकता फैलाये जाने की संभावनाओं पर सक्रियता से ध्यान रखा जाना चाहिए। सभी जिलों में कार्यरत मीडिया मोनिटरिंग सेल प्रो-एक्टिव मोड में कार्य करें। वह, गुरुवार को दुमका समाहरणालय में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में जवाबदेह पदाधिकारियों से भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसी खबरों को प्रसारित होने से रोकने के लिए निर्धारित गाइडलाईन के अनुसार त्वरित कार्य करने को कहा। सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट का तत्काल फैक्ट चेक करने, पोस्ट का पूवार्नुमान लगाते हुए सम्भावित भ्रामक खबरों की रोकथाम की दिशा में सख्ती से आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा। बैठक में उन्होंने संताल परगना प्रमंडल के दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, जामताड़ा, पाकुड़ एवं देवघर जिलों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

**लोकसभा चुनाव की गंभीरता को सभी समझें :** के रविकुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तय की गई जिम्मेवारियों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनि›ित करें। लोकसभा चुनाव 2024 की गंभीरता को समझें और शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सभी ठोस कार्रवाई करना सुनि›ित करें। विधि-व्यवस्था के संधारण में किसी तरह की कोर-कसर नहीं रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संताल-परगना प्रमंडल के जिलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिन्हित मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

**चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान :** के रविकुमार ने सभी जिलों के चेक पोस्टों पर सघन चेकिंग करने एवं अंतराज्यीय सीमाओं पर सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया।

### मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा का रखें पुख्ता इंतजाम : एवी होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने संताल परगना के जिलों में चिन्हित क्रिटकल एवं वर्नलेबल मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, ईवीएम एवं मतदाता की सुरक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जाने हैं। उन्होंने हैलीपैड की व्यवस्था दुरुस्त कराये जाने के लिए संयुक्त अभ्यास करने, हैलीपैड का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का निदेश दिया, ताकि पोलिंग पार्टी एवं आकस्मिक सेवाओं में इनका इस्तेमाल किया जा सके। समीक्षा बैठक में सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा सहित संताल परगना प्रमंडल के सभी जिले जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक, सीआरपीएफ कमांडेंट, सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित वरीय पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## मीरा सिंह से ईडी ने जब्त किये गये डिजिटल सबूत को लेकर की पूछताछ

**रांची।** विवादित एसआई और पूर्व तुपुदाना प्रभारी मीरा सिंह गुरुवार को पूछताद के लिए रांची स्थित ईडी के जोनल कार्यालय पहुंची। ज्ञात हो कि राज्य में जमीन व बालू घोटाले में मनी लांड्रिंग के बिंदु पर जांच कर रही ईडी ने दारोगा मीरा सिंह व उनके करीबी जमीन कारोबारी सह कांग्रेस नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के ठिकानों पर 21 मार्च को छापामारी की थी। इसके बाद एसएसपी ने तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह को लाइन हाजिर कर दिया था। बीते 2 अप्रैल को ईडी ने पूछताछ किया था। मीरा सिंह की उपस्थिति में जब्त किये गये डिजिटल डिवाइस से डाटा निकाला गया था। इसके बाद फिर से पूछताछ के लिये गुरुवार को बुलाया गया था। मीरा के घर से ईडी ने छापेमारी के दौरान एक डायरी और आठ मोबाइल फोन जब्त किये थे।

# प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा के लिए राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम रवाना

## सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के खिलाफ शुरू होगी विभागीय कार्रवाई

- **राज्यस्तरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में 3 सदस्य टीम करेगी औचक निरीक्षण**
- **औचक निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों को विनम्र एवं सौम्य रहने की सलाह**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी की जमीनी समीक्षा के लिए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के निर्देश पर 24 राज्यस्तरीय पदाधिकारियों की टीम रवाना हो गई। टीम विभिन्न जिलों में अवस्थित 80 जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों, 325 प्रखंड स्थित आदर्श विद्यालय, सभी कोटि के आवासीय विद्यालयों के औचक निरीक्षण करेगी। राज्यस्तरीय टीम सभी जिलों के स्कूलों का औचक निरीक्षण करेगी। साथ ही, स्कूलों में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी।

**अधिक से अधिक विद्यालयों का भ्रमण कर सके :** सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के खिलाफ मई महीने में कार्रवाई की जायेगी। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने अनुश्रवण दल में शामिल पदाधिकारियों के लिए दिशा निर्देश जारी करते हुए उन्हें निरीक्षण के दौरान विनम्र और सौम्य व्यवहार रखने की सलाह दी है। आदित्य रंजन ने पदाधिकारियों को अपने समय का सर्वोत्तम उपयोग करने की सलाह भी दी है, जिससे वे जिले में अधिक से अधिक विद्यालयों का भ्रमण कर सके।

**डीसी,डीडीसी को देनी होगी रिपोर्ट**

अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अनुश्रवण के पहले दिन जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निरिक्षण की आगे की कार्रवाई तय करे। किस स्कूल में जाना है, कितना समय देना है अथवा किन बिन्दुओं पर केंद्रित सवाल करना है, ये सब पूर्व से तय हो। पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि निरीक्षण के तीसरे दिन सभी पदाधिकारी जिले के शिक्षा पदाधिकारियों के साथ भ्रमण किये गए स्कूलों की सीलबंद रिपोर्ट जिले को उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को सौंपेंगे। यह रिपोर्ट राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा संबद्ध ऑपरेटर की सहायता से तैयार कि जाएगी।

**प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट, एनईपी कोषांग का गठन**

सरकारी विद्यालयों के वातावरण में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से राज्य में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए निरंतर इसका अनुश्रवण भी किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सतत एवं नियमित अनुश्रवण के लिए प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट - एनईपी कोषांग का गठन किया गया है। इस कोषांग में बादल राज, अभिजीत कुमार, सुरेश महतो, गौतम साहू, डॉ. अभिनव कुमार, डॉ. नीलम रानी, बिहार गौरव, श्रीमती प्रीति? मिश्रा, कामेश्वर सिंह, दीपक कुमार शामिल है।

### कोडरमा से शुरू हुआ था प्रोजेक्ट इंपैक्ट

प्रोजेक्ट इंपैक्ट की शुरूआत राज्य में कोडरमा जिले से हुई थी। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन की पहल पर ही कोडरमा जिले में स्कूलों के लिए स्वतः मूल्यांकन अभियान प्रोजेक्ट इंपैक्ट की शुरूआत की गयी थी। इस अभियान के तहत सरकारी स्कूलों को कई मानकों के आधार पर स्वतः मूल्यांकन करते हुए अंक देने होते है। सर्वाधिक अंक वाले स्कूल बेहतरीन प्रदर्शन करने वालो में शामिल होते है, और न्यूनतम अंक लाने वाले विद्यालय खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों में शामिल होते है। इस प्रोजेक्ट की लगातार समीक्षा भी की जाती है, जिससे मूल्यांकन में पारदर्शिता और ईमानदारी तय की जा सके। कोडरमा जिले में इस प्रोजेक्ट के व्यापक और सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा इस प्रोजेक्ट को पूरे राज्य में लागू किया गया है।

**मेरा स्कूल, मेरा गर्व की भावना विकसित करना उद्देश्य**

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने पदाधिकारियों को भ्रमण के दौरान सकारात्मक स्वाभाव रखते हुए मेरा स्कूल, मेरा गर्व के भाव के साथ शिक्षकों, प्राध्यापकों एवं बच्चों से मिलने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि स्कूल में कार्यरत सभी शिक्षकों, प्राध्यापकों एवं बच्चो के भीतर इस भाव को विकसित करना आवश्यक है।

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हुई गड़बड़ी पर विवि की मौन पर आजसू ने घेरा प्रशासनिक भवन

## अनियमितता की जांच एवं अभ्यर्थियों को न्याय मिलने तक जारी रहेगा छात्र आजसू का आंदोलन

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा में घोटाले का आरोप लगा रहे हैं परीक्षार्थी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू की रांची विश्वविद्यालय इकाई एवं महाविद्यालय इकाई के सदस्यों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 में बरती गई अनियमितता की जांच करा कर रद्द करने की मांग को लेकर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का घेराव किया। इसका नेतृत्व रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने किया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस धरना प्रदर्शन एवं प्रशासनिक भवन घेराव कार्यक्रम में छात्र आजसू के सदस्यों ने काफी हो हंगामा किया एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। घेराव का नेतृत्व कर रहे रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि 2023 के दिसंबर माह में जो विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा का आयोजन कराया गया था, उसमें कई तरह की अनियमितता बरती गई थी। इसे लेकर छात्र आजसू के सदस्यों ने कई बार रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर बात की एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 में बरती गई अनियमितता को लेकर सबूत देते हुए ध्यान आकृष्ट कराया। लेकिन हर एक बार नए-नए तरह की बहानेबाजी एवं बयानबाजी कर विगत चार महीने से विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा इस मामले को टाल मटोल कर दबाने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्ला ने कहा कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 में न तो विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं को आपत्ति दर्ज करने का मौका दिया गया न हीं उन्हें ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी दी गई और न ही उन्हें प्रश्न पत्र दिये गये। विश्वविद्यालय ने जो एडमिट कार्ड जारी किया था न हीं उसमें परीक्षार्थी का फोटो था और न हीं अटेंडेंस शीट में। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करते वक्त भी किसी परीक्षार्थी का पहचान पत्र (आधार कार्ड)चेक नहीं किया किया गया। ऐसे में यह पूरी परीक्षा प्रक्रिया संदेश के घेरे में है। वरीय उपाध्यक्ष विपिन कुमार यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा जो पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराई गई थी, उसमें सभी अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड प्रवेश पत्र के अनुसार जनरल कैटेगरी में रखा गया था। फिर विश्वविद्यालय प्रशासन ने रिजल्ट किस प्रकार प्रकाशित किया। लगभग डेढ़ घंटे बाद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने छात्र-छात्राओं से वार्ता करने के लिए रांची विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो मुकुंद चंद मेहता को भेजा। श्री मेहता ने छात्रों से कहा कि रांची विवि के वीसी ने आदेश जारी किया है कि शुक्रवार को एक बजे से पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 में हुए गड़बड़ियों को लेकर एक मीटिंग रखी गई है। इस मीटिंग में पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 के जितने भी बिंदुओं पर छात्रों ने विरोध जताया है। उस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। उधर छात्र आजसू ने रांची विवि प्रशासन से छात्र हित में फैसला लेने के लिए आग्रह किया है। छात्र इकाई रांची विश्वविद्यालय के सदस्यों ने घेराव को समाप्त करते हुए कहा अगर शुक्रवार को उचित निर्णय नहीं लिया गया तो छात्र आजसू के फिर से विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन एवं तालेबंदी के लिए बाध्य होंगे। घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप सेः विपिन कुमार यादव, विशाल कुमार यादव, विक्रम यादव, डालमेनी यादव, आकाश नयन राहुल कुमार,मनजीत , प्रियांशु शर्मा, अभिषेक साहू, निष्ठा अंशु, गुंजा कमर, विशाल कुमार गुप्ता ,अनमोल नैतिक, के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# 50 लाख की रंगदारी वसूलने आये थे अमन साहू के गुर्गे, पुलिस ने हथियार समेत दबोचा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के गिरोह के दो गुर्गों को रांची से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों अपराधी भारत माला प्रोजेक्ट में काम करने वाले ठेकेदार से रंगदारी वसूलने आये थे।

**50 लाख की रंगदारी वसूलने निकले थे अपराधी**

इस संबंध में रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिंह ने बताया कि उन्हे गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के कुछ अपराधी भारत माला प्रोजेक्ट में काम करने वाले एक ठेकेदार से 50 लाख रुपए की गदारी वसूलने के लिए रांची के ओरमांझी इलाके में आने वाले हैं। सूचना के आधार पर सादे लिबास में पुलिस बल को भारत माला प्रोजेक्ट के आसपास तैनात कर दिया गया। सिल्ली डीएसपी रणविजय और ओरमांझी थाना प्रभारी आलोक सिंह भी अपराधियों की तलाश में लगे थे। इसी बीच प्रोजेक्ट रोड पर एक कार में सवार दो युवक आते दिखे, जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस ने गाड़ी में मौजूद अपराधियों को सरेंडर करने के लिए कहा। पुलिस की घेराबंदी देख दोनों अपराधी हाथ ऊपर कर गाड़ी से बाहर निकल गये। तलाशी के दौरान एक अपराधी के पास से रिवाल्वर और आठ कारतूस बरामद किये गये। गिरफ्तार अपराधियों में पतरातू के प्रमोद सिंह और अमजद खान शामिल हैं। प्रमोद सिंह के खिलाफ पतरातू थाने में कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के सामने खुलासा किया है कि बॉस (अमन साव) के आदेश पर वे भारत माला प्रोजेक्ट में काम कर रहे ठेकेदार से रंगदारी वसूलने के लिए मौके पर पहुंचे थे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार सीबीएसई ने 2024 बोर्डों के लिए कम्पेटेन्सी फोकस्ड प्रश्न बढ़ाए

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार विद्यालयों में कॉम्पेटेन्सी बेस्ड एजुकेशन लागू करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमे संरेखण से लेकर, स्कूलों में योग्यता आधारित शिक्षा के कार्यान्वयन की दिशा में दक्षताओं का मूल्यांकन, शिक्षकों और छात्रों के लिए अनुकरणीय संसाधनों का विकास साथ ही शिक्षकों की निरंतर क्षमता निर्माण आदि पर बोर्ड का मुख्य उद्देश्य है।

सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ राम सिंह ने बताया कि सत्र 2024 -25 में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के प्रश्न पत्रों में 50 प्रतिशत कम्पेटेन्सी फोकस्ड क्वे>न, केस बेस्ड क्वे>न एवं सोर्स बेस्ड इंटीग्रेटेड क्वे>न होंगे। 20 प्रतिशत सेलेक्ट रिस्पांस क्वे>न यानी एम.सी.क्यू क्वे>न होंगे एवं 30 प्रतिशत कंस्ट्रक्टेड रिस्पांस क्वे>न (शार्ट आंसर क्वे>न/ लॉन्ग आंसर टाइप क्वे>न) होंगे। विदित हो की सत्र 2023 - 24 में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के प्रश्न पत्रों में 40 प्रतिशत कम्पेटेन्सी फोकस्ड क्वे>न, केस बेस्ड क्वे>न एवं सोर्स बेस्ड इंटीग्रेटेड क्वे>न, 20 प्रतिशत सेलेक्ट रिस्पांस क्वे>न यानी एम.सी.क्यू क्वे>न एवं 40 प्रतिशत कंस्ट्रक्टेड रिस्पांस क्वे>न (शार्ट आंसर क्वे>न/ लॉन्ग आंसर टाइप क्वे>न) थे। वहीं सत्र 2024-25 में कक्षा नवमीं एवं दसवीं के प्रश्न पत्रों में कोई बदलाव नहीं किया जायेगा अर्थात सत्र 2023 -24 के तरह इस सत्र में भी 50 प्रतिशत कम्पेटेन्सी फोकस्ड क्वे>न, केस बेस्ड क्वे>न एवं सोर्स बेस्ड इंटीग्रेटेड क्वे>न होंगे। 20 प्रतिशत सेलेक्ट रिस्पांस क्वे>न यानी एम.सी.क्यू क्वे>न होंगे एवं 30 प्रतिशत कंस्ट्रक्टेड रिस्पांस क्वे>न (शार्ट आंसर क्वे>न/ लॉन्ग आंसर टाइप क्वे>न) होंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा रहा है।

# खरसीदाग ओपी इलाके में पुलिस ने डेढ़ करोड़ रुपये का डोडा किया जब्त

## चार लोगों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में पुलिस के द्वारा नशे के तस्करों के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत रांची के रास्ते राजस्थान भेजे जा रहे 15 क्विंटल डोडा (अफीम) पुलिस ने जब्त किया है। इस बार रांची पुलिस ने रांची के नामकुम-खरसीदाग इलाके से डेढ़ करोड़ रुपए का डोडा बरामद किया है। रांची के सीनियर एसपी को यह सूचना मिली थी कि एक बड़े कंटेनर में भरकर डोडा की एक बड़ी खेप खूंटी से निकलकर रांची के रास्ते राजस्थान भेजा जाने वाला है। जानकारी हासिल होने के बाद हेड क्वार्टर डीएसपी वन अमर पांडेय, नामकुम थाना प्रभारी ब्रजदेव प्रसाद और खरसीदाग ओपी प्रभारी खूंटी से रांची आने वाले सभी रास्तों पर चेक नाका लगाकर कंटेनर की तलाश में जुट गए। इसी बीच खूंटी नामकुम हाईवे पर राजस्थान नंबर का एक कंटेनर पुलिस को आता दिखाई दिया जिसे पुलिस में रोक लिया। पुलिस की टीम ने जब कंटेनर को खोलकर उसकी तलाशी ली तो उसमें 80 से ज्यादा बोरे बरामद किए गए। सभी बोरों में डोडा भरा हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी डोडा के बोरे को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार कंटेनर के ठीक पीछे एक अन्य वाहन में कुछ लोग बैठकर पुलिस की कार्रवाई देख रहे थे। पुलिस जब उनके नजदीक जाने लगी तो वे लोग भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने वाहन में मौजूद सभी लोगों को धर दबोचा। पकड़े गए चारों राजस्थान के अफीम तस्कर हैं जो खूंटी से अफीम डोडा खरीद कर राजस्थान ले जा रहे थे। इस संबंध में रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि इस सप्ताह यह दूसरा मामला है जब इतने बड़े पैमाने पर अफीम डोडा पुलिस के द्वारा पकड़ा गया है। बरामद डोडे की कीमत बाजार में डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकती है।

**तस्करों से पूछताछ जारी**

मामले में कार्रवाई करते हुए राजस्थान से ताल्लुक रखने वाले चार तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्त में लिया है, सभी से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। पूछताछ में तस्करों ने खुलासा किया है कि वे लोग खूंटी से डोडा खरीद कर राजस्थान ले जा रहे थे। गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर कई जगहों पर पुलिस छापेमारी कर रही है।

## विभिन्न संस्थानों में वीएएफ वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन

**खूंटी।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों में भी गुरुवार को मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों में वीएएफ वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी। मौके पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्र - छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्वीप के तहत जागरूकता गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित करने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने दिया।

# झामुमो की अहम बैठक आज, सीएम और कल्पना सोरेन की उपस्थिति में उम्मीदवारों के नाम पर लग सकती है अंतिम मुहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शुक्रवार को अपने सभी विधायक, सांसदों और पार्टी पदाधिकारियों की अहम बैठक बुलाई है। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री और झामुमो के उपाध्यक्ष चम्पाई सोरेन करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को होने वाली बैठक में आमंत्रित विशेष सदस्य के रूप में कल्पना सोरेन भी शामिल होंगी। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अभी झारखंड मुक्ति मोर्चा में किसी पद पर नहीं हैं। कल्पना सोरेन इससे पहले झामुमो विधायक दल की बैठक में उस समय देखी गई थी जब ईडी की कार्रवाई हेमंत सोरेन पर तेज हुई थी। तब रणनीति बनाने के लिए झामुमो विधायक दल अपने सहयोगी दलों के साथ मुख्यमंत्री आवास पर बैठी थी।

**बैठक में बीजेपी को रोकने के लिए बनेगी रणनीति : मनोज पांडेय**

पांच अप्रैल, शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर झामुमो की होने वाली अहम बैठक की जानकारी देते हुए, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन के आदेश पर होने वाली बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह चुनाव की रणनीति से जुड़ी है। राज्य में कैसे 14 के 14 लोकसभा सीट पर इंडिया ब्लॉक की जीत सुनि>ित हो, इसकी रणनीति बनेगी।

**झामुमो के सभी उम्मीदवारों के नाम हो सकता फाइनल**

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली बैठक में झामुमो की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों के एक एक नाम पर विस्तृत चर्चा होगी। संभावित उम्मीदवारों की सूची में कौन उम्मीदवार उपयुक्त होगा सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा होगी और नाम फाइनल किए जाएंगे।

**गांडेय से कल्पना सोरेन की उम्मीदवारी पर भी विधायक दल की लगेगी मुहर!**

पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता और केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली बैठक में गांडेय उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन की उम्मीदवारी पर विधायक दल की औपचारिक सहमति प्रदान की जाएगी।

## जिला निवार्ची पदाधिकारी और एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यों के सफल निष्पादन को लेकर मुरहू प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मुरहू प्रखंड के बूथ नंबर 214(आदिवासी भारतीय बालिका उच्च विद्यालय, फुदी), बूथ नंबर 248(मध्य विद्यालय जाते), बूथ नंबर 252(राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिंदा पूर्वी भाग), बूथ नंबर 253(राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिंदा पश्चिमी भाग), बूथ नंबर 274 (राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोवा पश्चिमी), बूथ नंबर 275 (राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोवा उत्तरी), बूथ नंबर 270 , बूथ नंबर 254, बिचना पश्चिमी भाग) का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की अधिकारियों ने जानकारी ली।

# झाड़ जंगल पहाड़ से आगाज हुआ योग महोत्सव 2024 का

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रामकृष्ण मिशन आश्रम, दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, मोराबादी, रांची के सभागार से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का 100 दिवस काउंटडाउन कार्यक्रम के अन्तर्गत 78वा दिवस वृहत व सफल रूप से पतंजलि योग पीठ के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दो सत्र में किया गया। प्रथम सत्र के अन्तर्गत सुबह 7.00 से 8.00 बजे तक झारखण्ड के 37 केन्द्रों पर 2800 के करीब लोगों ने सामान्य योग प्रोटोकॉल योगाभ्यास किया एवं दूसरे सेशन में 03.00 से 05.00 बजे तक सेमिनार का भव्य आयोजन किया गयो कार्यक्रम का थीम हमेशा की तरह योग युक्त झारखण्ड, रोगमुक्त झारखण्ड को साथ में रखते हुए 'नारी सशक्तिकरण के लिए योग' था। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनुभा रावत चौधरी के द्वारा ऑनलाइन किया गया। उन्होंने बताया कि योग जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए एवं सबों को योग करने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सत्र की शुरूआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। स्वागत भाषण आश्रम के सहसचिव स्वामी अंतरानंद जी ने किया सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री पूजा जो स्वयं तो व्हील चेयर पर होते हुए भी अपने वक्तव्य से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और अपने पैर पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया। योगाचार्य सूर्यप्रकाश ने नारी सशक्तिकरण में योग की योगदान के विषय में बताया। तत्प>ात रमनी रंजन पाणिग्रही ने अपनी बातें रखीं। आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज ने पुरे कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया एवं बताया कि स्वामी विवेकानन्द ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जो, जंगल, पहाड़, झोपड़ी इत्यादि से निकलेगा और आज ये हकीकत में होता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने यौगिक, नैतिक एवं जैविक झारखण्ड की परिकल्प की, जिसे आज का उत्सव मदद करेगा इसमें विभिन्न योग साधकों ने अपनी- अपनी अनुभव साझा किया और प्रेरित किया की योग के माध्यम से सशक्त बना जा सकता है। कार्यक्रम में मंच का संचालन श्रद्धा कीर्ति ने किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में जितेन्द्र, योगाचार्य प्रीतम बनिक, प्रफुल, राजेश, अनूप, राम आदि ने सहयोग किया।

# झारखंड में सात अप्रैल तक चलेगी लू, इसके बाद मिलेगी थोड़ी राहत, गरज के साथ होगी बारिश

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, हीट वेव से लोगों को बचने की दी सलाह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के मौसम में लगातार गर्मी का असर बढ़ता जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद की ओर से 7 अप्रैल तक हीट वेव चलने की जानकारी दी गयी है। इसके लिये मौसम विज्ञान केंद्र ने पहले ही अलर्ट जारी कर रखा है। जिसमें हीट वेव का सबसे अधिक असर राज्य के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से में होने की जानकारी दी गयी है। राज्य में लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने विशेष सलाह लोगों को दी है। हीट वेव के खतरे से बचने के लिए लोगों को दोपहर 12 से तीन बजे के बीच धूप में बाहर नहीं निकलने की अपील की गयी है। तापमान नियंत्रित रखने के लिये पर्याप्त पानी पीने, हल्के रंग के ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनने, धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता या टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करने की सलाह दी गयी है। वहीं, जब बाहर का तापमान अधिक हो तो बाहरी गतिविधियों से बचने की जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही यात्रा करते समय पेयजल अवश्य साथ रखने। शराब, चाय, काफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचने की सलाह दी गयी है। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचने और बासी भोजन न करने, बाहर काम करने वालों को टोपी या छाते का उपयोग करने, सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का भी उपयोग करने की सलाह दी गयी है। हीट वेव की चपेट में आने के बाद बेहोश या बीमार महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से मिलने की सलाह दी गयी है।



### 7 अप्रैल से बारिश की संभावना

वहीं, दूसरी तरफ मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सात के बाद 9 अप्रैल तक राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। इसमें 7 अप्रैल को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें कहीं-कहीं 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा बहने और वज्रपात के साथ वर्षा होने की जानकारी दी गयी है। राजधानी में 6 अप्रैल की दोपहर या शाम में आंशिक बादल छाए रहेंगे।

### पिछले 24 घंटे का तापमान

पिछले चौबीस घंटे के तापमान की बात करें तो राज्य का सबसे गर्म जिला गोड्डा और पाकुड़ रहा। जहां का तापमान 40.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पलामू, गढ़वा, प॰मी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम का तापमान 39 डिग्री रहा। देवघर, गुमला, रामगढ़, सिमडेगा का तापमान 38 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके साथ ही साहेबगंज, बोकारो, गिरिडीह, जामताड़ा का तापमान 37 डिग्री रहा। रांची, चतरा, धनबाद, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### इन 11 जिलों में लू का येलो अलर्ट

प॰मी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा जिले में 7 अप्रैल तक लू चलेगी। मौसम विभाग की ओर से इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### इन जिलों में 8 और 9 अप्रैल को होगी बारिश

गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रांची, रामगढ़, खूंटी, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम में गरज के साथ बारिश की आशंका।

### 2-3 डिग्री बढ़ने के बाद आएगी तापमान में गिरावट

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 2 से 3 डिग्री तापमान बढ़ने के बाद इसमें धीरे-धीरे गिरावट भी आएगी। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल से लेकर अगले 3 दिनों तक अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होगी और उसके बाद अगले 2 दिन में उच्चतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेंटीग्रेड तक की गिरावट हो सकती है। 5 अप्रैल को आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। इसके बाद 7 अप्रैल से कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। 8 और 9 अप्रैल को भी तेज हवाओं के झोंके के साथ वज्रपात होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हल्की वर्षा से लोगों को तत्काल तो राहत मिलेगी, लेकिन 10 अप्रैल से जब आसमान साफ होगा, तो एक बार फिर भीषण गर्मी झेलनी होगी।

## सरना नवयुवक संघ की हुई बैठक

**रांची।** गुरुवार को सरना नवयुवक संघ, केन्द्रीय समिति रांची द्वारा आयोजित सरहुल पूर्व संध्या समारोह के लिये स्वर परीक्षण को लेकर आरआईटी भवन बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डॉ हरि उरांव ने की। बैठक में एकल गीत प्रतिभागियों एवं उदघोषक-उदघोषिका प्रतिभागियों द्वारा अपना-अपना परिक्षण दिया गया। इनका चयन की सूचना प्रकाशित होगी। अगली रविवार को सरहुल पूर्व संध्या 2024 की रूपरेखा तैयार की जायेगी। बैठक में डॉ बन्दे खलखो, साधु उरांव, जोहे भगत, सुखराम उरांव, कृष्णा उरांव, जगदीश उरांव, सरिता कुमारी, शीला कुमारी, प्रियंका उरांव साथ ही साथ सभी आदिवासी छात्रावास के बालक एवं बालिकाएं शामिल थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शहर का भ्रमण किया

**रांची।** लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदाताओं को जागरूक करने एवं अपने मतों का प्रयोग करने और प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रखंड सह अंचल कार्यालय मंझिआंव में मतदाता जागरूकता रथ का स्वागत जेएसएलपीएस की दीदियों ने किया। प्रखंड कार्यालय मंझिआंव में जिला से आए हुए मतदाता जागरूकता रथ का स्वागत करते हुए जेएसएलपीएस के दीदियों ने रैली निकालकर पूरे शहर का भ्रमण किया। रैली के जरिए मतदाताओं को अपने मतों का प्रयोग अवश्य करने की बात कही गई। मतदाता जागरूकता के लिये रैली में विभिन्न स्लोगन यथा- अबकी बार 80% के पार, पहले मतदान-फिर जलपान, लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत खोना अपना अधिकार आदि के साथ पूरे शहरी क्षेत्रों में भ्रमण किया गया।

## डीएवी शिक्षा, संस्कार एवं चरित्र निर्माण का मंदिर : एसके मिश्रा

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल में गुरूवार से नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हवन, यज्ञ व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। महाहवन में एलकेजी से बारहवीं तक बच्चों और सभी शिक्षकों ने अग्निदेव को साक्षी मानकर यज्ञाहुति प्रदान कीं।इसके बाद प्राचार्य एसके मिश्रा ने नव नामांकित बच्चों और नई कक्षाओं के लिये उत्तीर्ण बच्चों को मंत्रोच्चारण के साथ पुष्प वर्षा व तिलक लगाकर स्वागत किया। संगीत शिक्षक इंद्रजीत दत्ता के सानिध्य में बच्चों के लिये स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य मिश्रा ने बच्चों के समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों को प्रयासरत रहने की अपील की।उन्होंने बच्चों के साथ परिश्रम के फल और अनुशासन जैसे विषय पर चर्चा करते हुये कहा कि डीएवी संस्था शिक्षाएचरित्र निर्माण व संस्कार का मंदिर है। मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुमार अमरेश, एके मिश्रा और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## भारत में ऊर्जा और सिस्टम डिजाइन क्षेत्र में अपार संभावनाएं : डॉ. गौतम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन, थर्मो-फ्लूड्स और सिस्टम डिजाइन (आईसीटीएफएसडी) 2024 का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ संस्थान के कुलपति डॉ. इंद्रनील मन्ना और मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर डॉ. गौतम विश्वास ने किया। संस्थान के कुलपति ने बताया कि यह सम्मेलन छात्रों के वैज्ञानिक सोच को अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित करने का काम करेगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर डॉ. गौतम विश्वास ने बताया कि भारत में ऊर्जा और सिस्टम डिजाइन क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। साथ ही उन्होंने बताया कि भारत में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन आज भी एक चुनौती के रूप में सामने है। सम्मेलन में आये आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर डॉ. प्रशांत कुमार दास ने बताया कि ऐसे सम्मेलन देश को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में बहुत सहायक है। यांत्रिकी अभियांत्रिकी के विभागाध्यक्ष डॉ. अपूर्वा राय और सम्मेलन के संयोजक डॉ. ओम प्रकाश ने सम्मेलन के मुख्य अतिथि, गेस्ट ऑफ ऑनर तथा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

## पर्यटन, भोजन और पानी पर पैनल चर्चा में बीता बीआईटी के विकसित भारत कार्यक्रम का दूसरा दिन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा की ओर से गुरुवार को आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम विकसित भारत 2024 के दूसरे दिन की शुरूआत पर्यटन, भोजन और पानी पर एक पैनल चर्चा के साथ हुई। पैनल में ईसीई और गणित विभाग के छात्र शामिल थे और सत्र के संचालक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर, होटल प्रबंधन और कैटरिंग टेक्नोलॉजी थे। उन्होंने विरासत स्थलों की खोज करने की आवश्यकता, पर्यटन उद्योग में निवेश की आवश्यकता और दुनिया भर में पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने मौजूदा संस्कृतियों और मूल्यों, और सोशल मीडिया के माध्यम से किसी के भोजन, संस्कृति और कला को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर चर्चा की। अगला पैनल चर्चा विरासत और जीवंत संस्कृति पर था। पैनल में वास्तुकला विभाग के छात्र शामिल थे और सत्र के संचालक एआर थे। अपूर्व आशीष, सहायक प्रोफेसर, वास्तुकला और योजना और डॉ. सुजाता प्रियंबदा दाश, सहायक प्रोफेसर, प्रबंधन। उन्होंने मौजूदा संस्कृतियों और मूल्यों को संरक्षित करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता, भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत और पुराने मंदिरों और स्मारकों के रखरखाव पर चर्चा की। पानी की गुणवत्ता में सुधार और डेटा साइंस तथा एआई पर कई अन्य पैनल चर्चाएं हुईं।

अभिनव सत्रों के बाद, क्रिएटिव आर्ट्स के छात्रों ने एक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जहाँ उन्होंने विविध प्रतिभाएं दिखाईं। उन्होंने राग यमन और राग भैरव के साथ-साथ बंगाली लोक गीत रेटर बेले, पंजाबी लोक गीत जूती कसूरी, अरुणाचली लोक गीत पोलो गे दो लागे, असमिया लोक गीत फागुनेरो मोहय और हिमाचली लोक गीत माये नी मेरिए के साथ शास्त्रीय संगीत का प्रदर्शन किया। उन्होंने आधुनिक गीत सांसों की माला और जमीन आसमान तुम्हारा भी प्रस्तुत किया। मृणाल पाठक, संकाय सलाहकार, क्रिएटिव आर्ट्स द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## गुरमत समागम को लेकर तैयारियां पूरी, नगर कीर्तन का रूट तय किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा दो दिवसीय आठवां गुरमत समागम 27 एवं 28 अप्रैल को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में आयोजित किया जाएगा। समागम की तैयारियों को लेकर गुरु नानक सेवक की बैठक गुरूवार को श्री गुरुनानक सत्संग सभा परिसर में हुई। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 26 अप्रैल को सुबह नगर कीर्तन से होगी। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से आरंभ होकर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित विजय कटारिया और सुनील गेरा के चौक,झंडा चौक,गोपाल दास सरदाना के चौक से होकर डॉ अजय छावड़ा के क्लिनिक होते हुए भगत सिंह मिढ़ा के आवास,बबलू गांधी,सुभाष मिढ़ा,जीतू काठपाल,राज कुमार सुखीजा,अशोक मिढ़ा के चौक होते हुए सेंट्रल बैंक गली और भगवान सिंह बेदी,रमेश पपनेजा,नरेश पपनेजा,हरविंदर सिंह बेदी,द्वारकादास मुंजाल,सुनील मिढ़ा,प्रेम खत्री,बलबीर काठपाल, मनीष सरदाना,श्याम लाल गाबा,होला राम तेहरी के चौक, विवेकानंद अस्पताल तथा सुंदर लाल मिढ़ा के चौक एवं शहीद भगत सिंह चौक होते हुए दर्शन दिउड़ी गेट वापस पहुंचकर सुबह आठ बजे अरदास के साथ विसर्जित हो जाएगी। गुरमत समागम में कुल दो विशेष दीवान सजाए जाएंगे,कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में पहला दीवान 27 अप्रैल,शनिवार को रात 8:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा दूसरा दीवान 28 अप्रैल,रविवार को दोपहर 11:00 बजे से 2:00 बजे तक सजाया जाएगा। इन दीवानों में शिरकत करने के लिए विशेष रूप से सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई नवप्रीत सिंह जी एवं बीबी तरनप्रीत कौर जी टांडा(जालंधर) वाले रांची पधार रहे हैं। इस पावन मौके पर गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा 28 अप्रैल,रविवार को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।

## मारवाड़ी समाज धमकियों से डरने वाले नहीं : ललित पोद्दार



**रांची।** धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल को मिल रही धमकियों के सिलसिले मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की नेतृत्व में एक शिष्टमंडल धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री कृष्णा अग्रवाल से गुरूवार को उनके निवास पर मिला। शिष्टमंडल के सदस्यों ने कृष्णा अग्रवाल से अभी हाल के दिनों में जो वारदातें धनबाद जिले में हुई, उसकी विस्तृत जानकारी ली। शिष्टमंडल के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि लोकतंत्र में सबको अपना पक्ष रखने एवं अपने विचार व्यक्त करने का पूर्ण अधिकार है। परंतु कोई भी व्यक्ति चाहे वो कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, किसी को अपने विचार व्यक्त करने से नहीं रोक सकता और सिविल सोसाइटी के लोगों को नहीं डरा सकता। मारवाड़ी समाज एक गतिशील और प्रगतिशील समाज है और झारखंड की अर्थव्यवस्था में झारखंड के मारवाड़ी समाज का एक बड़ा योगदान है। मारवाड़ी समाज धमकियों से डरने वाला नहीं और जिला प्रशासन से कृष्णा अग्रवाल को समुचित सुरक्षा प्रदान करने की अपील करता है। तथा ऐसे लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग करता है। ये जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

# ट्रांसमिशन लॉस को कम करने के लिए खर्च होंगे 1680 करोड़

## झारखंड में बर्बाद हो जाती है 1182.8 मिलियन यूनिट बिजली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बिजली का नुकसान लगातार जारी है। इंफ्रास्ट्र^र और आधुनिक उपकरणों के नहीं होने की वजह यह नुकसान करोड़ों में है। झारखंड में ट्रांसमिशन लॉस के कारण 907.23 मिलियन यूनिट बिजली बर्बाद हो जाती है। वहीं एक्सटरनल सिस्टम के दुरुस्त नहीं होने के कारण 275.57 मिलियन यूनिट बिजली बर्बाद होती है। इस तरह कुल 1182.8 मिलियन यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है। इस लाइन लॉस को कम करने के लिए झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1680 करोड़ रुपए खर्च करेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऊर्जा अंकेक्षण पर 19 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे। इसके तहत डीटीआर और फीडर मीटर लगाया जाएगा। वितरण निगम राज्य में मीटरिंग पर 98.86 करोड़ रुपए खर्च करेगा। एनर्जी ऑडिटिंग के लिए डीटीआर मीटर लगाने में 18.39 करोड़ रुपए खर्च करेगा। फीडर मीटर लगाने में 1.03 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। राजधानी रांची में स्मार्ट मीटरिंग के लिए 61 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं धनबाद में स्मार्ट मीटरिंग के लिए 28 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को मीटर रेंट (किराया) और ट्रांसफॉरमर रेंट से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6.57 करोड़ का राजस्व चाहिए होगा। वितरण निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का आंकड़ा जो झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग को सौंपा है। इसके मुताबिक, वितरण निगम को सुपरविजन चार्ज के लिए 5.39 करोड़ रुपए राजस्व की मांग की गई है। वहीं, उपभोक्ताओं से मिसलेनियस चार्ज के रूप में 2.25 करोड़ रुपए राजस्व की मांग की गई है। इस आंकड़े के अनुसार, बिजली वितरण निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नॉन टैरिफ से 40.29 करोड़ रुपए राजस्व की मांग की है। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली नुकसान कम करने पर जोर दिया है। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 13 फीसदी प्रस्तावित वितरण हानि को मंजूरी दी है, जबकि वितरण निगम ने 26.34 फीसदी तक बिजली नुकसान तक की मांग की थी। इस हिसाब से वितरण निगम का नुकान आयोग द्वारा निर्धारित मानक से 13 फीसदी अधिक है। अगर एक फीसदी बिजली का नुकसान कम होता है, तो चार करोड़ रुपए तक की बचत होगी। इस हिसाब से 13 फीसदी तक नुकसान कम होने से वितरण निगम को 52 करोड़ रुपए की बचत होगी।

## खबर एक नजर में

### सरहुल शोभायात्रा में दिखेगी सरना धर्म कोड हसदेव जंगल की झलकियां : अजय तिर्की



**रांची।** सरहुल पूजा महोत्सव सह शोभायात्रा पर परिचर्चा एवं तैयारी को लेकर केंद्रीय सरना समिति के तत्वावधान में सिरमटोली में गुरूवार को बैठक हुई। इस मौके पर अजय तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा में सिरमटोली सरना तक झांकी आयेगी प्रथम एक लाख रुपए,दूसरा 50 हजार रुपया तीसरे 25 हजार रुपए का वितरण किया जाएगा। सबसे पहले जो खैड़हा सिरम टोली में प्रवेश करेंगे उसे 5 हजार रुपए दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि होटवार जेल में सरना स्थल में पूजा करने के लिए खोल दिया जाए। सरना प्रर्थना सभा के महासचिव सोनू खलखो ने बताया कि आदिवासी की सबसे बड़ी मांग है। इस वर्ष शोभायात्रा में सरना धर्म कोड की झलक दिखने को मिलेगा।

### विस के संयुक्त सचिव को दी गयी विदाई



**रांची।** झारखण्ड विधान सभा में संयुक्त सचिव मिथलेश कुमार मिश्र को विदायी दी गयी। वे 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हुये थे ।बिहार विधानसभा से कैडर विभाजन के उपरांत 1जनवरी 2005 को झारखंड विधानसभा में अपना योगदान दिए थे।बिहार विधान सभा में 5 दिसंबर 1988 को योगदान दिये थे। झारखंड विधानसभा में संयुक्त सचिव पद पर रखते हुए उन्हें बेहतर सेवा के लिए स्वर्गीय कपिलेश्वर प्रसाद उत्कृष्ट कर्मी पुरस्कार से वर्ष 2023 में सम्मानित भी किया गया। श्री मिश्र विधानसभा में एक बेहतर पदाधिकारी के साथ साथ एक अच्छे समन्वयक एवं मंच संचालक के रूप में भी जानें गए। वे झारखंड विधानसभा में लंबे समय तक विधायी शोध सन्दर्भ एवं प्रशिक्षण कोषांग में प्रतिनियुक्त रखते हुए पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने के दायित्व का भी निर्वाहन किये।

### सुरेश चंद्र पोद्दार पंच तत्व में विलीन



**रांची।** श्याम भक्त सुरेश चन्द्र पोद्दार के निवास स्थान पर उन्कीं अंतिम यात्रा में उपस्थित होने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे । इस मौके पर श्री श्याम मण्डल के श्रद्धालुओं और टिम्बर एसोसिएशन के सदस्यगणों ने उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। हरमू मुक्ति धाम जाने के क्रम में लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास माहेश्वरी सभा की मंदिर समिति ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया, इसके बाद इनके पार्थिव शरीर को श्रीश्याम मंदिर लें जाया गया , वहां उपस्थित श्याम प्रेमियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुक्ति धाम में भी बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति थे। मुखाग्नि उनके बड़े सुपुत्र सुमित पोद्दार द्वारा दी गई । मुक्ति धाम में रमेश रमेश सारस्वत, ओम प्रकाश जोशी, राज कुमार जालान, रमेश धरणीधरका, सुशील अग्रवाल,छगन पटेल, डॉ विनय ढाँढनिया, श्रवण अग्रवाल, प श्याम सुन्दर भारद्वाज, श्याम सुन्दर गोयल, ओम प्रकाश बागला, चन्द्र प्रकाश बागला, मनोज सिंघानिया, प्रमोद बगड़िया, वी .के .महेंद्रू, विजय सरायका, वेद प्रकाश बागला प्रदीप मोदी, श्रवण जाजोदिया,श्याम अग्रवाल, रमेश पटेल, जेठालाल पटेल आदि लोग उपस्तिथ थे।

### केंद्रीय महिला श्री महावीर मंडल अंतिम मंगलवारी को घोल नहीं निकालेंगी



**रांची।** केंद्रीय महिला श्री महावीर मंडल की बैठक गुरूवार को हुआ। जिसमें में निर्णय लिया गया कि अंतिम मंगलवारी को अष्टमी तिथि पड़ने से महावीर चौक में झांकी प्रतियोगिता, एवम अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन अन्य मंडलों के द्वारा होता है। जिससे कई मार्ग अवरूद्ध हो जाते है। ये कार्यक्रम शाम से रात तक चलता है। महिलाए विभिन्न स्थानो से आती है,तो उन्हें परेशानी हो सकती है। इसलिए 9अप्रैल को ही घोल में शामिल होकर आपने अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करेगी। बैठक में आभा सिंहा , राखी प्रियदर्शनी , पूर्णिमा सिंह , रेसिका सिंहा,सोनाली कुमारी,गीता शर्मा ,अंकिता, मुन्नी देवी जयोत्सना चटर्जी,नारायणी सिंह,जमुना देवी एवं राजीव प्रकाश चौधरी उपस्थित थे।

### सरहुल और रामनवमी में सेवा शिविर लगाने का निर्णय

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में गुरुवार को लेखानंद झा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रकृति पर्व सरहुल के शुभ अवसर पर विद्यापति स्मारक समिति के द्वारा कचहरी चौक में सरहुल सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के अंतर्गत सरहुल शोभायात्रा में आए हुए लोगों में चना, गुड़ और शरबत वितरित किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने कहा कि सरहुल प्रकृति और मानव के बीच के अटूट रिश्ता को दर्शार्ता है और प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देता है। सरहुल से हीं आदिवासी भाइयों का नववर्ष भी प्रारंभ होता है। उन्होंने यह भी बताया कि रामनवमी के शुभ अवसर पर आगामी 17 अप्रैल को भी समिति के द्वारा कचहरी चौक पर रामनवमी सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसके अंतर्गत शोभायात्रा में शामिल सभी श्री राम भक्तों में चना, गुड़ और शरबत वितरित किए जायेंगे।

### छात्रों ने विवि में जड़ा ताला, वार्ता के बाद खोला

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) इकाई की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को विवि मुख्यालय के मुख्य द्वार ताला जड़ दिया गया। तालाबंदी के तत्प›ात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से वार्ता हुई। वार्ता के दौरान छात्रों ने बताया कि 8 मई को सेम-1 सहायक विषय गणित की परीक्षा हुई थी और 29 सितंबर को सेकेंड सेमेस्टर हुई थी। दोनों परीक्षा के अंक पत्र एक साथ प्रकाशित किये गये। इसमें लगभग 200 छात्रों फेल कर दिया गया, जो की बीएससी, सीए, आईटी, इकोनॉमिक्स , इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अन्य विभाग के हैं। दोनों ही सेमेस्टर में 0,2,4,6, इत्यादि अंक दिया गया है। इससे साफ प्रतीत हो रहा है कि कॉपी की जांच सही तरीके से नहीं हुई है। कॉपी जांचने में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। इस कारण ईयर बैक लग गया है। आजसू ने रजिस्ट्रार से उत्तर पुस्तिका की पुन: जांच कर सही अंक पत्र प्रकाशित कराने की मांग की है। साथ ही थर्ड सेम का फॉर्म भरने की अनुमति देने को कहा है।

# सूखते जलश्रोत

झारखंड एक पठारी राज्य होने के साथ ही वनों की भारी कटाई के बाद वन आच्छादित भी नहीं रह गया है। इस कारण भू जल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। विशेषकर राजधानी रांची में जल संकट हर साल बढ़ता जा रहा है। लेकिन प्रशासन चेतने के बजाए दूसरे विकल्प पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। सबसे बड़ी समस्या रूक्का डैम की गाद की है जिसे विगत दो दशक में किसी भी सरकार ने साफ कराने पर ध्यान नहीं दिया। आज जल संकट सर पर मंडरा रहा है तब इस समस्या की चर्चा हो रही है। यह कार्य अब भी हो पायेगा ऐसा सोचा नहीं जा सकता है। गाद भरने से डैमों की जल संग्रहण क्षमता कम होती जा रही है। साथ ही शहर के विस्तार से हरदिन जल का खपत बढ़ता जा रहाहै। जल की चोरी पर भी निगम का कोई नियंत्रण न होने से स्थिति विकट हो गयी है। रांची शहर को तीन डैमों से जल मिलता है। रूक्का, धुर्वा और कांके डैम से जल सहजता से उपलब्ध हो सकता है लेकिन इसके लिये गर्मी के पहले जाड़े के मौसम से ही राशनिंग की जानी चाहिए। आज स्थिति यह है कि आग लग चुका है तब कुंआ खोदने का प्रयास हो रहा है। वह भी आधे अधूरे मन से। अभी अप्रैल का पहला सप्ताह ही बीत रहा है और पानी की राशनिंग की मजबूरी आंरभ हो गयी है। इस मामले में ठंड के मौसम से ही जल बचाया जाना चाहिए था। जबकि रूक्का डैम के जल से बिजली उत्पादन का कार्य भी किया गया। आम आदमी के लिये जल सबसे अनिवार्य आवश्यकता है। ऐसे में राजधानी के डैमों की बिगड़ती हालत और प्रशासन का कामचलाने का तरीका महंगा पड़ सकता है। अभी गर्मी ढाई माह तक सतायेगी। विगत वर्ष की तरह अगर मॉनसून धोखा दिया तो राजधानी रांची को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा जो अधिकारियों के लापरवाही के कारण होगी।

# प्रदूषण और धुंध


हर साल पर्व त्योहार में आतिशबाजी से दिल्ली में धुंध फैल जाती है, जो वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य जोखिमों विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और अंतर्निहित बीमारियों वाले लोगों को चेतवानी देती है। इस वर्ष अंतर यह है कि सीओवीआईडी -19 के कारण प्रदूषण में थोड़ी कमी आई है लेकिन अब तालाबंदी खुलने से वायु प्रदूषण के बढ़ने के आसार है तो दिल्ली प्रशासन ने एक बड़ा प्रदूषण-विरोधी अभियान शुरू किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा संकलित वायु गुणवत्ता के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है। हर वर्ष दिल्ली में पीएम 2.5 और पीएम 10 का मामला, राष्ट्रीय मानकों और विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमाओं को पार करता है। दिल्ली की खराब वायु गुणवत्ता सर्दियों के मौसम में और भी अधिक बिगड़ती है। ऐसा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में थर्मल प्लांटों और ईंट भट्टों के घातक धुएं के साथ-साथ आस-पास के राज्यों से जलने वाले रासायनिक कचरा भी है। कोविद-19 से पहले वायु प्रदूषण भीषण था। पार्टिकुलेट मैटर, पीएम 2.5 और पीएम 10, राष्ट्रीय मानकों से अधिक और कड़े विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमाएं निर्धारित करने की जरूरत है। दिल्ली की जहरीली हवा में सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड की उच्च मात्रा है। आज दिल्ली को इंड्रेक्स 2.5 के लिए राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए 65% की कमी की आवश्यकता है। ट्रक और दोपहिया सहित वाहन, 2.5 सांद्रता में 20% -40% तक हैं। बैंकॉक, बीजिंग और मैक्सिको सिटी के अनुसार वाहन उत्सर्जन से निपटने का एजेंडा एक हिस्सा बनाना होगा। झारखंड में धनबाद, जमशेदपुर और बोकारो सहित कोयला खनन इलाकों में प्रदूषण का स्तर अधिक है। आवश्यकता है कि आने वाले समय में इस विषय को गंभीरता से लिया जाये।

# बैंकों की बढ़ती कमाई एक सुखद संकेत

**दिसंबर** तिमाही में सरकारी बैंकों ने मिलाकर उच्चतम लाभ कमाया। सभी सूचीबद्ध कंपनियों का रिकॉर्ड शुद्ध मुनाफा 44,733 करोड़ रुपये रहा। मार्च तिमाही बैंकिंग जगत के लिए और भी अच्छी रहने के आसार हैं।

पीएम मोदी ने आरबीआई के कार्यक्रम में इसका जिक्र भी किया कि एनपीए कैसे कम हो रहा है। सबसे पहले विशुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) की बात करें। यह वह अंतर है जो बैंक अपने जमाकताओं को चुकाता है और जो वह कर्जदारों से हासिल करता है। इससे मुनाफा सामने आता है। इसका आकार बैंक की परिसंपत्तियों से तय होता है। अगर कोई बैंक ज्यादा खुदरा ऋण देता है तो उसका शुद्ध ब्याज मार्जिन ऐसे बैंक से अधिक होगा जो कॉर्पोरेट ऋण पर केंद्रित रहता है। यानी केवल एनआईएम यह नहीं बताता कि बैंक की हालत कितनी अच्छी या बुरी है, इसके लिए अन्य संकेतकों की जरूरत होती है।





- टी बंधोपाध्याय

> वैश्विक मानकों के मुताबिक अधिकांश भारतीय बैंकों का एनआईएम अच्छा है और इसकी वजह है जमा की कम लागत। कर्जदारों से उच्च ब्याज दर वसूल कर इसे बढ़ाया जा सकता है। आमतौर पर असुरक्षित ऋण पर ब्याज दर अधिक होती है। ऐसे ऋण देने वाले बैंकों का एनआईएम अधिक होता है लेकिन एक बार ऐसा कर्ज फंस जाने पर वसूली आसान नहीं होती।

निजी बैंकों में बंधन बैंक का एनआईएम 7.8 फीसदी के साथ अधिकतम था। आईडीएफसी बैंक 5.9 फीसदी और कैथलिक सीरियन बैंक 5.46 फीसदी उसके बाद थे। चार बैंकों का एनआईएम 4 फीसदी से अधिक रहा: कोटक महिंद्रा बैंक (4.62 फीसदी), आरबीएल बैंक (4.34 फीसदी), एचडीएफसी बैंक और इंडसइंड बैंक (दोनों 4.1 फीसदी)। आईसीआईसीआई बैंक का एनआईएम 3.96 फीसदी है जो सितंबर 2021 के 4 फीसदी से कम है। सरकारी बैंकों में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का एनआईएम 3.77 फीसदी के साथ अधिकतम है। देश के सबसे बड़ेबैंक भारतीय स्टेट बैंक का एनआईएम 3.15 फीसदी है। कम से कम पांच और बैंकों का एनआईएम 3 फीसदी या अधिक है। ये हैं पंजाब ऐंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया वैश्विक मानकों के मुताबिक अधिकांश भारतीय बैंकों का एनआईएम अच्छा है और इसकी वजह है जमा की कम लागत। कर्जदारों से उच्च ब्याज दर वसूल कर इसे बढ़ाया जा सकता है। आमतौर पर असुरक्षित ऋण पर ब्याज दर अधिक होती है। ऐसे ऋण देने वाले बैंकों का एनआईएम अधिक होता है लेकिन एक बार ऐसा कर्ज फंस जाने पर वसूली आसान नहीं होती।

किसी बैंक में जमा के आधार पर ही मुद्रा की लागत तय होती है। भारी जमा और खुदरा सावधि जमा की लागत अधिक होती है। चालू खाते पर कोई ब्याज नहीं मिलता जबकि बचत खातों पर आमतौर पर सावधि जमा से कम ब्याज मिलता है। यकीनन नये बैंक जमाकताओं को लुभाने के लिए अधिक ब्याज देते हैं। यानी किसी बैंक में जितने ज्यादा चालू खाते और बचत खाते (सीएएसए) होंगे, जमा की लागत उतनी ही कम होगी। यही मानक है।

कोटक महिंद्रा बैंक का सीएएसएस सबसे अधिक (59.9 फीसदी) है। जम्मू ऐंड कश्मीर बैंक का (56.32 फीसदी) आईडीबीआई बैंक का (54.69 फीसदी), आईडीएफसी फर्स्ट बैंक (51.59 फीसदी), एचडीएफसी बैंक (47.1 फीसदी), बंधन बैंक (45.6 फीसदी), आईसीआईसीआई बैंक (45 फीसदी), ऐक्सिस बैंक 44 फीसदी तथा इंडसइंड बैंक में यह 42 फीसदी है। सरकारी बैंकों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का सीएएसए सबसे अधिक (55.05 फीसदी है), उसके बाद सेंट्रल बैंक (50.01 फीसदी) है। स्टेट बैंक का सीएएसए 45.74 फीसदी और पंजाब नैशनल बैंक का 45.65 फीसदी तथा बैंक ऑफ बड़ौदा का 44.28 फीसदी है। इंडियन ओवरसीज बैंक और इंडियन बैंक का सीएएसए कम से कम 40 प्रतिशत है। एनआईएम की तरह सीएएसएस भी वास्तविक कहानी नहीं बताता।

बैंक की स्थिति का एक और संकेतक प्रॉविजनिंग कवरेज अनुपात है। यानी फंसे कर्ज के निपटान के लिए कितना पैसा अलग किया गया है। आईडीबीआई बैंक का प्रॉविजनिंग कवरेज अनुपात 97.10 फीसदी के साथ सर्वाधिक है। सीएसबी का 82.95 फीसदी, जम्मू ऐंड कश्मीर बैंक का 81.57 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक का 79.9 फीसदी, येस बैंक का 79.3 फीसदी, करुर वैश्य बैंक का 78.8 फीसदी, आरबीएल बैंक का 78.6 फीसदी और धनलक्ष्मी बैंक का 77.5 फीसदी है।

सरकारी बैंकों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र 93.77 फीसदी के साथ प्रॉविजनिंग कवरेज अनुपात के मामले में सर्वोच्च है, इंडियन ओवरसीज बैंक का 92.33 फीसदी और यूको बैंक का 91.3 फीसदी है। स्टेट बैंक का प्रॉविजनिंग कवरेज अनुपात 88.32 फीसदी था। बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक और सेंट्रल बैंक में यह कम से कम 85 फीसदी है।

आईडीबीआई का फंसा हुआ कर्ज सबसे अधिक 20.56 फीसदी है। येस बैंक का 14.65 फीसदी और बंधन बैंक का 10.81 फीसदी है। दो अन्य निजी बैंक जिनका फंसा कर्ज अधिक है वे हैं जम्मू ऐंड कश्मीर बैंक (8.93 फीसदी) और करुर वैश्य बैंक (6.97 फीसदी) है। प्रॉविजनिंग के बाद आईडीबीआई का शुद्ध फंसा कर्ज केवल 1.7 फीसदी है जबकि येस बैंक और बंधन बैंक में यह क्रमशः 5.29 फीसदी और 3.01 फीसदी है। अन्य सरकारी बैंकों में सेंट्रल बैंक का फंसा कर्ज सर्वाधिक 15.16 फीसदी था। पंजाब ऐंड सिंध बैंक में यह 14.44 फीसदी, पंजाब नैशनल बैंक में 12.88 फीसदी, यूनियन बैंक में 11.62 फीसदी, बैंक ऑफ इंडिया में 10.46 फीसदी और इंडियन ओवरसीज बैंक में 10.4 फीसदी था।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात भी बैंकों की आर्थिक स्थिति का एक अच्छा संकेतक है और इस मोर्चे पर अधिकांश बैंक अच्छी स्थिति में हैं।

अगर बैंक में ऊपर वर्णित मानक सही हों तो इसका मतलब वह परिसंपत्ति पर अच्छा प्रतिफल देता है और निवेशक उसे पसंद करते हैं। ये आंकड़े दिसंबर तिमाही के हैं। मार्च में अधिकांश बैंकों का प्रदर्शन और सुधरा। अब तक सब ठीक लग रहा है। हमें यह देखने के लिए कुछ वर्ष इंतजार करना होगा कि कितने पुनर्गठित ऋण फंसते हैं और क्या कुछ बैंक ऋण वृद्धि के प्रति नये लगाव के चलते मुश्किल में आते हैं।

## खास बात

### 19 साल की लिविया वोइगट धनवानों की सूची में

**सुधांशु कुमार**

19 साल की लिविया वोइगट बनीं दुनिया की सबसे कम उम्र की अरबपति, क्लेमेंटे डेल वेक्किओ दूसरे स्थान पर, निखिल कामथ भारत के सबसे युवा अरबपति

2024 में, ब्राजील की 19 वर्षीय छात्रा लिविया वोइगट, फोर्ब्स बिलियनेयर्स लिस्ट के अनुसार सबसे कम उम्र की अरबपति बन गईं, उन्होंने इटली के क्लेमेंटे डेल वेक्किओ को पीछे छोड़ दिया, जो उनसे 2 महीने बड़े हैं।

**कौन हैं लिविया वोइगट?**

लिविया वोइगट को अपने दादाजी से विरासत में लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े विद्युत मोटर निमार्ताओं में से एक, हएत्रृ में एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी मिली। हएत्रृ की स्थापना में लिविया के दादाजी ने मदद की थी। इस विरासत के कारण, लिविया अब हएत्रृ की सबसे बड़ी व्यक्तिगत शेयरधारक बन गई हैं।

फोर्ब्स के अनुसार, लिविया अभी यूनिवर्सिटी में पढ़ रही हैं और उनकी कुल संपत्ति $1.1 बिलियन है, वह दुनिया के सबसे कम उम्र की अमीर व्यक्तियों में से एक हैं। लिविया की बड़ी बहन, डोरा वोइगट डी असिस (उम्र 26 साल), भी बहुत अमीर हैं। उनकी कुल संपत्ति भी $1.1 बिलियन है। डोरा ने आर्किटेक्चर में डिग्री हासिल की है।

**कौन हैं क्लेमेंटे डेल वेक्किओ**

क्लेमेंटे डेल वेक्किओ इटली के 19 वर्षीय युवा हैं जो फोर्ब्स बिलियनेयर्स लिस्ट 2024 में दूसरे स्थान पर हैं। उनकी कुल संपत्ति $4.8 बिलियन है, जो उन्हें दुनिया का दूसरा सबसे कम उम्र का अरबपति बनाती है। क्लेमेंटे को यह संपत्ति अपने पिता लियोनार्डो डेल वेक्किओ से विरासत में मिली है, एजेलियर एक्सीटेका नामक कंपनी के मालिक थे। यह दुनिया की सबसे बड़ी चश्मा कंपनी है। लियोनार्डो डेल वेक्किओ यूरोप के सबसे धनी व्यक्तियों में से एक थे, जिनका 2022 में 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। क्लेमेंटे डेल वेक्किओ छह बच्चों में सबसे छोटे हैं। वे अपने पिता लियोनार्डो डेल वेक्किओ की तीसरी पत्नी से पैदा हुए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी चश्मा कंपनी है, जिसमें रे-बैन और ओकले जैसे प्रसिद्ध आईवियर ब्रांड शामिल हैं।

# शक्ति की जय

## धर्म-प्रवाह

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

**संपूर्ण** विश्व शक्तिमय है, इस सत्य को नकारा नहीं जा सकता। देखा जाये तो सृजन, पालन और विसर्जन, ये तीनों तत्व ही मिलकर हमें सृष्टि की संपूर्णता का बोध कराते हैं।

प्राचीन भारतीय संस्कृति में सृजन के लिए ब्रह्मा, पालन के लिए विष्णु और संहार के जिए महेश यानी शिव को देव माना गया है। ब्रह्मा के साथ ही मां महासरस्वती, विष्णु के साथ महालक्ष्मी और शिव के साथ महाकाली जुड़ी हुई हैं। मूल रूप से इन सभी शक्तियों का स्वरूप एक ही है, वह है शक्ति और शौर्य की प्रतीक मां दुर्गा।

ऋग्वेद के देवी व रात्रि सूक्त में, सामवेद के रात्रि सूक्त में और वैदिक काल में शक्ति चेतन की सत्ता की स्थापना का विशद विवेचन किया गया है। ऋग्वेद में भुवनेश्वरी देवी को कई नामों से संबोधित किया गया है। जैसे- विश्व दुर्गा, सिंधु दुर्गा, अग्नि दुर्गा आदि। मातृका देवी को अंबिका भी कहा जाता था। मत्स्य पुराण में दुर्गा को दस भुजाओं वाली, जबकि अग्नि पुराण में बीस भुजाओं वाली देवी का वर्णन मिलता है। कुषाण काल के आते-आते दुर्गा का सिंह पर सवार देवी स्वरूप प्रतिष्ठित हो चुका था। उस समय उनकी कांस्य प्रतिमाएं भी निर्मित होने लगीं थीं। दुर्गा के उग्र और शांत दोनों स्वरूप देखने को मिलते हैं। शांत स्वरूप में दुर्गा के उमा, उषा, गौरी, अम्बिका और उग्र रौद्र रूप में महाकाली, चंडिका, महादुर्गा और महिषासुर मर्दिनी आदि नामों का वर्णन मिलता है।

**भारतीय** सनातन संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे धर्म संस्थापक सिद्धपुरुष, साहस और पराक्रम की प्रतिमूर्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

**कुछ** अपरिहार्य कारणों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस के इस महत्वपूर्ण मौके पर आपके साथ नहीं हूं, लेकिन वहाँ ना होते हुए भी, हर पल आपके साथ हूँ। झारखंड राज्य आंदोलन के समय से ही हजारीबाग झामुमो का एक प्रमुख गढ़ रहा है। **– चंपई सोरेने, सीएम**





**एक** तरफ विकास के पथ पर बिहार को तेजी से आगे ले जाने में जुटी एनडीए सरकार है, तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो राज्य को लालटेन युग में ही रखना चाहते हैं।

**– नरेन्द्र मोदी**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### नयी सोच बने

**बाढ़** से प्रति वर्ष देश में जान-माल की बड़ी क्षति होती है। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या से प्राकृतिक असंतुलन है, जिसके लिए पेड़-पौधों, नदी, नहरों, नालों और तालाबों आदि के उचित प्रबंधन की जरूरत है। वर्तमान में इनकी सफाई नहीं हो पा रही है। वहीं लोगों द्वारा अतिक्रमण होने के साथ ये गंदगी, गाद और मिट्टी से बुरी तरह अटी पड़ी हैं।

**– शक्तिधर पाण्डेय, गढ़वा**

### परिवारवाद से मुक्त हो

**दशकों** का इतिहास बताता है कि वह गांधी नेहरू परिवार के सदस्य या उनके प्रतिनिधि को ही स्थायित्व मिल पाता है। यद्यपि परिवार के सहमति बिना भी कई प्रभावशाली लोग अध्यक्ष बने किंतु वे टिक नहीं पाए। जिस पार्टी की बुनियाद परिवारवाद पर टिकी हो उसका नेतृत्व लोकतांत्रिक रूप से गठन करना मुश्किल है। अब कांग्रेस जनता भरोसे है और जनता कांग्रेस पर भरोसा नहीं करती।

**- दिव्यांश, कोडरमा**

# दुनिया एक अघोषित युद्ध लड़ रही है प्रदूषण के खिलाफ

**डॉ सत्यभान सौरभ**

**हमने** देख लिए है कि सिर्फ अदालती आदेशों के भरोसे हम इस समस्या से नहीं लड़ सकते। तभी तो इस मुद्दे पर हर साल हो-हल्ला होता है. इसके बावजूद भी ये समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। मात्र पराली इस समस्या की जड़ नहीं है। फैक्ट्रियां, वाहन और उद्योग जहरीले हवा के लिए दोषी है। इन सभी को एक फ्रेम में देखकर हमें सभी के लिए सख्त नियम लागू करने होंगे। इसके साथ-साथ हम सभी स्वयं जागरूक होने की जरूरत हो। तभी हम प्रदूषण के विरुद्ध इस युद्ध को जीत पाएंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी दिल्ली में 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ ' अभियान शुरू कर दिया है। यह प्रदूषण से निपटने के लिए चलाए जा रहे 'युद्ध, प्रदूषण के विरुद्ध अभियान का एक हिस्सा है। हम सभी रेड लाइट पर अपने वाहन बंद करने का संकल्प लें. हर एक व्यक्ति का प्रयास प्रदूषण को कम करने में योगदान देगा। दिल्ली में 13 हॉटस्पॉट की पहचान की गई है। हर हॉटस्पॉट के लिए अलग योजना बनाई जाएगी। दिल्ली सरकार एक 'ग्रीन दिल्ली' ऐप भी लॉन्च करेगी। इस पर कोई भी प्रदूषण को लेकर शिकायत कर सकता है। सरकार ट्री प्लांटेशन पॉलिसी भी ला रही है। इसके तहत पेड़ काटने के बदले 10 नए पौधे लगाने के साथ ही काटे जानेवाले 80 प्रतिशत पेड़ों को ट्रांसप्लांट करना होगा।

अब दिल्ली को ढट2.5 के लिए राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए

## समस्या

65% की कमी की आवश्यकता है। दिल्ली की जहरीली हवा में सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड की उच्च मात्रा भी होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने अक्टूबर 2018 में एक शोध पत्र प्रकाशित किया, जिसमें लगभग 41% वाहन उत्सर्जन, 21.5% धूल और 18% उद्योगों को शामिल किया गया।

डब्ल्यूएचओ के एक सर्वे के अनुसार, भारत में सांस की बीमारियों और अस्थमा से दुनिया की सबसे अधिक मृत्यु दर है। वायु प्रदूषण कम दृश्यता, एसिड वर्षा और ट्रोपोस्फेरिक स्तर पर पर्यावरण को प्रभावित करता है। दिल्ली सरकार ने हाल ही में एक बड़ा प्रदूषण-विरोधी अभियान शुरू किया है, यह प्रदूषण के विरुद्ध पेड़ प्रत्यारोपण नीति, कनॉट प्लेस (दिल्ली) में एक स्मॉग टॉवर का निर्माण, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और मलबे को जलाने को लेकर है।

हमें अब उत्सर्जन नियंत्रणों और कठिन दंड लगाने की जरूरत है। बीजिंग ने दोपहिया और तिपहिया वाहन कारों और लॉरी को बंद करके ही ऐसा किया। बैंकॉक ने उत्सर्जन में कटौती और रखरखाव को गति दी। इसलिए दिल्ली में बेहतर बीआरटी लेन को डिजाइन करने, टिकट प्रणाली में सुधार और मेट्रो के साथ सिंक्रनाइज करने के अपने बीआरटी अनुभव से सबक लेना चाहिए। दिल्ली के बस बेड़े को बढ़ाने और इसे मेट्रो नेटवर्क के साथ संरेखित करने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को पूरा करना चाहिए। इसमें ऑड-ईवन ह्लनंबर प्लेट नीति मदद कर सकती है, लेकिन सिस्टम को छूट कम करनी चाहिए।

2025 तक एक-चौथाई से एक-तिहाई वायु प्रदूषण में कटौती करने का एजेंडा है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को बढ़ावा देना शामिल हैं। इसके लिए सब्सिडी और निवेश की आवश्यकता होगी कि ईवीएस का उपयोग बिना जीवाश्म ईंधन के उन्हें चार्ज करने के लिए सार्थक पैमाने पर किया जाये। दिल्ली सरकार की तीन साल की नीति का लक्ष्य 2024 तक राजधानी में पंजीकृत नए वाहनों के एक चौथाई के लिए ईवीएस खाता बनाना है। ईवी को प्रोत्साहन, पुराने वाहनों पर लाभ, अनुकूल ब्याज पर ऋण और सड़क करों की छूट से लाभ होगा।

# कांग्रेस को जनाधार युक्त नेताओं की जरूरत

राजनीतिक दलों को सलाह देने वाले पेशेवर सलाहकार प्रशांत किशोर ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक कार्य योजना सुझायी है। जिसके माध्यम से कांग्रेस का जनाधार मजबूत हो सकता है। सोनिया गांधी से प्रशांत किशोर की चर्चा के दौरान पार्टी के बड़े नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे। चिंतन शिविर के माध्यम से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रशांत किशोर के प्लान पर भी चर्चा करवा कर उसको पारित करवाएंगी ताकि भविष्य में प्रशांत किशोर का प्लान यदि फेल हो जाता है तो भी पार्टी अध्यक्ष पर अंगुली नहीं उठ पाए।

इससे पूर्व प्रशांत किशोर 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में राहुल गांधी के साथ काम कर चुके हैं। उस दौरान उनकी सलाह पर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा जगह-जगह खाट सभाओं का आयोजन करवाया गया था। जिस पर पार्टी का करोड़ों रुपया खर्च हो गया था। मगर परिणाम में पार्टी 403 में से मात्र 7 सीटों पर ही जीत पाई थी। उसके बाद प्रशांत किशोर राहुल गांधी से अलग हो गए थे। आज कांग्रेस पार्टी के समक्ष सबसे बड़ी समस्या अपने गिरते जनाधार को रोकने की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे। उस समय कांग्रेस पार्टी की देश के एक दर्जन से अधिक प्रदेशों में सरकार चल रही थी। मगर धीरे-धीरे करके प्रदेशों में चुनाव हारने के चलते आज कांग्रेस पार्टी की

## सामयिक

सिर्फ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही सरकार बची है। महाराष्ट्र व झारखंड में कांग्रेस पार्टी एक सहयोगी के रूप में सरकार में शामिल है। पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी कुछ विशेष नहीं कर पाई। पंजाब जहां चुनाव से पहले कांग्रेस की सरकार चल रही थी। वहां भी पार्टी चुनाव हार कर एक चौथाई सीटों पर ही सिमट गई। पंजाब में पार्टी अपने ही बड़े नेताओं की कलह की शिकार हो गई। चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को पद से हटाना पार्टी को भारी पड़ गया। कैप्टन के स्थान पर मुख्यमंत्री बनाए गए चरणजीत सिंह चन्नी दोनो विधानसभा सीटों से व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव हार गए। पार्टी के अधिकांश बड़े नेता चुनाव नहीं जीत पाए थे। चुनाव के बाद पार्टी ने विधायक दल का नेता व प्रदेश अध्यक्ष पद पर नए लोगों को बैठा दिय। उसके उपरांत भी पार्टी में खींचतान वैसे ही चल रही है। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री के दावेदार हरीश रावत इस बार फिर चुनाव हार गए। वहां कांग्रेस मात्र 19 सीटें ही जीत सकी है। पार्टी में नए प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता के मनोनयन के बाद तो आपसी कलह खुलकर सड़कों पर आ गई है। कई विधायकों ने पार्टी छोड़ने तक की धमकी दे दी है। पंजाब में कांग्रेस की लुटिया डुबोने में सबसे बड़ा हाथ हरीश रावत का रहा था। उन्होंने ही उत्तराखंड में भी कांग्रेस का सफाया करवा दिया। उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर एक इतिहास रचा है।

जबकि कांग्रेस को सबसे अधिक आस उत्तराखंड में ही सरकार बनाने की थी। मगर पार्टी नेताओं की आपसी कलह के चलते कांग्रेस ने अवसर गंवा दिया था। गोवा और मणिपुर में भी कांग्रेस कुछ खास नहीं कर पाई। गोवा में कांग्रेस को 11 सीटें मिलीं वहीं मणिपुर में तो कांग्रेस की सीटों की संख्या 28 से घटकर 5 रह गई।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## भाजपा नेता शिवनाथ तिग्गा का निधन

**इटकी।** भाजपा नेता शिवनाथ तिग्गा के गुरुवार को आकस्मिक निधन हो जाने पर इटकी भाजपा मंडल द्वारा एक शोकसभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा क्षेत्र के लिए अपूणीय क्षति बताई गई। शोक सभा में मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, राजकुमार महतो, सजय महतो, राजेश्वर महतो आदि शामिल थे।

## सिकिदिरी में अवैध खनन के आरोप में एक पर केस

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के मेलघोंसा पिपराटोली निवासी महेश गन्झू पर अवैध रूप से पत्थर खनन करने के आरोप में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गुरुवार को गुप्त शिकायत पर सिल्ली डीएसपी रनवीर सिंह, डीएमओ अबू हुसैन, अनगड़ा सीओ राजु कमल थाना प्रभारी दीपक सिन्हा, सीआई रवि रमेश और जिला पुलिस बल ने संयुक्त छापामारी अभियान चला कर कार्रवाई की है। डीएमओ के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कराया गया है।

## डुगडुगी बजा कर घर में चिपकाया इस्तेहार

**पिस्कानगड़ी।** सिमडेगा महिला थाना कांड संख्या- 07/2023 के अप्राथमिकी अभियुक्त मुंतजिर अंसारी उर्फ लालू, पिता स्व हबीब अंसारी, निवासी नयासराय मठटोली टुंडुल, थाना विधानसभा ओपी नगड़ी जिला रांची के विरुद्ध सिमडेगा महिला थाना के पदाधिकारी सअनि सतेंद्र कुमार सिंह ने सरपंच करुणा देवी एवम वार्ड पार्षद अनवरी खातून तथा विधानसभा के पुलिस पदाधिकारी आरपी पासवान तथा ग्रामीण के उपस्थिति में डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया।

## रामनवमी धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के लपरा शिव मंदिर में चैती दुर्गा पूजा सह रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता दौलत राम शर्मा व मंच संचालन सुबोध रजक ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से चैती दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक लपरा मुखिया पुतुल देवीएजितेंद्र नाथ पांडेय मधुसूदन चौरसिया गणेश गुप्ता रूपेश चौरसिया अध्यक्ष अविनाश कुमार पांडेय शैलेन्द्र गिरि कल्याण सिंह रामसेववक प्रसाद मनोज गिरि उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव रौशन लोहरा प्रदीप यादव सचिव गौरव पांडेय उपसचिव मनीष गिरि अभिषेक पांडेय बसंत शर्मा कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता उपकोषाध्यक्ष सुनील गिरि कार्यकारी सदस्य राजेश यादव मुकेश यादव छोटू मुंडा प्रशांत गिरी को बनाया गया।

## चान्हो में सरहुल शोभा यात्रा को लेकर बैठक



**चान्हो।** सरना स्थल मैदान में गुरुवार को आगामी सरहुल पर्व की शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर केंद्रीय सरना समिति चान्हो की बैठक समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण टाना भगत की अगुवाई में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के चान्हो एवं कुडू से आने वाले सभी खोड़हा में 5 से 10 वॉलिंटियर तैनात करेंगे जो यातायात और विधि व्यवस्था में पुलिस और आयोजन समिति की मदद करेंगे। बताया गया कि पूर्वी क्षेत्र से आने वाली जुलुस ओपाए पश्चिम से आने वाले जुलुस पाटुक चौक, उत्तर दिशा से आने वाली जुलूस रामनवमी मैदान तथा दक्षिण से आने वाली जुलुस चान्हो सरना स्थल में खोड़हा के साथ मिलन करेंगे। जुलूस में आधुनिक साउंड सिस्टम के साथ ही अपने पारंपरिक गाजा बाजा के साथ शामिल होने की अपील की गई है। बताया गया कि तैयारी को अगली विस्तृत बैठक आगामी 7 अप्रैल को होगी।

# गजराज ने झोपड़ी ध्वस्त कर खा गया चावल, दंपत्ति की बची जान

**दहशत में ग्रामीण**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड स्थित जरिया नहरटोली गांव में गुरुवार की अहले सुबह करीब चार बजे दो जंगली हाथियों ने उत्पात मचाते हुए चंदरू गोप के झोपड़ीनुमा घर को ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर के अंदर रखे चावलए मुरही और पशुओं का चोकर को खाकर और छींटकर बर्बाद कर दिया। गनीमत रहा कि झोपड़ी में सो रहे पति चंदरू गोप व पत्नी नीलू देवी के होश उस समय उड़ गए जब एक जंगली हाथी ने अपना अगला बांया पांव और सूंढ़ झोपड़ी के अंदर रख दिया। इसके बाद जंगली हाथी ने घर में रखे चावल एमुरही और पशुओं के चारा को सूंढ़ से खींचकर बाहर निकाला। इसी बीच जंगली हाथी के सिर व पीठ से झोपड़ी का छप्पर चरमराकर टूटने लगा। जिससे छप्पर के एस्बेस्टस भी टूटकर चकनाचूर हो गए। इस आवाज को सुनकर व झोपड़ी के अंदर जंगली हाथी के रौद्र रूप रूप को देखकर सोए हुए दंपति के होश उड़ गए। इसके वावजूद अपने प्राण बचाने के लिए चंदरू गोप ने छप्पर को उखाड़ा और स्वयं बाहर निकल कर अपनी पत्नी को बांस बल्ली पर चढ़कर खींचने लगा। इस दौरान वह जख्मी भी हो गया। इस दौरान जंगली हाथी भी इन्हें सूंढ़ से पकड़ने के लिए प्रयास करता रहा। इसके वावजूद वह मौत का परवाह किए बगैर अपनी पत्नी का साथ नहीं छोड़ा। अंततः उसने पूरी ताकत से पकड़कर अपनी पत्नी को बाहर निकालने में कामयाब हो गया। इसके बाद वे दोनों बेतहाशा भाग खड़े हुए। वहीं कुछ दूर जाकर इन्होंने बचाने की आवाज लगाई। साथ ही गांव में जंगली हाथी के आने की बात बताई। इधर जान के बचने पर दंपति ने ईश्वर को दुहाई दी है। इसके बाद अंधेरे में ही कुछ ग्रामीण उनकी आवाज सुनकर घर से बाहर निकले। साथ ही जंगली हाथियों को सूर्योदय से पूर्व जामटोली पहाड़ की ओर खदेड़ दिया। इसके बाद घायल चंदरू गोप को ग्रामीणों ने उपचार के लिए बेड़ो पहुंचाया।

## इटकी : हाथियों के झुंड ने गन्ने की खेती को रौंद डाला

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। बुधवार रात प्रखंड के गढ़गांव चचगुरा में चार जंगली हाथियों के झुंड ने पांच घंटे तक भारी उत्पात मचाते हुए गन्ने की खेती को भारी नुकसान पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार जंगली हाथियों ने रात करीब नौ बजे जंगल से निकलकर गढ़गांव पावरग्रिड के समीप स्थित गन्ने की खेत पहुंच कर गन्ने को अपना आहार बनाया व रौंद कर बर्बाद कर दिया। करीब 11 बजे ग्रामीणों को जानकारी मिलने के बाद मशाल, बम पटाखे लेकर ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद जंगली हाथी को एनएच 23 रांची गुमला सड़क के पार गढ़गांव जुमरा की ओर खदेड़ दिया गया। जंगली हाथियों ने संजय साहू के ढेड़ एकड़ खेत मे लगी गन्ने की खेती और गेहूं को अपना आहार बनाया और पैरों से रौंद कर भारी नुकसान पहुंचाया। वहीं अजय साहू के खेत में लगे आलू और गन्ने की खेती को बर्बाद कर दिया। जंगली हाथियों ने विजय साहू के खेतों में लगी मिर्च, खीरा, टमाटर को भी नुकसान पहुंचाया है। वहीं अमृत साहू के चाहरदीवारी को कई जगहों पर तोड़ दिया है। ग्रामीणों के अनुसार करीब साढ़े चार बजे दो जंगली हाथी जंगल की ओर लौट गए है।और दो जंगली हाथी अभी भी पॉवर ग्रिड स्थित गढ़गांव जुमरा पतरा में हैं।

## महावीर मंडल ऊपर टोला बूटी के अध्यक्ष बने कुणाल महतो

**रामनवमी पूजा को लेकर कमेटी गठित**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महावीर मंडल, ऊपर टोला, बूटी मंदिर प्रांगण में रामनवमी झंडा मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए जयनाथ महतो की अध्यक्षता में बुधवार देर रात एक बैठक हुई। इसमें रामनवमी पूजा को सफल बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में कुणाल महतो को अध्यक्ष, राजन कुमार उपाध्यक्ष, सोनू ठाकुर, कृष्णा महतो कोषाध्यक्ष, उमेश महतो सचिव, विष्णु महतो उपसचिव, हेमंत कुमार, विजय महतो, रूपेश महतो, रौनक कुमार सभी संगठन मंत्री एवं महेंद्र महतो, बाल कृष्णा महतो, संदीप कुमार, काशीनाथ महतो, जगन्नाथ महतो, पुरुषोत्तम कुमार, बालजोगेश्वर महतो एवं आनंद ठाकुर सभी को संरक्षक बनाया गया है।

# दलालों ने रैयतों को पीटा, घायल

**चामा गांव में हुई घटना, पीड़ितों ने थाना में दिया आवेदन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** थाना क्षेत्र के चामा गांव के चामा चौरा स्थित जमीन पर गुरुवार सुबह 8 बजे जमीन रैयतों के साथ जमीन दलाल कमलेश कुमार और उनके साथियों ने जमकर मारपीट की। मारपीट से ग्राम बुकरू कांके निवासी 42 वर्ष संजय साहू और 33 बर्षीय विफल टोप्पो घायल हो गए। संजय साहू को सिर गर्दन पीठ और पैर में चोटे आई हैं। जबकि विफल टोप्पो को दाएं जांघ पर चोट लगी है। इन दोनों को हमलावरों ने लाठी और रड से मारकर घायल कर दिया था। इनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके में हुआ। वही प्रवेश साहू को बोलेरो वाहन में बैठाकर ले जाने का प्रयास किया। इन लोगों के साथ गए रवि उरांव के ओप्पो मोबाइल भी छीनकर हमलावर लेते गए। इस पर दो सिम भी लगा हुआ था। संजय साहू ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर जब गांव वाले जुटने लगे तो हमलावर बोलेरो वाहन पर बैठकर फरार हो गए। इस संबंध में कांके थाना में संजय साहू ने प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है। इन्होंने दिए आवेदन में कहा है कि चामा गांव स्थित हम लोगों की खाता 89 और खाता संख्या 46 में हम लोगों की लगभग डेढ़ एकड़ जमीन है। इस पर जमीन दलाल कमलेश कुमार कांके अंचल कार्यालय की मदद से फर्जी कागजात बनाकर हम लोगों की पुश्तैनी जमीन को बलपूर्वक कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे।

**जमीन पर गये तो कर दिया हमला**



सूचना मिलने पर गुरुवार को हम लोग सुबह 8 बजे पहुंचे। तो वहां कार्य कर रहे कमलेश कुमार और उनके साथ आए तीन से चार लड़कों ने हम लोगों पर अचानक हमला बोल दिया। मारपीट से हम लोग घायल हो गए कमलेश कुमार चामा मौजा के कई खाता और प्लाट की जमीन पर फर्जी कागजात के सहारे अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। इन जमीनों पर जमीन कब्जा करने वाले महिला और पुरुष गैंग दल जिनकी संख्या 40 से 50 रहती है को हरवे हथियार के साथ रखकर लगातार चाहरदीवारी और नींव खुदाई का कार्य कर रहा है। पीड़ितों ने अपने दिए आवेदन में जमीन और जानमाल की सुरक्षा की गुहार का कांके थाना प्रभारी से लगाई है।

## नेहालु के रोगो गांव में सरहुल जुलूस सह मिलन समारोह



**प्रकृति पर्व**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहाल पंचायत अंतर्गत रोगो गांव में गुरुवार को सरहुल जुलूस सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां समारोह के दौरान मुखिया वीरेन्द्र भगत ने लोगों को सरहुल की शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि सरहुल प्राकृतिक पूजा का महापर्व है हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए और प्राकृतिक भाषा-संस्कृतिक रीति-रिवाज को बचाके रखना बहुत जरुरी है। इस अवसर पर बुद्धिजीवी वर्गों ने भी अपने विचार रखे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धनेश्वर लकड़ा सीमोन उरांव बिशेश्वर उरांव ममता कुमारी अकाश कुमार टाइगर उरांव पंकज उरांव बबलू उरांव का सराहनीय योगदान रहा।

**एक नजर में**

## मांडर : दिल का दौरा पड़ने से वरिष्ठ भाजपा नेता का निधन



**मांडर।** वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनाथ तिग्गा की मौत गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गई। प्रखंड के मलटोटी गांव स्थित अपने आवास में सुबह स्नान करने बाथरूम गए और काफी देर तक नहीं निकले तो उनका भांजा ईशान देखा कि वे फर्श पर गिरे पड़े हैं। परिजने ने उन्हें तत्काल रातू स्थित मादी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका राजनीतिक जीवन 25 वर्षों पूर्व शुरू हुआ था। शुरूआत आजसू पार्टी से की थी। वे आजसू के प्रखंड अध्यक्ष के साथ मांडर के विधानसभा प्रभारी भी रह चुके थे। उन्होंने 2014 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मांडर विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था और 2016 में भाजपा में शामिल हो गये थे। उनके असामयिक मौत की सूचना मिलने पर हटिया विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो सहित अन्य लोगों ने घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मांडर विधानसभा में उनकी छवि साफ सुथरा और बहुत ही अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में देखा जाता था।

## खलारी के विश्वनाथ गंझू झापा में शामिल



**खलारी।** खलारी निवासी सह बीएसपी के पूर्व प्रदेश सचिव विश्वनाथ गंझु झारखंड पार्टी में शामिल हो गए। विश्वनाथ गंझु अपने समर्थकों के साथ रांची में झारखंड पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का एव प्रधान महासचिव अशोक भगत ने माला पहनाकर स्वागत किया। एनोस एक्का एव अशोक भगत ने कहा कि पार्टी के नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर लोग जुड़ रहे हैं। वही विश्वनाथ गंझु ने कहा कि झारखंड पार्टी ही माटी की पार्टी है, इसलिए वे पार्टी में शामिल हुए हैं। झारखंड पार्टी के नेतृत्व में ही झारखंड का विकास हो सकता है।

## बेड़ो : डीएवी विवेकानंद में नया सत्र शुरू




**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में गुरुवार को सरस्वती वंदना के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमारए सचिव श्रवण कुमार व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कर मां सरस्वती से बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना किया। साथ ही बच्चों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों को नए सत्र में लक्ष्य का निर्धारण कर पढ़ने को कहा। उन्होंने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन अपने मां पिताजी के चरण छूकर स्कूल आएं। मां पिताजी और शिक्षकों के मार्गदर्शन व सानिध्य में रहें और आदर करें।

## ग्रामीणों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता घटवार स्मृति मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मुरी।** आगामी 4 अप्रैल को सिल्ली प्रखंड के सुदूर ग्रामीण पंचायत गोड़ाडीह के खेर बेरा में स्वर्गीय रामदास धटवार की पुण्यतिथि पर स्वर्गीय रामदास स्मृति मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले को लगाने का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को उभरने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इसके उद्देश्य के पीछे स्वर्गीय रामदास घटवार की जीवनी पर आधारित आदर्शए ग्रामीणों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है। स्व रामदास घटवार गरीब घर में जन्म लेते हुए भी उन्हें गांव के ही छोटे.छोटे बच्चों को लेकर शिक्षा देने का काम किया और अपने खर्चे को चलाने के लिए शहनाईएढोलक एबादक को घर पर ही बनाया करते थे इसके अलावा उन्होंने अपने मामा जी के पास रहकर शिल्प कला का जानकारी ली। वहीं पर रहकर उन्होंने छौ नृत्य का भी प्रशिक्षण लिया और इस नृत्य को करने भी लगे और लोगों को प्रशिक्षण भी देने का काम किया। इस क्षेत्र में स्वर्गीय रामदास धटवार को छौ नृत्य का उस्ताद भी माना जाता है। काफी संघर्षपूर्ण जीवनी को लेकर ग्रामीण हर एक साल उनके पुण्यतिथि पर खेलकूदए सांस्कृतिक कार्यक्रम काफी श्रद्धा पूर्वक मनाते आ रहे हैं ।आज स्वर्गीय रामदास घटवार के सभी कार्यों को एवं उनके सभी सपनों को उनके सुपुत्र मुरलीधर घटवार के कंधे पर लेकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं।

## आजसू पार्टी के बलिदान की देन है झारखंड

**चूल्हा प्रभारी बनाने का ग्राम प्रभारियों को दिया निर्देश**



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** आजसू पार्टी की एक बैठक हाहाप पंचायत प्रभारी मनोज गंझू एवं सरिता देवी की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि झारखण्ड राज्य स्वाभाविक या विरासत में मिली हुई नहीं है ये राज्य आजसू पार्टी के त्याग एवं बलिदान की देन है। आजसू पार्टी माटी की पार्टी है अगर राज्य में आजसू पार्टी को नेतृत्व का मौका मिला तो निश्चित रूप से राज्य के सर्वांगीण विकास हो सकता है। इस बीच ग्राम प्रभारियों का चुनाव करके सभी ग्राम प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि ग्राम प्रभारी अपने अपने ग्राम मे चूल्हा प्रमुख बनाएं एवं दस तारीख से पहले सूची उपलब्ध करा दें। इस बीच कांग्रेस में गए निकोलस मुंडा फिर से दर्जनों कार्यकर्ता के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा सभी कार्यकताओं को आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह जी आजसू पार्टी का पटा पहनाकर सम्मानित किया जिसमें मुख्य रूप से मार्शल पाहन राम मुंडा बगुन मुंडा चामा पाहन जगरनाथ पाहन सुरेश स्वांसी कड़िया पाहन जगदीश महतो मुक्ता देवी रुक्मणि देवी अंजली कुमारी सलगी कुमारी मोसो पाहन सहेबराम मुंडा अनिता देवी सहित दर्जनों से ज्यादा लोग शामिल हुए।

# हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के पारबारीडीह ओरमांझी में श्रीश्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरूवार को क्षेत्र की 251 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। बाजेगाजे व हनुमान पताका के साथ निकली कलश यात्रा में शामिल लोग जय श्रीराम व जय हनुमान की जयकारा लगा रहे थें। यज्ञाचार्य पंडित धनंजय मिश्रा द्वारा विधिवत मत्रोचारण कर कलश में जल भरवाया गया। कलश यात्रा में सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य सरिता देवी, राजेंद्र महतो, नरेश महतो, कलेष्वर महतो, वीरेंद्र महतो, संजय महतो, बीरबल महतो, फूलचंद महतो, सोहद महतो, नबुलाल प्रजापति, दयाल महतो, ललिता देवी, भोला महतो, सुजाता देवी, पन्नालाल महतो व सीता देवी सहित क्षेत्र के महिलाएं व भक्तगण शामिल थे।

# आदर्श आचार संहिता पर रहेगी पैनी नजर

**लोकसभा चुनाव**

**सहायक निर्वाचक पदाधिकारी और सेक्टर ऑफिसर की बैठक**



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड मुख्यालय सभागर में गुरुवार को सहायक निर्वाचक पदाधिकरी सीओ नीतिन शिवम गुप्ता द्वारा अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के सभी सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बताया गया कि ओरमांझी प्रखंड में कुल 89 बूथ हैं। जिसके लिए 15 कलस्टर बनाए गए हैं। कई सेक्टर ऑफिसरों ने प्रखंड के विभिन्न बूथों की सुविधा व कमियों से अवगत कराया। वहीं सहायक निर्वाचक पदाधिकारी ने बैठक में प्रखंड के सभी बूथों में मतदाताओं की सुविधा विशेषकर पानी, बिजली व टॉयलेट (एएमएफ) जैसी अन्य सुविधाओं की जांच कर, जल्द जांच प्रतिवेदन जमा करने व सारी सुविधा जल्द बहाल कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आदर्श आचार संहित पर विशेष नजर रखने व उलंखन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। बताया गया कि लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए ओरमांझी प्रखंड के सभी बूथ के लिए 15 कलस्टर बनाए गए हैं। सभी कलस्टर के लिए अलग-अलग आफिसर व पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बैठक में बीडीओ विजय कुमार, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह व सभी कलस्टर के आफिसर व पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रखंड कर्मी आदि उपस्थित थे।स

## विशु शिकार हमारी सांस्कृतिक पहचान : राम नारायण भगत



**हुंटार जंगल में ग्रामीणों ने किया विशु शिकार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** 21 पड़हा राजा कुल्ली पूर्वी मदन कुमार लकड़ा के नेतृत्व में विशु शिकार पर निकले ग्रामीणों का दल गुरुवार को बेड़ो प्रखंड का हुंटार गांव पहुंचा। वहीं हुंटार जंगल में ग्रामीणों ने जनजातीय सामाजिक व सांस्कृतिक परंपरा का रस्म पूरा किया। इसके बाद यह समाप्त हो गया। विशु शिकार का समापन कार्यक्रम में समाज के अगुवा राम नारायण भगत ने कहा कि विशु शिकार सदियों से हमारा सामाजिक व सांस्कृतिक परंपरा रहा है। फगुआ कटने के बाद आदिवासी समाज के लोग एकजुट होकर विशु शिकार के लिए निकलते हैं। साथ ही रात को जंगल में ही रुकते हैं और शिकार का रस्म निभाकर अपने गांव लौट जाते हैं। हमें इस परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखना होगा। यह एकता और अखंडता की प्रतीक भी है। वहीं मौके पर 21 पड़हा राजा मदन कुमार लकड़ा अनिल उरांव मटनु उरांव परनु उरांव बंधु उरांव व कुल्ली गांव के पहानए पुजार महतो कोटवार व पईनभरा समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

AFFIDAVIT

I, Jemimah Rohatgi w/o shivaksh Rohatgi, Resident of Rohatgi Abode, LN Mishra Colony, Above Gymshala, Itki Bajra Road, Hehal, Ranchi (Jharkhand) 834005 do hereby solemnly affirm and declare as follows-(1) That I am Citizen of India and am living at my above mentioned address.(2) That my name Jemimah Rohatgi is also known as JEMIMAH NAGARANI M in educational documents of Karnataka Secondary Education vide No. KAS28992, Jemimah N Murugesan in my marriage certificate vide Certificato No. 176/2021.(3) That Jemimah Rohatgi, Jemimah Nagarani M, Jemimah N Murugesan, all names are the same and one person which is my name.(4) That my all information furnished above by me are true, I shall be fully responsible for any kind of wrong.(5) That all statement said in Affidavit No. 643/26/07/2023 holds true.Sworn and signed this Affidavit at Ranchi on 26/07/2023.The deponent who has been Identified by SHRI Rakesh Ram (Advocate) Ranchi.

# झामुमो ने चाचा नलीन सोरेन को प्रत्याशी बनाया, उनसे भी जीत का आशीर्वाद लूंगी : सीता सोरेन

**बाबा का झामुमों में कुछ नहीं है चलती, पार्टी का कमान उनके हाथ में होता तो कभी पार्टी नहीं छोड़ती**





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दुमका लोकसभा से झामुमो के प्रत्याशी नलिन सोरेन को बनाए जाने पर भाजपा से उम्मीदवार सीता सोरेन ने कहा कि वो मेरे चाचा है। उनसे भी आशीर्वाद लेकर जीत की कामना करूंगी। उक्त बातें दुमका भाजपा जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता कर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कही। उन्होंने कहा कि आप सभी बहुत इंतजार कर रहे थे कि झामुमों का दुमका से उम्मीदवार कौन होगा। आपलोगों के माध्यम से पता चला कि नलीन सोरेन मेरे चाचा ही उन्हें उम्मीदवार बनाया गया। वो तो मेरे चाचा है, मेरे अभिभावक रहे है, उनसे मैं जीत की आशीर्वाद लूंगी। वो भी मुझे आशीर्वाद दे, चुकी बाबा शिबू सोरेन तो मुझे आशीर्वाद देते रहते है। वो भी मुझे जीत की आशीर्वाद दें, चुकी मेरे चाचा है। बहुत अच्छा लगा उन्हें उम्मीदवार बनाया गया। सीता सोरेन ने कहा कि यहां भ्रष्टाचार हावी है। हर तरफ लूट मची है। जमीन की लूटपाट हो रही है, कोयले की तस्करी हो रही है, राज्य को खोखला कर दिया गया। राज्य के विकास से किसी को मतलब नहीं है। झामुमो के जितने भी नेता, मंत्री और कार्यकर्ता है सभी दलाल बन गए हैं। सब अपना अपना जेब गरम कर रहे हैं। सीता सोरेन ने केंद्रीय नेतृत्व का पार्टी में षामिल करने को लेकर आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही झारखंड का विकास हो सकता है, क्योंकि जिस तरह विकसित भारत के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री देश-विदेश घूम रहे हैं। उससे निश्चित रूप से विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्हीं विचारधारा से प्रभावित होकर उसने झामुमो को छोड़ भाजपा का दामन थामा है। झारखंड में जरूरत है विकास की। उन्होंने कहा कि झामुमो में रहते बहुत से ऐसे कार्य हैं। जो नहीं कर पाए उन कार्यों को पूरा करने के संकल्प के साथ उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। सीता सोरेन से एक सवाल किया गया कि अपनी कर्मभूमि और रणभूमि में आई हैं क्या गुरु जी का आशीर्वाद मिल गया? इस सवाल के जवाब में सीता ने कहा कि गुरु जी का आशीर्वाद हमेशा मिलते रहा है और मिला भी है, बात भी हुई है। सीता ने कहा कि आज के समय में गुरु जी का पार्टी में कुछ भी नहीं चलता है। अगर चलता तो उन्हें बाहर नहीं निकालना पड़ता। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के सपनों को साकार करना है। सीता सोरेन ने अपने पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की मौत की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी मौत संदेश के घेरे में है। झामुमो में रहकर कई बार मौत की जांच की मांग की। लेकिन वहां पर यह कैसा मुमकिन था। उनकी बातों को टाल दिया जाता था। उन्होंने कहा भाजपा में रहकर बोल सकती हूं की मौत की जांच होनी चाहिए। जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा। सीता सोरेन ने देवर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल में होने के सवाल पर कहा कि खुशी या गम का विषय नहीं है, बल्कि जो जैसा करेगा वैसा भरेगा। सीता सोरेन ने कहा कि दुमका लोकसभा की जनता का उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा है। झामुमों में रहते जनता जितनी उत्साहित नहीं थी। उससे ज्यादा उत्साहित है भाजपा में आने के बाद। इसलिए भारी मतों से दुमका लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने और पार्टी द्वारा दुमका लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद सीता सोरेन पहली बार दुमका पहुंची। जहां भाजपा के प्रधान चुनाव कार्यालय में सीता सोरेन का कार्यकर्त्ताओं ने जमकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी एंव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सभी मंडल अध्यक्ष, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, चुनाव संचालन समिति, कोर कमेटी सदस्य, कार्यकर्ता शामिल थे।

## राजनीतिक लड़ाई में सीता सोरेन को करारी पठकनी देंगे : नलीन सोरेन



दुमका। संथाल परगना का मुख्यालय दुमका लोकसभा सीट कई मायनों में झारखंड की राजनीति की दशा-दिशा तय करती है। यही कारण है कि झामुमो और भाजपा दुमका फतह करना चाहते हैं। चुनाव की तिथि घोषित हो चुकी है। दुमका से भाजपा ने शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद से ही दुमका सीट हॉट सीट में बन गई है। वही आज झामुमो ने भी अपने उम्मीदवारों का पहला सूची जारी कर दिया है जिसमें दुमका लोकसभा सीट से शिकारीपाड़ा से विधायक रहे नलिन सोरेन को झामुमो ने दुमका लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। झामुमो और भाजपा के प्रत्याशी घोषित होने के बाद जुबानी जंग अब तेज हो गई है। जहां एक तरफ भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि उनकी जीत सुनिश्चित बताते हुए कहा कि विपक्ष में नलिन सोरेन उनके चाचा है और जीत के लिए उनके पास आशीर्वाद भी लेने के लिए जाएगी। वही झामुमो से प्रत्याशी बनाए गए नलीन सोरेन ने कहा कि राजनीतिक लड़ाई में सीता सोरेन को वह करारी पठकनी देंगे। वही पारिवारिक तौर पर उन्हें वह पुत्र वधू के तौर पर मानते हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा का दाव सीता सोरेन पर सही साबित होता है या फिर नलिन सोरेन दुमका से जीतकर लोकसभा पहुंचते हैं।

## एक नजर में

### रामनवमी कमेटी की गठन को लेकर बैठक सम्पन्न



बेरमो/जारंगडीह। बीते शाम जारंगडीह दक्षिणी पंचायत स्थित महावीर मंदिर के प्रांगण में जारंगडीह बाबु क्वार्टर, जारंगडीह 16 नंबर, जारंगडीह भुईयां पट्टी के लोगो के बीच रामनवमी की तैयारी व कमेटी की गठन को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे सर्व सम्मति से अर्जुन भुईयां को कमेटी के अध्यक्ष गोबिंद भुईयां को सचिव तथा बॉबी भुईयां को कोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि कमेटी के अन्य सदस्यों के रुप में महेश भूईयां, सुदेश भूईयां, छोटू भुईयां, पप्पू भुईयां, नारायण भूईयां, जुगनू भुईयां, विक्की भुईयां, राहुल भुईयां, सुरज कुमार, भागीरथ भूईयां गोलू भुईयां, नरेश भुईयां, सुधिर लाल, दिपक भुईयां कुनाल कुमार, अशोक सोनार, बबलू भुईयां श्रवण कुमार आदि का चुनाव किया गया जो रामनवमी के त्योहार सम्पन्न करवाने मे अहम भूमिका निभायेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की रामनवमी के जुलूस के दौरान जुलूस के भीतर कैसे शांति व्यवस्था कायम रखी जायेगी वही बीते वर्ष के आमद और खर्च का भी लेखा-जोखा नये कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### साहिबगंज: डीटीओ एवं एमभीआई ने वाहन जांच किया



साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में डीटीओ विष्णु देव कश्यप एवं एमभीआई विजय गौतम ने चलाया वाहन जांच अभियान। जानकारी हो कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए डी टी ओ एवं एम भी आई गुरुवार को कई वाहन चालकों का गाड़ी की डिक्की खोलकर चेक किया,बिना हेल्मेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर फाइन भी किया एवं बहुतों को हिदायत देकर छोड़ दिया। मौके पर मोटर व्हीकल के कर्मचारी के साथ जिरवाबाड़ी थाना के पुलिस कर्मी भी थे।

### हायर वैकिल एसोसिएशन ने ढोरी एसओ इएंडएम को किया सम्मानित



बेरमो। सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद ने गुरूवार को ढ़ोरी क्षेत्र का कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्त होने पर हायर वैकिल एसोसिएशन के लोगो को सम्मानित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के लोगो ने भी जयशंकर प्रसाद को सम्मानित किया। मौके पर प्रशान्त सिंह, लाखन सिंह, राजेश सिंह, संजीव सिंह, सुधीर साह, मनीष सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

### ईद को लेकर न्यू काशमीर ड्रेस कलेक्शन में होरही है भीड़



बेरमो। रमजान का मुबारक महीना चल रहा है। रोजेदारों को ईद का बेसर्बी से इंतजार है। ईद को लेकर बेरमो-फुसरो के बाजारों में भी काफी रौनक देखा जा रहा है। लोग परिवार के संग खरीदारी में जुटे हुए है। लोग अपने परिवार के साथ बेरमो की हृदय स्थली फुसरो बाजार के न्यू कश्मीर रेडीमेड एवं कश्मीर क्लॉथ स्टोर में जमकर कपड़ो की खरीदारी करते नजर आ रहे है। ईद की तैयारी को लेकर फुसरो बाजार, जरीडीह बाजार, करगली बाजार, जारंगडीह बाजार, कथारा बाजार, बोकारो थर्मल सेन्ट्रल मार्केट, कुरपनिया बाजार समेत कई जगहों पर दुकानों में काफी चहल पहल देखी जा रही है।

### साहिबगंज : प्रशासन ने बूथों का किया निरीक्षण



उधवा। बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार एवं एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रखंड उधवा के विभिन्न बूथ का किया निरीक्षण। जानकारी के अनुसार प्रखंड उधवा के प्लस 2 उच्च विद्यालय उधवा, मध्य विद्यालय पियारपुर और स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर दियारा विद्यालय का निरीक्षण कर वहां पर मौजूद आवश्यक मूल भूत सुविधा, बिजली, शौचालय, पानी का जायजा लिया। भ्रमण के क्रम में एसडीओ ने बताया की आगामी लोकसभा निर्वाचन में आम जन निर्भीक हो कर अपने मतदान का प्रयोग करें। मौके पर उधवा बीडीओ सह सी ओ विशाल पांडे, थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, बीपीओ गगन बापू उपस्थित थे।

### डीसी विजया जाधव ने जिले वासियों से की अपील

बोकारो। लोकसभा आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सी विजिल एप जारी किया है। डीईओ सह डीसी श्रीमती विजया जाधव ने जिले वासियों से अपील किया है कि वह एमसीसी उल्लंघन की शिकायत एप के माध्यम से करें और एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। प्राप्त शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई होगी। बता दें कि सी विजिल एप के माध्यम से नियमों का उल्लंघन करने वाले नेताओं और कार्यकताओं की शिकायत हो सकती है। इसके अलावा आप चुनाव आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी को किसी भी विभाग के अधिकारी/कर्मी जो अपने कर्तव्य एवं दायित्वों के विरूद्ध कुछ भी गलत या नियमों का उल्लंघन करता है तो आप उसकी भी शिकायत कर सकते हैं।


## स्पीड न्यूज

### गोमिया मे सुशासन दल की बैठक सम्पन्न



बेरमो/गोमिया। झारखंड में संवेदनशील राजनीति की आवश्यकता है, इसलिए सुशासन दल झारखंड में समस्याओं के समाधान की राजनीति करने के लिए उतर चुकी है। इस सुशासन दल के माध्यम से समाधान की राजनीति पर बल देना ही हमारा उद्देश्य है। उक्त बातें सुशासन दल के प्रदेश अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय ने गोमिया में पत्रकारों से कही है। उन्होंने कहा है कि बीते 24 वर्षो में भाजपा, कॉग्रेस, झामुमों और आजसू के लोगो को झारखंड में भरपूर सत्तासुख मिला है, इसके बावजूद यहां न तो पलायन रुका है, और न ही निवेश का वातावरण बना है। झारखंड के युवा इतने हताश हो गए हैं कि उन्हें कोई भी अपनी व्यक्तिगत राजनीति चमकाने के लिए हांक कर ले जाता है।जिससे युवाओं में हताशा की स्थिति बन गई है। युवा पलायन का दंश झेल रहे हैं। बोकारो स्थित सेल में नौकरियां घट गई है। गिरिडीह में अभ्रक खदान बंद हो गए हैं। कोलियरियों में आउटसोर्सिंग की जा रही है। केंद्र और राज्य की सरकार इनकी सुध लेने की बजाय आंख बंद कर सोने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सुशासन दल के माध्यम से जाति धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर झारखंड को औद्योगिक राज्य, आईटी हब और उच्च शिक्षा का केंद्र बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोकसभा चुनाव लड़ना नही चाहते हैं, लेकिन जो दल जाति धर्म और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक बेहतर झारखंड बनाने का प्रयास करेगी, हमारा समर्थन उस दल के साथ अवश्य होगा। इस अवसर पर कुलदीप प्रजापति, मिथुन चंद्रवंशी, नारायण स्वर्णकार सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट में प्रतिभागी हो शामिल



बोकारो। स्वीप कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया ने जिले के स्थानीय फिल्मकार/निर्देशक एवं सोशल मीडिया इंफ्लूएंसरों से अपील किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट में हिस्सा लें और मतदान करने के लिए जिला वासियों के प्रेरित करने वाले रिल्स शॉर्ट फिल्म म्यूजिक वीडियो पोस्टर मेकिंग आदि बनाएं। मंत्रिमंडल निर्वाचन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रांची द्वारा आयोजित इस कांटेस्ट में हिस्सा लेने की आखिरी तिथि विस्तारित करते हुए 10 अप्रैल कर दिया गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए नियम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सभी कोटियों में प्रविष्टियां प्राप्त होने के उपरांत मुख्यालय स्तर पर गठित निर्णायक मंडली द्वारा उनमें से बेहतर रचनाओं को चयनित करते हुए प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कारों का निर्णय करते समय संबंधित प्रतिभागी के सोशल मीडिया इंगेजमेंट को भी आधार बनाया जाएगा।

### बेगमगंज में फिर आगजनी से दो घर जले लाखो का नुकसान



उधवा। अंचल क्षेत्र में दीन प्रतिदिन आगलगी की घटना सामने आ रहे हैं। इधर गुरुवार को राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज पंचायत अंतर्गत मुंशी टोला गांव में आग लगने से दो घर जलकर राख हो गया। घटना में नगदी सहित लाखो की संपत्ति का नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# बोकारो संयंत्र में पर्यावरण मैत्री लौह उत्पादन में जुड़ा नया आयाम

**आरडीसीआईएस और बीएसएल ने अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करके सफलतापूर्वक ब्रिकेट विकसित किया है**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग और सेल आरडीसीआईएस की संयुक्त टीम ने पहली बार परीक्षण के आधार पर बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस नंबर 01 में ब्रिकेट चार्ज करने में सफलता हासिल की है।

आरडीसीआईएस और बीएसएल ने अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करके सफलतापूर्वक ब्रिकेट विकसित किया है। यह लोहा बनाने की प्रक्रियाओं को सस्टेनेबल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यही नहीं यह नई तकनीक इस्पात निर्माण प्रक्रिया में पर्यावरण प्रबंधन और संसाधन अनुकूलन की दिशा में एक एक अहम उपलब्धि भी है।


यह परियोजना बीएसएल के ईडी संकार्य बीके तिवारी के नेतृत्व में सीजीएम एके मिस्त्री और सीजीएम एमपी सिंह के मार्गदर्शन में कार्यान्वित किया गया है। इस सफल परीक्षण में बीएसएल के सीजीएम बीके बेहरा व धनंजय कुमार जीएम एम रॉय श्यामसुंदर के मिंज व आदर्श गुप्ता डीजीएम अनिल कुमार व संतोष कुमार प्रबंधक मनीष माधव स्मिता टोप्पो व अभिजीत दास और आरडीसीआईएस और बीएसएल के टीम के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल थे।

## साहिबगंज : एसडीपीओ ने की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक



**राजमहल।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिमलेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में गुरुवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से चुनाव को देखते हुए सभी थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से बीते माह थाना में कांडो का समीक्षा करते हुए कार्यो में प्रगति लाने को कहा, थाना क्षेत्रो में वारंटियों को पकड़ने, शराब तस्करों पर लगाम लगाने,पशु तस्करों पर अंकुश लगाने सहित,वाहन चेकिंग को लगातार करने का निर्देश दिया। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा जारी किए गए सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करवाने का आदेश थाना प्रभारियों को दिया।राजमहल बंगाल के सीमा के सटे रहने के कारण वाहन चेकिंग एवं फेरी घाट का निगरानी करने के लिए कहा। बैठक में राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, महिला थाना प्रभारी रुपा कुमारी,राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार एवं तीनपहाड़ थाना प्रभारी मो शाहरूख एवं रीडर राजकुमार उपस्थित थे।

## डी आर एम मालदा ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** मंडल रेल प्रबंधक, मालदा ने बरहरवा-साहिबगंज-भागलपुर सेक्शन के बीच किया संरक्षा निरीक्षण विकास चौबे, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा ने मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरुवार को साहिबगंज-भागलपुर खंड के बरहरवा, सकरीगली, सक्रीगली, साहिबगंज, शिवनारायणपुर एवं कहलगांव इत्यादि स्टेशनों पर संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान चौबे ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ रेलवे लाइन के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया। अग्नि सुरक्षा उपाय का भी जायजा लिया। साथ ही साथ साहिबगंज, शिवनारायणपुर एवं कहलगांव में चल रहे अमृत भारत स्टेशन के कार्यों की भी समीक्षा की। विकास चौबे के अलावा मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर बिनीत भगत, वरिष्ठ मंडल संरक्षा पदाधिकारी- बी बी पी कुशवाहा, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता-आदित्य अंबर, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता-सत्येंद्र कुमार तिवारी, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-संजीत कुमार अनुज, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक-सुदेब भट्टाचार्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त अभियंता-असीम कुमार कुल्लू एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक राजेश कुमार भी मौजूद थे।

## चार दिवसीय 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन





खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से डॉ राजेंद्र प्रसाद स्मृति भवन फुसरो में गुरूवार को चौथे दिन 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का समापन किया गया। इसमें 24 कुंड में 96 जोडियों ने एक साथ यज्ञ में आहूती दी। यहां शांति कुंज हरिद्वार से आए टोली नायक सह मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, सहायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र शर्मा, दीपक बघेल, शिवम भारद्वाज ने पूजन व यज्ञ का अनुष्ठान कराया। यहां श्रद्धालुओं ने गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से यज्ञाग्नि में आहूति देकर क्षेत्र एवं विश्व कल्याण की कामना की। साथ ही संगीत एवं प्रवचन का क्रम चला जिसमें अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित आचार्यों ने अपनी बात रखी और कहा कि गायत्री परिवार का मूल उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय है, लोग अपने आंतरिक व्यक्तिव का विकास करें, नैतिक बने और उदार बने। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में आचार्यों के द्वारा विभिन्न संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराये गए। संगीतमय प्रवचन के दौरान राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि मां गायत्री की ध्यान साधना करने से दुष्प्रवृति को सदप्रवृति में बदला जा सकता है। इसके पूर्व बुधवार की देर रात गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए। यज्ञ समापन का धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष प्रदीप भारती ने किया। मौके पर जिला गायत्री परिवार के युवा जिला समन्वयक धनेश्वर महतो, प्रखंड समन्वयक रघुनंदन बरनवाल, बेरमो उप समन्वयक महेंद्र चौधरी, कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष विनय बरनवाल, सचिव मदन बरनवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप भारती, संरक्षक दयानंद बरनवाल, संजय गुप्ता, शंकर भदानी, पंकज पांडेय, कैलाश बरनवाल, महिला समिति के अर्चना बरनवाल, मंजू बरनवाल, पूजा बरनवाल, पुष्पा बरनवाल, श्वेता देवी, सवीता बरनवाल, निशा, आशा, रेखा, रुबी, सरोज, संजू रीना, शांति देवी, उमा देवी, दुर्गा देवी आदि सैंकड़ो लोग शामिल हुए।

## बेरमो : गिरे पेड़ खड़े होने के बाद से वहां आरंभ हो गया पुजा अर्चना

**मामला जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के पुराना फिल्टर के समीप का**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जारंगडीह।** बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत स्थित पुराना फिल्टर के समीप वर्षो से गिरा पड़ा एक विशाल काय पेड़ एकाएक बीते शनिवार को अहले सुबह स्वय उठ कर खड़ा हो गया जिसके एक चश्मदीद के होहल्ला के बाद यह मामला देखते ही देखते इलाके में फैल गया और जिसने भी इस खबर सुना सभी उस चमत्कार को देखने घटना स्थल की ओर दौड़ पड़ता और देखते ही देखते वहां भारी संख्या में लोग जमा हो गए और सभी इस घटना से आश्चर्य चकित थे। क्योंकि ऐसी घटना इस क्षेत्र में ना तो पहले कभी देखी गई और ना ही सुनी गई। अनेको लोगो के तर्क घटना को लेकर सामने आये और लोग आई गई बात समझ लोग इस घटना से अपना ध्यान हटा लिए मगर कुछ स्थानीय लोग इस घटना को अस्था से जोड़ते हुए इसे भगवान का चमत्कार मानकर वहां की साफ-सफाई की और उक्त पेड़ के तने पर चुनरी लपेट विधि विधान पुर्वक पुजा अर्चना शुरू कर दी और हर दिन लोगो की समुह यहां पहुच पुजा करने लगे। लोगों की माने तो यहां जल्द ही एक मंदिर स्थापित किया जायेगा जिसके लिए लोगो से आर्थिक सहयोग भी जमा होने शुरू हो गए हैं। हालांकि कुछ लोग आज भी इसे मानने को तैयार नहीं कि यह कोई चमत्कार है। मगर शायद वे लोग ये भुल गए हैं कि जब लोगो की आस्था व विश्वास किसी घटना से जुड़ जाती है तो यहां कोई भी वैज्ञानिक तर्क वितर्क काम नही आती। बहरहाल इस स्थान का देख रेख का भार स्थानीय महिलाओं का एक समुह जिसमे गुंजा देवी,हेमा देवी, आरती कुमारी, मुस्कान कुमारी, ममता कुमारी, लाडली कुमारी व सुनीता कुमारी आदि ने संभाल रखी है और स्थानीय पुरुषों भी इनकी भरपूर सहयोग कर रहे हैं। कुल मिलाकर यह घटना है ही ऐसा जो लोगो को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए काफी है।

## साहिबगंज एसडीपीओ ने थाना प्रभारी के साथ की अपराध नियंत्रण गोष्ठी



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने सदर प्रक्षेत्र थाना प्रभारीयों के साथ मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक कि, बैठक में लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर कई निर्देश दिए।

जिले हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष ध्यान देने की बात कही। बीते दिनों हुई चोरी की गई दो पिकअप वाहन को 24 घण्टे के अंदर बरामद करने को लेकर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनिश पांडे का तारीफ किया। कहां की ऐसे ही पुलिस को चौकसी बरतने की जरूरत है। चुनाव के मद्देनजर देखते हुए संदिग्ध आदमियों पर नजर रखने का निर्देश दिया मौके पर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जीरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश पांडे, एवं अन्य मौजूद रहे।

# युवा आगे आएंगे तभी होगा राष्ट्र-समाज का कल्याण

**अरुण कुमार दीक्षित**

**राजनीति** में युवाओं की अहम भूमिका है। युवा अपने विचारों से हर क्षेत्र को प्रभावित करते हैं। वे जिस विचार की ओर अग्रसर होते हैं, समाज उससे प्रभावित होता ही है। आज दुनिया में सर्वाधिक मांग युवाओं की है। भारत की राजनीति में सबसे अधिक मांग युवा विचारों के साथ युवाओं की ही रहती है।भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को युवाओं ने ही धार दी थी। युवाओं के आकर्षण का केंद्र राजनीति है। वह राजनीति उन्हें आकर्षित करती है। भारत की राजनीति ने युवा मन को निराश किया है। राजनीति युवाओं में विराट लक्ष्य नहीं देखती। राजनीतिक दलों से जुड़े युवा कभी इस दल तो कभी उस दल के हाईकमान का जयघोष करते हैं। ऐसा कर वे एक तरह से अपने ही श्रम-समय का नुकसान करते हैं। युवा सपने देखते हैं और सफल होते हैं। विफल भी होते हैं। टूटते हैं। आज युवा बेरोजगारी से टकरा रहे हैं। युवाओं पर पढ़ाई के साथ परिवार वालों का भी दबाव होता है कि कुछ कर दिखाना है। अनेक युवा भारतीय राजनीति में आए। उन्होंने लगातार समाज के वंचितों के लिए काम किया। समाचार पत्र निकाले। समाज-राष्ट्र की समस्याओं के समाधान को अपने जीवन का मिशन बनाया। बड़े राजनेता बने। पत्रकार बने।अधिकारी बने। ऐसे युवाओं की बड़ी संख्या है कि वह पहले प्रशासनिक अधिकारी बने। बाद में सीधे राजनीति में कूदे । कुछ को सरकारों ने ही पुरस्कृत किया। कुछ आजीवन संघर्षरत रहे। सरकारों ने युवा नीति को लेकर अब तक क्या किया, यह भी समझना आवश्यक है।



भारत में पहली बार युवानीति सन् 1988 में संसद के दोनों सदनों में रखी गई। युवा मामलों और खेल विभाग को इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई। उद्देश्य था कि युवा नीति उनके व्यक्तित्व व कार्य क्षमता को मजबूत बनाए। वर्ष 2003में फिर युवा राष्ट्रनीति पर चर्चा हुई। 2003 में 13 से 35 वर्ष के आयु के व्यक्ति को युवा के रूप में परिभाषित किया गया। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार ने युवाओं के समग्र विकास की वचनबद्धता दोहराई। वर्ष 2023 मे केंद्र सरकार ने युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह शिक्षा व्यावसायिक कौशल सिखाती है।समग्र विकास में सहायक है। इस नीति का उद्देश्य युवाओं को आत्मविश्वास से मजबूत करना है। उन्हें आर्थिक मजबूती देनी है और उन्हें शारीरिक और मानसिक स्तर पर सबल बनाना है। उनका समग्र विकास करना है। युवा नेतृत्व एवं विकास स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल आदि के विषय वर्ष 2023 से 2032 का मसौदा है और यह मसौदा वर्तमान में युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधीन विचाराधीन है। केंद्र सरकार ने मसौदा नीति पर सुझाव मांगे हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ की दृष्टि में युवावस्था को सामान्यतः परिवर्तन के तौर पर माना जाता है। युवा वयस्कता की सामाजिक कसौटियों, रोजगार, परिवार और एक उत्पादक नागरिक के रूप में प्रयास कर रहे हैं। युवा परिवर्तन के प्रतिनिधि हैं। युवा शब्द के लिए अंग्रेजी में एक शब्द है जियोंग। इसका अर्थ युवा, युवक नया है, वहीं संस्कृत का शब्द युवान है। इसका अर्थ युवा-युवक है। भारतीय राजनीति को महात्मा गांधी, डॉ. राम मनोहर लोहिया और अंबेडकर तीनों नेताओं ने सबसे अधिक प्रभावित किया है। तीनों महापुरुषों की भिन्न-भिन्न विचारधारा चलीं। युवा गांधी दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया से डरबन जाते समय रेल में रंगभेद का शिकार हुए। गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में इंडियन ओपिनियन अखबार निकाला । भारतीयों की ज्वलंत समस्याओं को उठाया। पूरी दुनिया में रंगभेद के विरुद्ध वातावरण बनाने में जुटे रहे। गांधी भारत आए। भारत में अंग्रेजी सत्ता की गुलामी के विरुद्ध बिगुल फूंका । लाखों नौजवान उनके साथ खड़े हो गए । लड़ाई बढ़ गई । फिर आंदोलन का दौर चला।

गांधी के आह्वान पर जिस तरह भारतीय नौजवान छात्र जुटे ऐसा विश्व इतिहास में परतंत्र भारत में पहली बार था। गांधी बैरिस्टर से महात्मा होने की यात्रा पर चल पड़े । नमक आंदोलन, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, दांडी मार्च, जैसे बड़े आन्दोलन खड़े कर दिखाये। इस सब के पीछे युवा शक्ति थी। वह युवा शक्ति अपने राष्ट्र के लिए जागृत हो चुकी थी। आज कोई कुछ भी कहे मगर बैरिस्टर से गांधी महात्मा की यात्रा युवाओं के कारण अद्भुत अकल्पनीय बनी। वह युवाओं के साथ दुनिया के प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने पहले भारत में पढ़ाई की । विदेश से पढ़ाई पूरी कर लौटे तो उन्हें भारतीय समाज में ऊंच-नीच की सड़ी-गली व्यवस्था ने झकझोर दिया। वह बचपन में अपने गांव से लेकर पूरे भारत में जातियों से बंटे समाज को निहार रहे थे । वह इस व्यवस्था से जूझ गए। लोगों से कहा कि शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो यह मंत्र किसी समाज के लिए शुभदायक ही है । डॉ. आंबेडकर के विचार प्रतिपल छात्रों युवाओं को प्रभावित करने वाले हैं। स्वतंत्रता के बाद संविधान सभा का गठन हुआ। संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष बने।

स्वामी विवेकानंद भी युवा थे । नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद की यात्रा रामकृष्ण परमहंस के मिलन से आरंभ हुई। वह भारत की संस्कृति को विश्व में स्थापित करने का स्वप्न लेकर अमेरिका गए। साथ ही अनेक देशों की यात्राएं इसी उद्देश्य से कीं। वहां अपनी भारत की वैदिक सांस्कृतिक अनुभूति को पूरे विश्व के सामने रखा।

अरविन्द घोष भी युवा थे। उन्होंने भी भारतीय स्वाधीनता, योग और संस्कृति के लिए विलक्षण काम किया। सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस, गणेश शंकर विद्यार्थी, राजगुरु, युवा ही थे । स्वतंत्रता के लिए इन्हीं सबसे प्रेरित ज्वलंत युवाओं ने अपने देश के लिए बलिदान किया। भारत के हजारों युवा विदेश यात्राओं में रहते हैं मगर वह नौकरी के लिए ही विदेश जाते हैं। कुछ युवा पर्यटन और मस्ती के लिए जाते हैं। भारतीय युवाओं का विदेश नौकरी करने जाने का कारण है राष्ट्र का कृषि प्रधान और संयुक्त परिवार वाला ढांचा का दरक जाना।

भारत में बाजारवाद युवाओं को यह समझाने में सफल रहा कि मकान, कार, आधुनिक सामग्री व्यक्ति को श्रेष्ठ और बड़ा बनाते हैं। कहीं तक बात ठीक भी है। दूसरी तरफ परंपराएं हैं। वह क्षीण हो रही हैं। वह अब बासी हो चुकी हैं। परंपराएं युवाओं को अब नहीं रोक पा रही हैं। पहले भी तर्क थे। एक पीढ़ी से दूसरी के बीच के समय अंतराल के ।

आधुनिकता के नाम पर सारे बंधन युवा तोड़ रहे हैं। आधुनिकता के सामने परंपराओं की दृष्टि चौंधिया गई हैं। संस्कृति और परम्परा दोनों अलग-अलग होते हैं। जीवन प्रतिमान बदल गए हैं। अब बाजार ही हमारी जीवन शैली का अधिकांश भाग तय करती है। युवा बाजार की चपेट में है। आज युवा क्या कर रहा है? राजनीतिक भागीदारी कितनी है? युवा प्रश्न नहीं उठा रहा ? जिन राष्ट्र-समाजों के युवा प्रश्नों से विरत हैं उनका नेतृत्व कैसा होगा? यह अपने आप में बड़ा सवाल है। भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए युवाओं को ही आगे आना होगा, तभी राष्ट्र और समाज का कल्याण होगा। (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# आय कर रिटर्न की तैयारी करें



**अजय दीप वाधवा**

**नए** वित्तीय वर्ष 2024 25 के प्रारंभ के साथ गत वित्तीय वर्ष 2023 24 के आय कर रिटर्न भरने की तैयारी भी आम कर दाता को अब करनी है जिसकी आखिरी तिथि 31 जुलाई 2024 है। अभी आयकर देने की दो व्यवस्था या रिजिम हैं। अगर किसी आयकरदाता को पुराने आयकर रिजिम के आधार पर आयकर भरना हो तो उन्हें इसमें बदलाव कर ओल्ड स्कीम से आयकर भरने की प्रक्रिया करनी होगी। नई आयकर व्यवस्था कंपनियों और फर्मों के अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए वित्तीय वर्ष 23-24 से डिफॉल्ट मोड में लागू की गई है। पर करदाताओं के पास टैक्स रिजिम व्यवस्था चुनने का विकल्प होगा। अब वित्तीय वर्ष के बदलाव के साथ ही आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया में भी बदलाव हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 से नई कर व्यवस्था डिफॉल्ट मोड में लागू कर दी गई है। इसमें इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करते समय अब आयकरदाता को डिफॉल्ट मोड में नया आयकर रिजिम देखने को मिलेगा। अगर किसी आयकरदाता को पुराने आयकर रिजिम के आधार पर आयकर भरना हो तो उन्हें इसमें बदलाव कर ओल्ड स्कीम से आयकर भरने की प्रक्रिया करनी होगी।

इसमें करदाताओं के पास टैक्स रिजिम व्यवस्था चुनने का विकल्प होगा। जिन्हें लगता है कि उनके लिए पुराने स्लैब फायदेमंद है तो वह पुरानी स्लैब व्यवस्था का अभी भी उपयोग कर सकते हैं। बिना किसी व्यावसायिक आय वाले व्यक्तियों के पास प्रत्येक वर्ष व्यवस्था चुनने का विकल्प होगा, इसलिए वे एक वित्तीय वर्ष में पुरानी कर व्यवस्था और दूसरे वर्ष में नई कर व्यवस्था चुन सकते हैं।

यदि कोई नियोक्ता ने अपने कर्मी का पुरानी व्यवस्था से टीडीएस का डिडक्शन काट लिया है तब भी कर्मी चाहे तो न्यू रिजिम के तहत आइटीआर फाइल कर सकते हैं। नए आयकर रिजिम में तीन लाख रुपये की आय पर कोई टैक्स नहीं है। तीन लाख से छह लाख रुपये पर पांच प्रतिशत की आय कर की दर से कर लगेगा। इसमें 87 ए के तहत आयकर छूट के प्राविधान है। छह लाख से नौ लाख तक के स्लैब पर 10 प्रतिशत की दर से कर का प्रावधान है। इसमें सात लाख रुपये की आय पर 87 ए के तहत आयकर छूट के प्राविधान है। नौ लाख रुपये से 12 लाख की आय पर 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख की आय पर 20 प्रतिशत तथा 15 लाख रुपये से अधिक की आयकर पर 30 प्रतिशत के हिसाब से आयकर निर्धारित है।

पुरानी आयकर प्रणाली में ढ़ाई लाख की आय पर कोई टैक्स नहीं है। पांच लाख रुपये की आय पर पांच प्रतिशत, पांच से 10 लाख की आय पर 20 प्रतिशत आयकर देय होता है। अगर 10 लाख रुपये से ज्यादा की वार्षिक आय है तब 30 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है।


पुराने प्रणाली में आयकर दाता को होम लोन, 80 सी के तहत डेढ़ लाख रुपये तक की छूट आदि प्राप्त है। इसके अलावा 80 डी और 80 जी आदि के तहत छूट का लाभ भी ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त भी विभिन्न तरह के छूट का भी प्राविधान है। अब आप अपने आय कर विशेषज्ञ से संपर्क कर इन व्यवस्थाओं को गहराई से जानें और सही से रिटर्न भर एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दें और पेनल्टी से भी बचें।

(कर सलाहकार, रांची 9431107515)

# जमशेदपुर राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में 43वें स्थान पर

**मनोज कुमार सिन्हा**

**स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए जेएनएसी ने कदम उठाए**




जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) स्वच्छ सर्वेक्षण में अपनी राष्ट्रीय रैंकिंग में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए जमशेदपुर में स्वच्छता बढ़ाने के लिए कदम उठा रही है।

वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर 43वें स्थान पर, नागरिक निकाय शहर की स्थिति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल शुरू कर रहा है। इस सप्ताह से, जेएनएसी ने पूरे शहर में उनके वितरण को अनुकूलित करने के लिए कचरा संग्रह वैन का सर्वेक्षण शुरू किया है।

वर्तमान में, लगभग 300 वैन डोर-टू-डोर कचरा संग्रह के लिए काम कर रही हैं, कुछ क्षेत्रों में अपर्याप्त सेवा की शिकायतों को दूर करने के लिए जल्द ही यह संख्या 400 तक बढ़ जाएगी।

जानकारी के अनुसार कचरा संग्रहण और जागरूकता अभियान के लिए झुग्गी-झोपड़ियों को प्राथमिकता दिए जाने पर जोर दिया गया है। , ₹इस साल ध्यान झुग्गी-झोपड़ियों में कचरा प्रबंधन के साथ-साथ नदी और वायु प्रदूषण को दूर करने पर जोर दिया गया है। परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए, कचरा संग्रहण वैन की वर्तमान स्थिति का आकलन किया जा रहा हैं और 100 वैन का एक अतिरिक्त बेड़ा शुरू करने की योजना पर जोर दिया जा रहा हैं।₹

इसके अलावा, शहर को खरकयी और सुवर्णरेखा नदियों के किनारे 17 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से भी लाभ मिलने वाला है। ये ट्रीटमेंट प्लांट सीवेज से दूषित पदार्थों को नदियों में छोड़े जाने से पहले हटा देंगे, जानकारी के अनुसार इस पहल की मंजूरी और इसके शीघ्र कार्यान्वयन की पुष्टि की है। वायु प्रदूषण से निपटने की रणनीतियों पर नागरिक निकायों और कॉर्पोरेट संस्थाओं के बीच भी चर्चा हुई है। शहर की जीवन गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी अभियानों और पहलों पर प्रकाश डाला गया। जानकारी के अनुसार

कहा गया कि शहर को बेहतर बनाना एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसमें सरकारी एजेंसियां, निगम और जनता शामिल हैं। ठोस प्रयासों का उद्देश्य जमशेदपुर की सफाई और इसके निवासियों के समग्र जीवन स्तर को ऊपर उठाना है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान भारत में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य भारत को स्वच्छ बनाने के लिए जन-जन की भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस अभियान के अंतर्गत, नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल किए गए हैं, जिसमें सड़कों की सफाई, वृक्षारोपण, निर्मल शौचालय निर्माण, और जनता के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाने जैसे कार्य शामिल हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत में स्वच्छता की स्थिति को मापना और अनुशंसाएं देना है। इसके लिए, हर साल सरकार द्वारा एक स्वच्छता सर्वेक्षण का आयोजन किया जाता है, जिसमें शहरों और गाँवों की स्वच्छता की स्थिति का मूल्यांकन किया जाता है। यह सर्वेक्षण बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे स्वच्छता में सुधार की प्रगति को मापा जा सकता है और उच्चतम स्तर की स्वच्छता को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान का पहला सर्वेक्षण 2016 में आयोजित किया गया था, और उसके बाद हर साल इसका आयोजन किया जाता है। इस सर्वेक्षण में विभिन्न पैरामीटर्स का मूल्यांकन किया जाता है, जैसे कि सड़कों की सफाई, निर्मलता, निर्मल शौचालय का उपयोग, नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए जनसंचार, और अन्य तत्व।

इस सर्वेक्षण में देश के अलग-अलग शहरों को अलग-अलग रैंकिंग दी जाती है, जिससे स्थानीय प्रशासन को स्वच्छता में सुधार करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। यह स्वच्छता की स्थिति को सार्वजनिक रूप से उजागर करता है और स्थानीय स्तर पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए उत्साह पैदा करता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं, जैसे

कि सार्वजनिक स्थानों की सफाई, स्वच्छ जल, स्वच्छ शौचालय, और जनता के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम। इन पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों में स्वच्छता की भावना को बढ़ाया जा रहा है, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता और लोगों का सहयोग मिल सके।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत, नगर निगमों और ग्राम पंचायतों को भी बड़ी महत्वाकांक्षा स्वच्छता मिशन को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अंतर्गत, स्थानीय स्तर पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए नगर निगमों और ग्राम पंचायतों को विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू करने के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय स्तर पर लोगों को भी जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसके अंतर्गत, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और लोगों को स्वच्छता की महत्वता के बारे में शिक्षा दी जाती है। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर स्वच्छता की निगरानी के लिए स्वयं सहायता समूह भी गठित किए जाते हैं, जो स्थानीय स्तर पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों का आयोजन करते हैं।

इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता की स्थिति में सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी काफी काम की जरूरत है। स्वच्छता को लेकर जागरूकता को और भी बढ़ाने की आवश्यकता है, और स्थानीय स्तर पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए और अधिक पहल की जरूरत है। इसके साथ ही, सरकारी स्तर पर भी स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और कानूनों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान भारत में स्वच्छता को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे समाज में स्वच्छता की भावना को बढ़ाया जा सकता है और देश को स्वच्छ बनाने की दिशा में काम अग्रेतर किया जा सकता है।

# कोडाइकनाल सौर वेधशाला में सूर्य के अध्ययन के 125 वर्ष

**मुकुंद**

कोडाइकनाल सौर वेधशाला ने सूर्य के अध्ययन के 125 वर्ष पूरे कर लिए। इसका उत्सव (वर्षगांठ) पहली अप्रैल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान ने मनाया। इस दौरान कोडाइकनाल सौर वेधशाला के इतिहास का स्मरण किया गया। वैज्ञानिकों का अभिनंदन कर इसकी विरासत का सम्मान किया गया। कोडाइकनाल सौर वेधशाला देश में खगोल विज्ञान के लिए प्रमुख और बड़ी उपलब्धि है। इस वेधशाला में 20वीं सदी की शुरूआत से हर दिन रिकॉर्ड की जाने वाली 1.2 लाख डिजिटल सौर छवियों और सूर्य की हजारों अन्य छवियों का एक डिजिटल भंडार उपलब्ध है।




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की अधिशासी परिषद के अध्यक्ष एएस किरण कुमार ने कोडाइकनाल सौर वेधशाला की 125वीं वर्षगांठ के प्रतीक चिह्न का अनावरण और एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस वेधशाला की स्थापना पहली अप्रैल 1899 को अंग्रेजों ने की थी। खुशी की बात यह है कि वेधशाला के पास दुनिया में सूर्य के सबसे लंबे समय तक के निरंतर दैनिक रिकॉर्ड के अद्वितीय डेटाबेस को डिजिटल कर दिया गया है। यह डेटाबेस अब दुनिया भर के खगोलविदों के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। कोडाइकनाल सौर वेधशाला वर्तमान में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान के अंतर्गत फील्ड स्टेशन के रूप में कार्यरत है। यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का स्वायत्त संस्थान है।

उत्सव में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की निदेशक प्रो. अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम ने वेधशाला की विरासत पर चर्चा की। संस्थान के पूर्व निदेशक और सौर भौतिक विज्ञानी प्रो. सिराज हसन ने वर्ष 1909 में वेधशाला में गैस के रेडियल प्रवाह के कारण सनस्पॉट में देखे गए एवरशेड प्रभाव की खोज की जानकारी दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम कार्यालय की पूर्व निदेशक एस. सीता ने रेखांकित किया कि विद्यार्थियों के बीच इसकी विशिष्टता के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों और महाविद्यालयों की पाठ्यपुस्तकों में कोडाइकनाल सौर वेधशाला पर सामग्री होनी चाहिए।

एएस किरण कुमार ने इस अवसर पर ₹भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम₹ पर चर्चा की। सफल चंद्रयान-3 मिशन के लिए दूर की गई तकनीकी चुनौतियों और गगनयान के साथ भविष्य पर प्रकाश डालते हुए रिमोट सेंसिंग, मैपिंग और संचार के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि कोडाइकनाल सौर वेधशाला में वैज्ञानिक भारतीय धरती से सूर्य को समझने, ग्रहणों का अध्ययन करने, वर्ष 1868 में हीलियम की खोज करने, सूर्य में प्लाज्मा प्रक्रिया को समझने और इसके विस्तार, प्रमुखता और चमक-दमक को समझने का प्रमाण है।

कोडाइकनाल सौर वेधशाला तमिलनाडु में पश्चिमी घाट के ऊंचे देवदार के पेड़ों के बीच स्थित है। यह एक हिल स्टेशन भी है। कोडाइकनाल में कॉफी, यूकेलिप्टस और चॉकलेट की खुशबू आती है। यह दुनिया की हलचल से दूर पलानी पहाड़ियों में बसा हुआ है और इसे 'जंगल का उपहार' कहा जाता है। इसकी सुंदर और घुमावदार सड़कें इलाके के भू-भाग और भू-विज्ञान की प्रतिक्रिया हैं। यहां की कोडाई झील ऊंची पहाड़ियों से तारे की तरह टिमटिमाती है। कोडाइकनाल के मुख्य शहर से चार किलोमीटर दूर यह वेधशाला 2343 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इससे पहले यह गतिविधियां मद्रास वेधशाला से संचालित होती थीं। मद्रास वेधशाला को वर्ष 1786 में ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारी विलियम पेट्री ने शुरू किया था। प्रोफेसर चार्ल्स मिक्सी स्मिथ ने कोडाइकनाल सौर वेधशाला की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सौर विज्ञानी कहते हैं कि आने वाले समय में हमारे अपने अस्तित्व के लिए सूर्य के भविष्य को समझना महत्वपूर्ण है । इस अर्थ में, पिछली शताब्दी में किए गए सूर्य के अवलोकन हमें अतीत में झांकने की अनुमति देते हैं । ये ऐतिहासिक अवलोकन हमें अपने निकटतम तारे के पहले चरण में उसके व्यवहार को समझने में सक्षम कर सकते हैं और उसके आधार पर ही हम उसके भविष्य की भविष्यवाणी कर सकते हैं। सूर्य की नियति को समझने से अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए हमारी योजनाओं को आकार मिलेगा, क्योंकि सूर्य हमारे अंतरिक्ष मौसम की स्थिति के लिए चालक है।

और भी वेधशाला हैं देश मेंः मध्य प्रदेश के उज्जैन ने भी खगोल विज्ञान के क्षेत्र में काफी महत्व का स्थान प्राप्त किया है। सूर्य सिद्धान्त और पंच सिद्धान्त जैसे महान ग्रंथ उज्जैन में लिखे गए हैं। भारतीय खगोलविदों के अनुसार, कर्क रेखा को उज्जैन से गुजरना चाहिए, यह हिंदू भूगोलवेत्ताओं के देशांतर का पहला मध्याह्न काल भी है। लगभग चौथी शताब्दी ई.पू. उज्जैन ने भारत के ग्रीनविच होने की प्रतिष्ठा का आनंद लिया। यहां वेधशाला का निर्माण जयपुर के महाराजा सवाई राजा जयसिंह ने 1719 में किया था। तब वे दिल्ली के राजा मोहम्मद शाह के शासनकाल में मालवा के राज्यपाल के रूप में उज्जैन में थे। राजा जयसिंह असाधारण रूप से एक विद्वान थे। उन्होंने उस समय फारसी और अरबी भाषाओं में उपलब्ध एस्टर-गणित पर पुस्तकों का अध्ययन किया।

उन्होंने खुद खगोल विज्ञान पर किताबें लिखीं। राजा जयसिंह ने के अलावा जयपुर, दिल्ली, मथुरा और वाराणसी में वेधशालाओं का निर्माण कराया। राजा जयसिंह ने अपने कौशल को नियोजित करने वाली इन वेधशालाओं में नए यंत्र स्थापित किए। उन्होंने उज्जैन में आठ वर्षों तक स्वयं ग्रहों की गतिविधियों का अवलोकन कर-के कई मुख्य खगोल-गणितीय उपकरणों में परिवर्तन किया।



# शुभमन पर भारी शशांक की तूफानी पारी

## रोमांचक मुकाबले में पंजाब ने जबड़े से छीनी जीत, गुजरात को दी मात



### मुस्ताफिजूर के बिना हैदराबाद से होगा चेन्नई का सामना




फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है। दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। इतने लंबे टूनार्मेंट में प्रदर्शन में उतार चढ़ाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे। क्रिकेट प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे। उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाए थे।

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** सांस थाम देने वाले रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के जबड़े से जीत छीन ली। पंजाब की इस जीत के हीरो अनकैप्ड शशांक सिंह रहे, जिन्होंने छठे नंबर पर आकर 29 गेंद में 61 रन की नाबाद पारी खेली। 200 रन के चैलेंजिंग टोटल के सामने एक वक्त सिर्फ 111 रन पर पंजाब की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। सारे दिग्गज डगआउट में बैठे हुए थे। यहां से शशांक सिंह ने साहसिक पारी खेलते हुए पंजाब किंग्स को हैरतंगेज जीत दिला दी। शशांक सिंह ने पांचवें विकेट के लिए सिकंदर रजा के साथ 22 गेंद में 41, छठे विकेट के लिए जितेंद्र शर्मा के साथ 19 गेंद में 39 और इम्पैक्ट डेब्यूटेंट अनिरुद्ध शर्मा के साथ सातवें विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप की। पंजाब किंग्स की यह चार मैच में दूसरी जीत है तो गुजरात टाइटंस की चार मैच में दूसरी हार।

#### ऑक्शन में पंजाब ने शशांक को गलती से खरीदा था

जी हां! गुरुवार के मैच में जिस शशांक सिंह ने पंजाब किंग्स की लाज बचाई, इस सीजन के लिए पिछले साल हुई नीलामी में उसे बेइज्जती झेलनी पड़ी था। पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीति जिंटा ने ये कहकर शशांक सिंह को अपनी टीम में जोड़ने से इनकार कर दिया था कि वह तो इसी नाम के किसी दूसरे प्लेयर से धोखा खा गए। टीम 19 साल वाले शशांक को खरीदना चाहती थी, लेकिन खरीद लिया 32 साल वाले शशांक सिंह को। मगर अब जिस अंदाज में उनका बल्ला चल रहा है टीम मैनेजमेंट को अपनी गलती पर अब जरा भी दुख नहीं होगा।

#### बेकार गई शुभमन की 89 रन की पारी

अपने होमग्राउंड यानी दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस गंवाकर गुजरात टाइटंस ने 199 रन का मजबूत टोटल खड़ा किया था। शुभमन गिल ने कप्तानी पारी खेलते हुए 48 गेंद में चार छक्के और छह चौके की मदद से नाबाद 89 रन की पारी खेली थी। वह सीजन के पहले शतक से सिर्फ दो शॉट से चूक गए थे। उन्होंने साई सुदर्शन (33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी भी की। उन्होंने राहुल तेवतिया (आठ गेंद में नाबाद 23) के साथ 14 गेंद में 35 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के करीब पहुंचाया। पंजाब की ओर से कागिसो रबाडा और हर्षल पटेल दोनों ने चार-चार ओवर में समान 44 रन लुटाए। रबादा को दो जबकि हर्षल को एक विकेट मिला।

### गुजरात 199/4 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साहा कै. धवन बो रबाडा | 11 | 13 | 02 | 00 |
| शुभमन गिल नाबाद | 89 | 48 | 06 | 04 |
| विलियमसन कै. जॉनी बो. ब्रार | 26 | 22 | 04 | 00 |
| सुदर्शन कै. शर्मा बो. हर्षल | 33 | 19 | 06 | 00 |
| शंकर कै. ब्रार बो. रबाडा | 08 | 10 | 00 | 00 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 23 | 08 | 03 | 01 |

**अतिरिक्त** :09

**विकेट पतन** : 29-1, 69-2, 122-3, 164-4.

**गेंदबाज** : हरप्रीत ब्रार : 4-0-33-1, अर्शदीप सिंह : 4-0-33-0, कगिसो रबाडा : 4-0-44-2, सैम करन : 2-0-18-0, हर्षल पटेल : 4-0-44-1, सिकंदर रजा : 2-0-22-0.

### दिल्ली 200/7 (19.5 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| शिखर धवन बो. उमेश यादव | 01 | 02 | 00 | 00 |
| बेयरस्टो बो. नूर अहमद | 22 | 13 | 04 | 00 |
| प्रभसिमरन कै. मोहित बो. नूर | 35 | 24 | 05 | 01 |
| करन कै. केन बो. ओमरजाई | 05 | 08 | 00 | 00 |
| रजा कै. साहा बो. मोहित | 15 | 16 | 00 | 00 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 | 29 | 06 | 04 |
| जितेश कै. नलकंडे बो. राशिद | 16 | 08 | 00 | 02 |
| आशुतोष कै. राशिद बो. नलकंडे | 31 | 17 | 03 | 01 |
| हरप्रीत ब्रार नाबाद | 01 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 13

**विकेट पतन** : 13-1, 48-2, 64-3, 70-4, 111-5, 150-6, 193-7.

**गेंदबाज** :अजमतुल्लाह ओमरजाई : 4-0-41-1, उमेश यादव : 3-0-35-1, राशिद खान : 4-0-40-1, नूर अहमद : 4-0-32-2, मोहित शर्मा : 4-0-38-1, दर्शन नलकंडे : 0.5-0-6-1.



### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| पंजाब | 04 | 04 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 203 |
| रियान | राजस्थान | 181 |
| क्लासेन | हैदराबाद | 167 |
| गिल | गुजरात | 164 |
| सुदर्शन | गुजरात | 169 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| मोहित | गुजरात | 07 |
| मुस्तफिजुर | चेन्नई | 07 |
| मयंक | लखनऊ | 06 |
| चहल | राजस्थान | 06 |
| खलील | दिल्ली | 06 |

### अस्वीकार्य, निराशाजनक,केकेआर से हार के बाद टीम प्रदर्शन से निराश पोंटिंग

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कोलकाता नाइट राडर्स से 106 रन से मिली हार को अस्वीकार्य और निराशाजनक बताते हुए अपनी टीम को फटकार लगाई है। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले केकेआर को सात विकेट पर 272 रन बनाने दिए और बाद में पूरी टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई। पोंटिंग ने कहा, ह्यअभी इसकी समीक्षा करना मुश्किल है। पहले हाफ में टीम के प्रदर्शन से मैं बहुत निराश हूं। उन्होंने कहा, इतने रन देना समझ से परे है । हमने 17 वाइड गेंद डाली और अपने ओवर पूरे करने में दो घंटे लगे। नतीजा हम फिर दो ओवर पीछे रह गए जिसके मायने है कि आखिरी दो ओवर डालने वालों को सर्कल के बाद चार ही फील्डर मिले। उन्होंने कहा, ह्यमैच में बहुत कुछ हुआ जो अस्वीकार्य है।



### ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 77 रनों से हराया

**मीरपुर।** कप्तान अलिसा हीली 45 रन और तालिया मैक्ग्रा के नाबाद 43 रनों की शानदार पारियों और उसके बाद कातिलाना गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में बंगलादेश को 77 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम के खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने पिच पर टिक नहीं दिया। उसके लगातार विकेट गिरते गये। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। दिलारा अख्तर 10 रन और फाहिमा खातून 11 रन बनाने वालों में थी शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम 18.1 ओवर में 78 रन पर सिमट गई और उसे 77 रनों से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने एकदिवसीय सीरीज में 3-0 से हराने के बाद टी-20 सीरीज में भी बंगलादेश का सफाया कर दिया है।

### दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की हत्या



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई। उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी। 24 वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। क्लब ने एक बयान में कहा, ह्यल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है। इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनाएं।' पुलिस के प्रवक्ता मावेला मासोंडो ने बताया कि हमलावर ल्यूक की कार लेकर भाग गए। पुलिस कार लूटने और हत्या की जांच कर रही है। फ्लूर्स तोक्यो ओलंपिक में दक्षिण अफ्रीका टीम का हिस्सा थे।

### चोटिल रोजमेरी मायर इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से हुई बाहर

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज रोजमेरी मायर पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड को टीम में बुलाया गया है। मायर ने इससे पहले हुई टी-20 सीरीज के सभी पांच खेले थे और 7.56 की इकोनॉमी से चार विकेट लिए थे। पहले एकदिवसीय मुकाबले से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें पीठ में दर्द महसूस

### फीडे कैंडीडेट्स शतरंज का आगाज : गुकेश और विदित व हंपी वैशाली में होगा पहला मुकाबला

**टोरंटो, कनाडा।** फीडे कैंडिडैट शतरंज का सभी प्रतिभागियों और भारत के पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन की उपस्थिती में एक गरिमामई कार्यक्रम में उद्घाटन हो गया है और इसके साथ ही सभी खिलाड़ी कौन किससे पहले राउंड में मुकाबला खेलेंगे। पहले राउंड में भारत के दो खिलाड़ी डी गुकेश और विदित गुजराती आपस में मुकाबला खेलेंगे जबकि प्रज्ञानन्दा आर का सामना फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से होगा। अन्य खिलाड़ियों में यूएसए के फबियानों करूआना से यूएसए के ही हिकारु नाकामुरा, अजरबैजान के निजत अबासोव से रूस के यान नेपोमनिशी पहला राउंड खेलेंगे। महिला वर्ग में भारत की दोनों खिलाड़ी कोनेरु हम्पी और आर वैशाली के बीच पहला राउंड खेला जाएगा तो अन्य मुकाबलों में रूस की आलेक्सान्द्रा गोरयाचकिना से रूस की लागनों काटेरयना, उक्रेन की एना मुज्युचुक से बुल्गारिया की नुर्गयुल शालिमोवा, चीन की लेई टिंगजे से चीन की तान ज्होंगाई पहला राउंड खेलेंगी। डबल राउंड रॉबिन फॉर्मेट में खेले जा रहे इस टूनार्मेंट में सभी खिलाड़ी आपस में दो मुकाबले खेलेंगे और इस तरह यह 14 राउंड का लंबा चलने वाला टूनार्मेंट होगा, कैंडिडैट जीतने वाला खिलाड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन को विश्व चैंपियन के ताज के लिए चुनौती देगा।

### अंगकृष ने गुरु अभिषेक नायर को दिया धन्यवाद

**विशाखापत्तनम।** अंडर 19 विश्व कप 2022 में 278 रन बनाने के बावजूद अंगकृष रघुवंशी गुमनाम ही रह गए लेकिन बुधवार को आइपीएल के मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 27 गेंद में 54 रन बनाकर उन्हें गुमनामी का पर्दा हटा दिया। उन्होंने इसके लिए अपने गुरू अभिषेक नायर को धन्यवाद देते हुए यह पारी उन्हें समर्पित की। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, उन्होंने हर बात में मेरी मदद की है। खेल को लेकर मेरी सोच, मेरी कार्यशैली, मैं क्या खाता हूं, कैसे अभ्यास करता हूं। वह मेरे सही मायने में गुरू है और मेरा उनसे ऐसा रिश्ता है।' घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बतौर कोच अपनी साख बना चुके नायर ने दिनेश कार्तिक के करियर को भी फिर से ढर्रे पर लाने में अहम भूमिका निभाई है।

### इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 56 रन से हराया

**एजेंसी**

**हैमिल्टन।** टैमी ब्यूमोंट की 81 रनों की शानदार पारी और उसके बाद नेट साइवर-ब्रंट की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने गुरुवार को आइसीसी महिला चैंपियनशिप के दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 रन से हराया दिया है। 253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम ने अपने शुरूआती चार विकेट 66रन के स्कोर पर गवां दिये थे। जॉर्जिया प्लिमर सात रन, सुजी बेट्स 28 रन, अमेलिया केर 14 रन और मैडी ग्रीन सात रन बनाकर आउट हुई। एक समय




ऐसा लग रहा था कि न्यूजीलैड की टीम जल्द ही सिमट जायेगी। ऐसे संकट के समय में ब्रुक हॉलिडे और इसाबेला गाजे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच बीच पांचवें विकेट लिये 100 रनों की साझेदारी हुई। इसाबेला गाजे 47 रन पर आउट हुई। वहीं ब्रुक हॉलिडे ने टीम के लिए सर्वाधिक 57 रनों की पारी खेली। हन्ना रोवे 16रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद न्यूजीलैंड की कोई भी बल्लेबाज पिच नहीं टिक सकी और पूरी टीम 45 ओवर में 196 रन ही बना सकी और उसे 56 रन से हार का सामना करना पड़ा।

## थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय टीम का एलान, सिंधू ने वापस लिया नाम, महिला टीम में कई युवाओं को मौका

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ ने आगामी थॉमस कप और उबेर कप के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। थॉमस कप में भारतीय पुरुष टीम, जबकि उबेर कप में भारतीय महिला टीम चुनौती पेश करेगी। इसमें टीम के तौर पर सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। इस टूनार्मेंट में मलेशिया, जापान, डेनमार्क, इंडोनेशिया जैसी टीमें शामिल होती हैं और चुनौती पेश करती हैं। ओलंपिक की तैयारी के लिहाज से यह टूनार्मेंट भारतीय खिलाड़ियों के लिए अहम साबित हो सकता है। इस साल ये दोनों टूनार्मेंट 27 अप्रैल से पांच मई तक चीन के चेंगदू में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम थॉमस कप की डिफेंडिंग चैंपियन है। उसने 2022 में थाईलैंड में खेले गए टूनार्मेंट में 14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया की टीम को 3-0 से हराकर पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया था। भारत की वरिष्ठ चयन समिति ने इस सीजन में सभी खिलाड़ियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए सिंगल्स में ज्यादा से ज्यादा विकल्प रखने का फैसला किया है। इसके अलावा पीवी सिंधू ने व्यस्त कार्यक्रम की वजह से पहले ही नाम वापस ले लिया है। उनकी गैरमौजूदगी में चयन समिति ने उबेर कप के लिए एकदम युवा महिला टीम चुनी है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआइ) ने इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों की घोषणा की। थॉमस कप के लिए 10 सदस्यीय टीम में किरण जॉर्ज नए चेहरा होंगे। उनके अलावा सिंगल्स के लिए पांच और खिलाड़ी होंगे, जिसमें एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत शामिल हैं। वहीं, साई प्रतीक डबल्स में किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर विकल्प होंगे। उन्हें बैक अप के तौर पर टीम में शामिल किया गया। डबल्स में दुनिया की नंबर एक जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के साथ-साथ एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी चुनौती पेश करेगी। ज्यादातर शीर्ष खिलाड़ी थॉमस कप 2024 से पहले पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन स्टेज से गुजर रहे होंगे। ऐसे में चयनकताओं ने किरण जॉर्ज के रूप में एक विकल्प रखा है। थॉमस कप टीम पर अंतिम निर्णय चयन समिति की एक ऑनलाइन बैठक के बाद लिया गया। इस बैठक में मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद, पूर्व भारतीय सितारे विमल कुमार, ज्वाला गुट्टा, मंजूषा कंवर, पार्थो गांगुली और मल्लिका बरुआ सरमा शामिल हुए। उबेर कप के लिए सिंगल्स और डबल्स, दोनों में शीर्ष खिलाड़ियों के हटने के बाद चयनकताओं ने युवाओं को मौका देने का फैसला किया। पीवी सिंधू ने चयनकताओं को पहले ही सूचित कर दिया था कि ओलंपिक से पहले लगातार टूनार्मेंट होने के कारण, उन्होंने और उनकी टीम ने ओलंपिक की तैयारी के लिए उबेर कप को छोड़ने का फैसला किया है। इसके अलावा डबल्स में अश्विनी पोनप्पा-तनीषा क्रास्तो और त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने भी नाम वापस ले लिया।







**थॉमस कप टीम:**

**सिंगल्स:** एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज

**डबल्स:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, एमआर अर्जुन, ध्रुव कपिला और साई प्रतीक।

**उबेर कप टीम**

**सिंगल्स:** अनमोल खरब, तन्वी शर्मा, अश्मिता चालिहा और ईशारानी बरुआ।

**डबल्स:** श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम, सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर।

## वाह! गरीबी की इंतहा, पिता चलाते हैं खेतों में हल... बिटिया को अवॉर्ड में मिले 25 लाख

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के सिमडेगा जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर पिथरा पंचायत के छोटे से गांव बड़कीछापर में रहने वाले सलीमा टेटे का परिवार आज बेहद खुश होगा। कभी हाथ से बने बांस की स्टिक और बॉल से हॉकी खेलना शुरू करने वाली सलीमा को हॉकी इंडिया की साल के बेस्ट महिला खिलाड़ी का अवॉर्ड मिला है। पहली बार ये अवॉर्ड जीतने वाली मिडफील्डर सलीमा टेटे का कहना है कि 25 लाख रुपये नकद ईनाम मिलना उनके परिवार के लिए गर्व की बात है। सलीमा का परिवार आज भी गांव में मिट्टी के मकान में रहता है। पिता सुलक्सन टेटे और भाई अनमोल लकड़ा खेत में हल-जोतकर अनाज पैदा करते हैं। मां सुबानी टेटे हाउस वाइफ हैं। सलीमा की चार बहनों में इलिसन, अनिमा, सुमंती एवं महिमा टेटे शामिल हैं। सलीमा को देखकर छोटी बहन महिमा भी हॉकी खेलने लगी और नेशनल लेवल पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करती हैं। सलीमा टेटे भी टोक्यो ओलिंपिक 2022 में भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा थीं। लंबे संघर्ष के बाद उन्होंने भारतीय टीम तक का सफर तय किया। सलीमा की माने तो इस अवॉर्ड से उनका मनोबल भी बढ़ेगा। टेटे ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, जब मेरे परिवार ने पुरस्कार के बारे में सुना तो उन्हें भी मुझ पर काफी गर्व हुआ। पुरस्कार के साथ हमें नकद ईनाम भी मिलता है जो मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मुझे ईनाम मिला मतलब मेरे परिवार को ईनाम मिला। बेहद गरीब परिवार में जन्मीं टेटे ने कहा, 'मैं हॉकी इंडिया को इसके लिए धन्यवाद देती हूं क्योंकि इसकी बदौलत मेरे परिजनों की मदद हो गई है। एशियाई खेल 2022 में कांस्य विजेता टीम की सदस्य टेटे ने कहा, अपने करियर में पहली बार इतना बड़ा पुरस्कार पाकर अच्छा लग रहा है। यह बड़ा सम्मान है और मुझे हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

# लौहनगरी के युवा लेखक गोपाल कुमार का अंग्रेजी काव्य संग्रह बियोंड होराइजन प्रकाशित

- अमेजन, फ्लिपकार्ट, ईबे समेत अनगिनत वेबसाइटों पर बिक्री के लिए ऑनलाइन उपलब्ध
- दुनिया भर के यात्राओं से मिलने वाले सीख पर आधारित 100 अनमोल कविताओं का संग्रह है बियोंड होराइजन
- गांवों के देश भारत की सभ्यता, संस्कृति है सबसे अनमोल, इनका संरक्षण संवर्धन


**तरुण कुमार**

**जमशेदपुर।** धरती के बेहतर भविष्य के लिए समूची दुनिया बच्चों और युवाओं की तरफ आशा की दृष्टि से देखती है। हम युवा जिस दिशा में आगे बढ़ेंगे, हम सबका भविष्य वही होगा। वर्तमान में युवा अनगिनत सामाजिक रूढ़ियों, भेदभाव, उलझनों, कैरियर, रिलेशनशिप, टूटते सपने इत्यादि जैसे तमाम चुनौतियों से जूझ रहा है, जो उनके साहस और उत्साह को प्रभावित करती है। इस दौर में यात्राएं युवाओं के सोच को नई दिशा दे सकती है।

यात्राओं के दौरान हम प्रति और संसति के अनगिनत स्वरूपों से रूबरू होते है, जो मन के बंधनों को तोड़ते हुए, जीवन व मानवता के प्रति प्रेम करूणा भाव जगाते हुए, मानस में नई ऊर्जा व सकारात्मकता का संचार करती है, जो हमें अपने लक्ष्य की दिशा में सदैव गतिमान बने रहने की सीख देती है। ये बातें युवा लेखक गोपाल कुमार ने अपने काव्य संग्रह बियोंड होराइजन वर्स अफ एडवेंचर के बारे में बात करते हुए कही।

काव्य संग्रह बियोंड होराइजन - वर्स अफ एडवेंचर गोपाल कुमार की दूसरी पुस्तक है जिसका प्रकाशन 2024 में नोशन प्रेस के द्वारा किया गया है। इससे पहले 2005 में गोपाल कुमार ने एनर्जी इंडिपेंडेंस पुस्तक लिखी थी, जिनका विमोचन अनगिनत युवाओं के प्रेरणास्त्रोत भारत के तात्कालिक राष्ट्रपति डा एपीजे अब्दुल कलाम जी ने किया था।

243 पृष्ठों का अंग्रेजी काव्य संग्रह बियोंड होराइजन में 100 अनमोल कविताओं का संग्रह है। जो लेखक गोपाल कुमार के द्वारा पिछले दो दशक में दुनिया भर के अनगिनत देशों की यात्राओं के दौरान अर्जित भावनाओं, सीखों व विश्लेषणों पर आधारित है। पुस्तक बियोंड होराइजन की कविताएं हमें विशेषकर युवाओं को जीवन को बेहतर तरीके से सीखने, व्यवस्थित करने हेतु यात्राएं करने को प्रोत्साहित करती है, यात्राएं हमें बताती है, जीवन की छोटी मोटी कठिनाइयां हमारा रास्ता नहीं रोकती, बल्कि हमारे लिए नये रास्ते तैयार करती है, जिनपर चलकर हम श्रेष्ठता को प्राप्त कर सकते हैं।

अपने जमशेदपुर आवास पर अपनी मां डा पुष्पा तिवारी के साथ अपने काव्य संग्रह दिखाते गोपाल कुमार और काव्य संग्रह बियोंड होराइजन का आवरण।

### पुस्तक अमेजन, फ्लिपकार्ट, ईबे समेत अनगिनत वेबसाइटों पर उपलब्ध

- गोपाल कुमार की पुस्तक बियोंड होराइजन अमेजन, फ्लिपकार्ट, ईबे समेत अनगिनत वेबसाइटों पर बिक्री के लिए अनलाइन उपलब्ध है।
- पुस्तक के कवर पृष्ठ पर पद्म भूषण डा श्यामा चोना जी की टिप्पणी उद्धृत है, जिसके अनुसार ''कविताएं मनुष्य के अतीत की यादों और जीवन यात्रा को दर्शाते हुए मनुष्य के अंदर समाहित अनंत संभावनाओं व लालसाओं का चित्रण है। गोपाल कुमार ने पुस्तक को अपनी मां डा पुष्पा तिवारी जी को समर्पित किया है।
- अविभाजित बिहार के मुज्जफरपुर निवासी गौतम कुमार (अब स्वर्गवासी) और डा पुष्पा तिवारी के पुत्र गोपाल कुमार ने लोयोला स्कूल, जमशेदपुर से स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद नई दिल्ली स्थित डीपीएस आरकेपुरम से 12वी की पढ़ाई की। उसके बाद एमआईटी, अमेरिका, हार्वर्ड और सिंगापुर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानो से उच्च शिक्षा पूरी की। शिक्षा पूरी करने के बाद गोपाल ने सिंगापुर, कनाडा समेत कई देशों में कई बहुराष्ट्रीय संस्थानों में अपनी सेवाएं दी। इस दौरान उन्हें कई महादेशों के दर्जनों देशों की यात्राएं करने का अवसर मिला। कोरोना की विभीषिका ने गोपाल को फिर से अपनी जन्मभूमि लौटने का अवसर दिया। उसके बाद गोपाल जमशेदपुर (भारत) में रहकर ही दुनिया भर के कई संस्थानों को तकनीकी रिक्रूटमेंट, सिटीजन कंसल्टेंसी सेवाओं पर कार्य कर रहे है।
- गोपाल बताते है कि भारत का गांव आधारित जीवन दुनिया भर में सबसे अनोखा है। जो हम इंसानों को एक दूसरे के साथ मिलजुल कर प्रेम सद्भाव से एक साथ जीना सिखलाता है। पाश्चात्य संसति का प्रभाव अब हमारे यहां भी तेजी से विकसित हो रहा है, इस दौर में भारत की सभ्यता संस्कृति को संरक्षित व संवर्धित करने का प्रयास अहम है।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता जगजीत सिंह सोनू के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी से जुड़े एक सिख युवा नेता के खिलाफ महिला को कोल्ड ड्रिंक्स में नशा मिला कर बेहोश करने व दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया गया है। भाजपा नेता का नाम जगजीत सिंह सोनू है, और वह सीतारामडेरा क्षेत्र का निवासी है। टुइला डुंगरी निवासी महिला विवाहित है और उसने गोलमुरी में जगजीत सिंह सोनू के खिलाफ मामला दर्ज कराया है और यह भी आरोप लगाया है कि नेता ने उसकी अश्लील तस्वीर वायरल कर देगा। महिला ने पुलिस को बताया है कि वह सिलाई-कढ़ाई का काम करती है जबकि जगजीत सिंह टाटा मोटर्स लिमिटेड के जमशेदपुर प्लांट में स्थायी कर्मचारी है। महिला के अनुसार जगजीत सिंह सोनू अपने घर का कपड़ा सिलवाने उसके पास आया करता था। इसी क्रम में उससे जान पहचान हो गया। एक दिन उसने आवश्यक काम बताते हुए एक लाख रुपये उधार मांग ले गया। बाद में रुपया मांगने पर वह आना-कानी करने लगा। महिला ने आरोप लगाया है कि गत 18 मार्च को सोनू ने उसे भुइयांडीह श्मशान घाट के पास स्थित एक होटल में आकर रुपया ले जाने के लिए बुलाया। पीड़ित महिला वहां गई तो जगजीत ने उसे तीन चेक ये इसके बाद नाश्ता और कोल्ड ड्रिंक्स मंगाया। उसने महिला को नाश्ता और कोल्ड ड्रिंक्स पीने का आफर दिया। कोल्ड ड्रिंक्स पीने के बाद उसे चक्कर आने लगा और वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में महिला के साथ जगजीत सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसी अवस्था में छोड़ कर भाग गया। जब महिला होश में आयी तो उसने अपने को होटल के बिस्तर पर नग्न पाया। वह घबड़ा गयी और किसी तरह कपड़े पहन कर घर वापस आयी और घर वालों को पूरी घटना की जानकारी दी। बाद में परिवार के कहने पर उसने गोलमुरी थाने में जगजीत के खिलाफ दुष्कर्म एवं जान से मारने व अश्लील विडियो वायरल करने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया। महिला फिलहाल डिप्रेशन से गुजर रही है और उसका इलाज चल रहा है। इधर, गोलमुरी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### कपाली में पत्थर से कूच दिनदहाड़े युवक की हत्या

**जमशेदपुर।** कपाली थाना क्षेत्र के रहमतनगर शाहिद बगान में आज एक युवक की दिन दहाड़े पत्थर से कुच कर हत्या कर दी गयी। युवक की पहचान कपाली हरि मंदिर रामू चौक निवासी मो दिलशाद के रूप में की गयी है। उसका शव एक चटाई पर पड़ा हुआ था जबकि बगल में खून लगा बड़ा पत्थर रखा था। दिलशाद का मोबाइल भी गायब है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टाटा वर्कर्स यूनियन के पदधारियों की बैठक



**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों की एक बैठक आज चमड़िया गेस्ट हाउस में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक हुई। अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी 11 पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में इसीबीएस-2 पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कहा गया कि ओल्ड सिरिज के कर्मचारियों का प्रमोशन लटक गया है जबकि उनका एसेसमेंट तक नहीं हुआ है। ऐसे में उन्हें एक उचित समय देकर प्रमोशन का रास्ता खोला जाए। जो लोग इसीबीएस-1 में सफल हो गए हैं उनको प्रमोशन दिया जाना चाहिए। जल्द ही इस मसले पर डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कु मार सिंह प्रबंधन के साथ बैठक करेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष संजीव तिवारी ने एनएस ग्रेड के कमेटी मेंबरों को ज्वाइंट कमेटियों में प्राथमिकता देने की मांग कीद्व। उन्होंने पीएफ ट्रस्टी में भी एनएस ग्रेड को स्थान देने की मांग की। दूसरी ओर,डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरीका हर हाल में साथ देंगे चाहें वो सही काम करें या गलत। इसपर नितेश राज ने प्रतिवाद किया कि आप पीठ पीछे अध्यक्ष की आलोचना करते हैं।

# ज्योति अग्रवाल हत्याकांड में शामिल शूटर विशाल साथी समेत गिरफ्तार

- पुलिस ने अपराधियों के पास से पिस्टल एवं खोखा बरामद किया

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र के एनएच 33 स्थित वेब इंटरनेशनल एवं कांडरबेड़ा के बीच गत 29 मार्च की रात जमशेदपुर के बहुचर्चित सोनारी के आस्था हाईटेक सिटी की रहने वाली ज्योति अग्रवाल हत्याकांड के शूटर विशाल प्रसाद उर्फ विशाल कालिंदी एवं उसके साथी प्रकाश उर्फ बोंदा उर्फ शंकर देवगम को पुलिस ने पश्चिम सिंहभूम के मंझगांव के जंगल से बुधवार को गिरफ्तार किया है जिसे गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

शूटर विशाल प्रसाद एवं उसके साथी प्रकाश जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित बाबूडीह लाल भट्ठा नीयर हनुमान मंदिर के रहने वाला है। चांडिल एसडीपीओ सुनील कुमार रजवाड़ ने आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि घटना के बाद से शूटर विशाल प्रसाद एवं उसके साथी प्रकाश फरार चल रहा था। दोनों के गिरफ्तारी के लिए छापेमरी टीम का गठन किया गया था। दोनों के पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक खोखा तथा दो स्मार्टफोन को जब्त किया है।

उन्होंने बताया दोनों शूटर के अपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। मालूम हो कि ज्योति अग्रवाल हत्याकांड में शामिल उनके पति एवं अन्य तीन लोगों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। प्रेसवार्ता में चांडिल थाना प्रभारी वरूण यादव मौजूद थे।


चांडिल एसडीपीओ सुनील रंजवार सहयोगी अधिकारियों संग अपराधियों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते हुए।

## एक नजर में

### तेनुघाट बस पड़ाव के समीप मनाया गया शहीद विनोद यादव का दसवां शहादत दिवस



**बेरमो /तेनुघाट।** बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट स्थित बस पड़ाव में शहीद विनोद यादव का 10वां शहादत दिवस मनाया गया। उनकी आदमकद प्रतिमा पर सर्वप्रथम सीआर पी एफ 26 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट अनिल कुमार राम एवं उनकी पत्नी अंजू देवी,उनके माता पिता सहित समाज कई गणमान्य लोग पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ बाल के जवानों ने उनके प्रतिमा के समीप गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा शहादत की बिगुल बजाते हुए अपनी भावनाओं को प्रकट किया। श्रद्धांजलि देने पहुंचे गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, ओबीसी आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो, गोमिया पुलिस निरीक्षक महेश कुमार सिंह, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, नीलम श्रीवास्तव, जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष नायक, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, महा सचिव वकील महतो मुखिया प्रतिनिधि संतोष श्रीवास्तव, रामचंद्र यादव, सभी ने बारी बारी से अपने संबोधन में शहादत के परिजनों को हिम्मत दिया उनके बारे मे बताया। अपने संबोधन गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने कहा कि 2014 में हम सबों के बीच रहने वाले घरवाटांड़ निवासी विनोद यादव की शहादत छत्तीसगढ़ के सुकमा जिला में हुआ था। मौके पर हीरालाल यादव, विजय यादव, वासुदेव यादव, मल्लू यादव, रोहित यादव, प्रेम यादव, लालचंद यादव, राजकुमार यादव, राजेंद्र यादव,भीम यादव, प्रीतम यादव, विनोद यादव, रवि यादव एवं समस्त संगठन के लोग शामिल थे।

### श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल प्री प्राइमरी विंग का शैक्षणिक कार्यक्रम प्रारंभ



**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय के प्राथमिक वर्ग के छात्रों का सत्र प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पूरे विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया। विद्यालय में पूर्व हीं चैतन्य ज्योति प्रवेश महोत्सव के माध्यम से प्राथमिक वर्ग के छात्र छात्राओं का स्वागत हुआ है। पूर्व के छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक परिधान में नए मित्रों का स्वागत उनके लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। डोनाल्ड डक स्पाइडर मैन मिकी माउस सिन्ड्रेला छोटा भीम परी के ड्रेस में इन बच्चों ने विद्यालय के नए बच्चों का स्वागत किया। समाचार एवं सुविचार से अवगत होकर छात्रों ने सुन्दर नृत्य एवं रैम्प वॉक का भी आनंद लिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ एसएस महापात्रा ने बच्चों को शुभकामानएं दी एवं उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए विद्यालय की प्रचार्या श्रीमती पी शैलजा जयकुमार ने कहा कि हर छात्र अपने आप में अव्वल और अनोखा है। नए छात्र छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उप प्रधानाचार्यों शिक्षकों शिक्षिकाओं एवं विद्यालय कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कोल्हान वेल्फेयर सोसायटी ने लोगों को कराया इफ्तार




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाजिक संस्था कोल्हान वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान मे आजादनगर रोड न - 6 में दावत -ए- अफ्तार का आयोजन किया गया। अफ्तार के पूर्व उपस्थित रोजेदारों ने सामूहिक रूप से अपने वतन , अपने शहर की खुशहाली, तरक्की व आपसी भाईचारगी के लिए अल्लाह से दुआएं की । मगरिब की नमाज उसी स्थान पर अदा की गई। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष शफी अहमद खान, सचिव गुफरानुल हसन, मो मुशताक, शमीम अहमद समेत काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

# नवजीवन कुष्ठ आश्रम में टाटा स्टील का बिजली पानी मिलेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बाराद्वारी स्थित नवजीवन कुष्ठ आश्रम के निवासियों को 20 दिनों के अंदर पानी व बिजली का कनेक्शन मिल जायेगा। कुल मिलाकर आश्रम के 400 फ्लैट निवासी 2019 से इन सुविधाओं से वंचित हैं। आश्रम निवासी ने 1 अप्रैल को ओडिशा के राज्यपाल श्री रघुवर दास से एग्रिको स्थित उनके आवास पर मुलाकात की थी। उन्होंने राज्यपाल से आश्रम के 25 ब्लकों के 400 फ्लैटों में से प्रत्येक में पानी और बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने में मदद करने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक सत्येन्द्र कुमार से फोन पर बात की और पानी एवं बिजली आपूर्ति की प्रगति के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने आश्रमवासियों को बताया कि टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (जिसे जुस्को के नाम से जाना जाता है) 20 दिनों के भीतर पानी और बिजली का कनेक्शन उपलब्ध कराएगा। तत्काल कुछ स्थानों में सार्वजनिक नल भी लगाया जा रहा है। जनहित के आलोक में गर्मी को देखते हुए समस्या का स्थाई समाधान होने से कुष्ठ आश्रम में निवास करने वाले लोगो में हर्ष व्याप्त है।



पूर्व विधायक प्रतिनिधि पवन अग्रवाल ने कहा, आश्रम के निवासियों ने राज्यपाल को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि वे जल्द ही प्रत्येक फ्लैट में पानी और बिजली कनेक्शन का आनंद लेंगे।

2019 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, 52 करोड़ रुपए की लागत से, कुष्ठ रोगियों और उनके परिवार के सदस्यों को कुल मिलाकर 400 फ्लैट दिए गए थे। वहां कई हजार लोग रह रहे हैं।

### नोडल पदाधिकारी ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों और केबल ऑपरेटरों को दिये जरूरी दिशा निर्देश



**बोकारो।** सूचना भवन स्थित कार्यालय कक्ष में एमसीएमसी कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओपी गुप्ता की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस संचालकों/केबल ऑपरेटर के साथ कोषांग के प्रभारी सह डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय एपीआरओ अविनाश कुमार समेत अन्य की उपस्थिति में संपन्न बैठक में श्री गुप्ता ने कहा कि चुनाव से सम्बन्धित पोस्टर बैनर हैण्डबिल इत्यादि के प्रकाशन के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित चुनाव व्यय अनुश्रवण से सम्बन्धित अनुदेशिका की कंडिका 127अ के तहत दिए गए दिशा निर्देश का सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक अनिवार्य रूप से अनुपालन करेंगे। श्री पांडेय ने बताया कि किसी भी प्रकाशित सामग्री में प्रिंटर एवं पब्लिशर का नाम व पता अनिवार्य होगा। पुन: प्रिंटिंग प्रेस को प्रिन्टिग हेतु आपूर्ति आदेश देने वाले व्यक्ति की पहचान किसी ऐसे दो व्यक्ति से अभिप्रमाणित कराया जाना अपेक्षित होगा जिन्हें वह व्यक्तिगत रूप से जानता हो। प्रिंटिंग सामग्री तैयार होने के उपरान्त प्रिंटर द्वारा सामग्री प्रकाशित कराने वाले व्यक्ति की पहचान सम्बन्धी घोषणा के साथ प्रकाशित सामग्री की एक प्रति एमसीएमसी कोषांग/व्यय अनुश्रवण कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# शेन इंटरनेशनल में नया सत्र शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शेन इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 की बुधवार से शुरुआत हुई ।बच्चे नई कक्षा में प्रवेश कर काफी उत्साहित दिखे। परीक्षा की समाप्ति के उपरांत काफी दिनों बाद अपने सहपाठियों से मिलकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूल प्रबंधन की ओर से नव नामांकित बच्चों का स्वागत किया गया. अपने संबोधन में स्कूल की प्राचार्या (एडमिनिस्ट्रेटिव) पुष्पा भल्ला ने सभी बच्चों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए सत्र में सभी बच्चे शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक दोनों ही प्रकार की गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्कूल पूर्व की भांति बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करेगा । स्कूल की प्राचार्या (एकेडमिक) रमा श्रीनिवासन ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी शैक्षणिक सत्र की गतिविधियों से अवगत कराया । विद्यालय की उप प्राचार्या केया अदक एवं हेडमिस्ट्रेस सिमरन सग्गू ने भी बच्चों को नए सत्र के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूरे स्कूल परिसर की आकर्षक साज-सज्जा की गई थी।




# सेवानिवृत 20 सदस्यों को टाटा वर्कर्स यूनियन ने दी विदाई



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 4 अप्रैल को यूनियन परिसर में आयोजित विदाई समारोह में टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और टाटा वर्कर्स यूनियन के 20 सदस्यों को सम्मानित किया गया। संजीव चौधरी, अध्यक्ष, सतीश सिंह, जनरल सचिव, शैलेश सिंह उपाध्यक्ष, शाहनवाज आलम उपाध्यक्ष, राजीव चौधरी, उपाध्यक्ष, श्याम बाबू, सहायक। सचिव एवं आमोद दुबे, कोषाध्यक्ष एवं लेखाकार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत किया और गुलदस्ता एवं उपहार भेंट किये।

### लोकसभा में शांति पूर्ण और निष्पक्ष चुनाव को कराने के प्रशासन ने किया शक्ति प्रदर्शन



**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कानून व्यवस्था, शांति पूर्ण भय हीन वातावरण सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान हेतु गुरुवार को एसएसबी एवं जिला पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से गोड्डा जिलान्तर्गत नगर थाना क्षेत्र गोड्डा के बड़हरा, रूपियामा, पकड़ियाघाट, कनाडीह, रामनगर, राजकछहरी, कुम्हारटोली, लहेरीटोला, गोड़ीघाट, लोहियानगर, गंगटाखुर्द, असनबनी, अमरपुर, फतेटोला, सरकंडा, तियूडीह, बेलारी एवं अन्य बूथो का भौतिक सत्यापन कर, फ्लैग मार्च करते हुए मुफ्फसिल थाना गोड्डा क्षेत्र के चांदनी चौक के समीप स्थान बदल-बदल कर वाहनों की जांच की जा रही है। ताकि मतदान निष्पक्ष और शांति पूर्ण मतदान कराया जा सके और मतदान को प्रभावित करने वाले और धांधली करने वाले आसामाजिक तत्वों और अपराधी तत्वों पर नियंत्रण करने और पुलिस की निगाह भी उन पर रहे।

# भाजपा का 44वां स्थापना दिवस कल धूमधाम से मनायेगा जमशेदपुर

- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीबाई वाजपेयी होंगे मुख्य अतिथि
- जिला भाजपा कार्यालय पर होगा भव्य आयोजन, भाजपा ने शुरू कर रखी है तैयारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 44वां स्थापना दिवस को भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर भाजपा कार्यकर्ता तैयारी में जुट गये हैं। इस निमित्त, गुरुवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडल अध्यक्षों की बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा के स्थापना दिवस को भव्य रूप में मनाने एवं बूथ स्तर पर चल रहे अभियान की समीक्षा के संग चुनावी कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पार्टी के स्थापना दिवस पर बूथ अध्यक्ष से लेकर सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने घरों पर सम्मानपूर्वक भाजपा का ध्वज लगायेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि 6 अप्रैल को साकची स्थित जिला कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राज्यसभा सांसद एवं झारखंड के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जहां महापुरुषों को स्मरण कर उनके छविचित्रों पर माल्यार्पण व नमन करने के पश्चात भाजपा के ध्वज का ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद, वे जमशेदपुर महानगर के प्रमुख और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संवाद करेंगे। सुधांशु ओझा ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस को मंडल स्तर एवं बूथ स्तर पर मनाने की कार्ययोजना बनाई गई है।

बैठक के दौरान संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, राकेश सिंह, अनिल मोदी, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, विजय तिवारी, राजीव सिंह, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रय, मोचीराम बाउरी, धर्मेंद्र प्रसाद, समेत मंडलाध्यक्ष मंडलाध्यक्ष सुरेश शर्मा, ध्रुव मिश्रा आदि थे।


स्थापना दिवस की तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा। बायें राकेश कुमार सिंह और दायें बैठे हैं अनिल मोदी।

# चिराग ने छुए नीतीश के पैर अर्से बाद एक मंच पर दिखे दोनों

**एजेंसी**

**जमुई।** बिहार में लोकसभा चुनाव के माहौल में राजनीति के नए रंग देखने को मिल रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जमुई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान एक मंच पर दिखाई दिए। सिर्फ इतना ही नहीं चिराग ने नीतीश के पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। एनडीए की सभा इसलिए भी खास रही कि यहां अर्से बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सांसद चिराग पासवान मंच पर एकसाथ दिखे। दोनों करीब-करीब एक ही साथ सभा स्थल पर पहुंचे। नीतीश के मंच पर पहुंचते ही चिराग ने पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। दोनों नेताओं के इस मिलन को जनता की तरफ से खूब सराहना मिली। जिंदाबाद के नारे भी खूब लगाए गए। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए से अलग होकर चिराग पासवान के नेतृत्व में लोक जनशक्ति पार्टी ने चुनाव लड़ा था।

**चिराग ने की नीतीश सरकार की प्रशंसा :** लोजपा में टूट के बाद भी यही स्थिति बनी रही। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बने नए राजनीतिक समीकरणों ने एकबार फिर से दोनों को एक मंच पर ला दिया। दोनों दलों का यह मिलन भी स्वाभाविक दिख रहा था। राजनीति से जुड़े लोग एनडीए की मजबूती के लिए इसे अच्छा बता रहे हैं। चिराग ने नीतीश का आशीर्वाद लिया तो ऐसा लगा मानो दोनों के बीच के सारे गिले-शिकवे दूर हो गए। फिर चिराग ने अपने संबोधन में नीतीश सरकार की प्रशंसा की। कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बेहतर काम करती रहे।



## कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने पर धन्यवाद

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने पर पीएम नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। मोदी की ओर मुखातिब होकर कहा, हम कई बार बोले हैं और आज भी बोल रहे हैं कि कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर आपने बहुत अच्छा किया है। हम लोग लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। आपने उसे पूरा कर दिया। कपूर्री ठाकुर के काम को भुलाया नहीं जा सकता है और ना ही आपको। अपने संबोधन में एकबार फिर मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिनों के लिए वे उधर चले गए थे।

## खबर एक नजर में

# पुलिस और एसटीएफ की छापेमारी में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**एजेंसी**

**मुंगेर।** मुंगेर की पुलिस और एसटीएफ ने गुरुवार को सयुंक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया है। इसके साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार हुए व्यक्तियों की पुलिस ने पहचान कर ली है। इनमे झारखंड के साहेबगंज मिजाचौकी थाना क्षेत्र का रहने वाला प्रदीप मंडल, नयारामनगर थाना क्षेत्र के लोहचा बिंद टोली के रहने वाले दिलखुश कुमार उर्फ दिल्लो और बब्लू बिंद शामिल है। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से पुलिस ने 75 पीस डेटोनेटर, छह किलो सफेद विस्फोटक पदार्थ सहित दो मोबाइल बरामद किया है।

### पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना

एसपी सैयद इमरान मसूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सूचना मिली थी कि झारखंड से कुछ लोग विस्फोटक पदार्थ लाकर नयारामनगर थाना अंतर्गत रतनपुर रेलवे स्टेशन के पास खरीद बिक्री कर रहे हैं।

इसी सूचना पर मुंगेर की पुलिस और एसटीएफ की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम रतनपुर स्टेशन के पास पहुंचकर उक्त स्थल की घेराबंदी कर छापामारी की। इस क्रम में पुलिस को देख तीन लोग भागने का प्रयास किया, जिन्हें एसटीएफ के सहयोग से पकड़ लिया गया। तीनों के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ को बरामद किया गया।

### पत्थर के कारोबार से जुड़ा है मामला

एसपी ने बताया कि प्रदीप मंडल साहेबगंज से विस्फोटक पदार्थ लेकर दिलखुश कुमार और बब्लू बिंद को देने के लिए आया था। उन्होंने कहा कि प्रदीप मंडल साहेबगंज में पहाड़ तोड़ने का कारोबार करता है। वहीं, कोरोना महामारी के समय दिलखुश कुमार और बब्लू बिंद प्रदीप के साथ साहेबगंज में एक साल काम किया था, जिसके बाद दोनों अपने घर चले गए थे। तीन माह पूर्व तीनों ने मिलकर ऋषिकुंड पहाड़ में विस्फोट कर पत्थर का कारोबार शुरू किया। इसके बाद से दिलखुश और बब्लू बिंद आस-पास के इलाके में पहाड़ तोड़ने के लिए प्रदीप से विस्फोटक पदार्थ मंगवाया था और फिर पत्थर के कारोबार में उपयोग करता था. एसपी ने बताया कि प्रदीप मंडल साहेबगंज से विस्फोटक पदार्थ लेकर दिलखुश कुमार और बब्लू बिंद को देने के लिए आया था। उन्होंने कहा कि प्रदीप मंडल साहेबगंज में पहाड़ तोड़ने का कारोबार करता है। वहीं, कोरोना महामारी के समय दिलखुश कुमार और बब्लू बिंद प्रदीप के साथ साहेबगंज में एक साल काम किया था, जिसके बाद दोनों अपने घर चले गए थे। तीन माह पूर्व तीनों ने मिलकर ऋषिकुंड पहाड़ में विस्फोट कर पत्थर का कारोबार शुरू किया. इसके बाद से दिलखुश और बब्लू बिंद आस-पास के इलाके में पहाड़ तोड़ने के लिए प्रदीप से विस्फोटक पदार्थ मंगवाया था और फिर पत्थर के कारोबार में उपयोग करता था।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की मांग



रंजनी शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में मतदाताओं को जागरूक करने एवं सरकार द्वारा उपलब्ध पोस्टर, पर्चा आदि सार्वजनिक स्थलों पर लगवाने की मांग की है। सौंपे गये आवेदन में कहा गया है कि भवनाथपुर क्षेत्र में अब तक जागरूकता रथ नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में सार्वजनिक स्थलों बस स्टैंड, रेलवे स्टेषन आदि सहित विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी सार्वजनिक स्थलों पर सरकार द्वारा प्राप्त पोस्टर लगाकर मतदाताओं को जागरूक करना जनहित में आवष्यक है।

उन्होंने कहा है कि महिला स्वयं सहायता समूह एवं अन्य सामाजिक संगठनों का सहयोग मतदाता जागरूकता अभियान में लिया जाता रहा है। श्रीमती शर्मा ने इस पर नियमानुकुल कार्रवाई करने की मांग की है।

## पटना में गैस वेंडर की गोली मारकर हत्या

**पटना।** राजधानी पटना में गुरुवार (04 अप्रैल) की सुबह एक गैस वेंडर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना कंकड़बाग इलाके की है। गोली लगने से गैस वेंडर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रंजीत राम के रूप में की गई है। उसकी उम्र 40 साल के करीब होगी। घटना संबंधित एक सीसीटी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि एक व्यक्ति गैस का ठेला खींच रहा है तो वहीं ठेला के पीछे-पीछे रंजीत भी चल रहा था। इसी दौरान पीछे से बाइक से दो बदमाश पहुंचे और गोली मारकर फरार हो गए। सुबह गैस सिलेंडर बांटने निकला था। घटना करीब 10 बजे के आसपास की है। हत्या की वारदात को बदमाशों ने कंकड़बाग इलाके के एलआईजी पार्क के पास अंजाम दिया है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर चला सघन वाहन चेकिंग अभियान



वाहन की जांच करते थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के डंडई यदुवंशी पेट्रोल पंप के समीप डंडई-मेराल मुख्य मार्ग पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर डंडई थाना प्रभारी जनार्दन राउत के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 37 दो पहिया व आठ चार पहिया सहित छोटी बड़ी वाहनों की डिक्की खोलकर विवित जांच की। थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मय नजर आदर्श आचार संहिता का पालन के लिए व दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के अलावा क्राइम कंट्रोल के लिए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आगे कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है।

## सीवान में रिटायर्ड शिक्षक की गला रेत कर हत्या

**सीवान।** सीवान में बुधवार (03 अप्रैल) की रात करीब आठ बजे एक वृद्ध (उम्र करीब 82 साल) रिटायर्ड शिक्षक की अज्ञात बदमाशों ने गला रेतकर हत्या कर दी. घटना मुफस्सिल थाना इलाके के सरसर गांव की है। हत्या के बाद शव को करीब 15 मीटर तक घसीट कर बदमाश ले गए और फिर छोड़कर भाग गए। यह घटना किन कारणों से हुई है अभी तक स्पष्ट नहीं हो रहा है। इस घटना को लेकर दूसरी ओर चर्चा है कि बदमाश किसी और की हत्या करने आए थे और गलती से किसी और को मार दिया। यही वजह है कि मारने के बाद शव को 15 मीटर तक घसीट कर ले गए और फिर वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए।

# मझिआंव प्रखंड परिसर में मतदाता जागरूकता रथ का स्वागत, निकाली गई जागरूकता रैली



जागरूकता रैली में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को मतदाता जागरूकता रथ का बीडीओ सतीश भगत, सीओ शंभू राम, थाना प्रभारी आकाश कुमार एवं नपं के नगर प्रबंधक जितेश कुमार के साथ साथ अन्य कर्मियों ने स्वागत किया। स्वागत के दौरान जेएसएलपीएस के बीपीएम शिवकुमार के नेतृत्व में समूह की महिलाओं के द्वारा चुनाव का पर्व, देश का गर्व लिखकर मानव श्रृंखला बनाया गया। जिसके बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर मतदान करने के संबां में लोगों को जागरूक किया गया। इसके पश्चात पदाधिकारियों के नेतृत्व में चुनाव से संबंधित कर्मियों एवं अन्य कर्मियों, जेएसएलपीएस की समूह की महिलाओं एवं स्थानीय लोगों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली प्रखंड कार्यालय से निकलकर लोहरपुरवा बायपास रोड होते हुए गढ़वा-मझिआंव मुख्य पथ से बाजार क्षेत्र होते हुए पुनः प्रखंड कार्यालय पर समाप्त हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने हाथ में बैनर पोस्टर, भीभीपैट डमी मशीन लिए नगर भ्रमण किया। मौके पर बीडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान कम से कम 80 प्रतिशत हो जिसको लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। मतदान के लिए जागरूक करना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है और इसको लेकर वृहद प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। मौके पर जन सेवक परमानंद प्रसाद, प्रशांत कुमार मिश्रा, सुरेश सिंह, अंचल निरीक्षक प्रभारी ननलाल उरांव, पंचायत सचिव विनोद सिंह, अविनाश कुमार, उत्पल रोशन टोप्पो, राकेश कुमार सिन्हा, विकास सिंह, रामाकांत तिवारी सहित अन्य सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# आग लगने से झाला जलकर हुआ खाक



आग लगने से जला झाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के घाघरा गांव में बीती रात मंगर कोरवा के झाला में आग लग गई। जिससे झाला पूरी तरह जलकर खाक हो गया, दो पशु जलने से बच गये। मंगर कोरवा ने गांव के ही अजय साह, सुधीर साह, आनंद साह, अजित साह पिता स्व अकलू साह पर झाला जलाने का आरोप लगाते हुए थाना को आवेदन दिया है। घटना के संबंध में मंगर ने बताया कि बीती रात हम लोग घर में खाना खा रहे थे, इसी बीच बाहर शोरगुल आवाज सुने। निकाल कर देखा तो झाला जल रहा था। अगल बगल के लोग जब तक पानी लेकर दौड़ते बुझाने के लिए, सब चल चुका था। दो पशु बंधे हुए थे वह किसी तरह बच गए। उसने बताया कि अजय साह, आनंद साह चारों भाई हमेशा ामकाते हैं यह जमीन हमारा है। खाली कर दो नहीं तो मार देंगे। हमें अंदेशा है कि उक्त चारों भाइयों ने ही झाला में आग लगाया है।

## पेज एक का शेष

### दुमका से नलिन, गिरिडीह से मथुरा प्रत्याशी घोषित

**अब झारखंड में होगी महारैली:** बताया जा रहा है कि मुंबई और दिल्ली की तर्ज पर अब झारखंड की राजधानी रांची में भी महारैली का आयोजन किया जायेगा। महारैली में तमाम साथी दलों के कद्दावर नेताओं की मौजूदगी से झामुमो को अपना अभियान चलाने में और बल मिलेगा। इसके साथ ही राज्य में आइएनडीआइए के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान का भी आगाज होगा।

### जमीन के कई अहम दस्तावेज से छेड़छाड़ की आशंका

**प्राथमिकी के आवेदन में :** रिकार्ड रूम की इंचार्ज सह उप समाहर्ता स्मृति कुमारी के द्वारा कोतवाली थाने में दिये आवेदन में जमीन के दस्तावेज चोरी करने को लेकर कोई बात नहीं लिखी है। आवेदन में यह लिखा गया है कि जमीन के दस्तावेज में बदलाव और छेड़छाड़ की गयी है। आवेदन में पुलिस को अभी बताया गया है कि शाम 5 बजे से लेकर सुबह 10 बजे तक रिकॉर्ड रूम का सीसीटीवी भी बंद था। अंदेशा है कि रिकॉर्ड रूम में किसी महत्वपूर्ण दस्तावेज में हेरफेर और बदलाव करने की कोशिश की गयी है। किसी दस्तावेज के गायब होने की सूचना नहीं है। जमीन के सभी महत्वपूर्ण और अति महत्वपूर्ण दस्तावेजों का मिलान करवाया जा रहा है। यह पता चल सके कि क्या वाकई कोई दस्तावेज गायब हुआ है या फिर किसी दस्तावेज के पन्ने बदले गये हैं।

### आज का भारत दुश्मनों को घर में घुस कर मारता है

**भारत अब घर में घुस कर मारता है :** पीएम ने कहा, आज का भारत अलग है। कांग्रेस के राज में भारत को गरीब और कमजोर देश माना जाता था। छोटे-छोटे देश जो आज आटे के लिए तरस रहे हैं, उनके आतंकी हम पर हमला करके चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी। पीएम ने कहा कि जब हमारी सरकार आयी तो मैंने कहा कि ऐसे नहीं चलेगा। आज का भारत घर में घुसकर मारता है। भारत वही महान पाटलिपुत्र और मगध वाला देश है। भारत वही चंद्रगुप्त मौर्य वाला भारत है जो आज घर में घुसकर मारता है, आज का भारत दुनिया को दिशा दिखाता है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया देख रही है कि केवल 10 वर्षों में भारत की साख और हैसियत किस तरह बढी है। उन्होंने कहा, ये पहला चुनाव है, जब रामविलास पासवान हमारे बीच नहीं हैं। हालांकि मुझे संतोष है कि चिराग पासवान उनके रास्ते पर चल रहे हैं। मेरी आप लोगों से अपील है कि जमुई में अरुण भारती को वोट देकर लोकसभा का विजयी बनायें। वहीं चिराग के बहनोई के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा, पीएम का जो 400 पार का लक्ष्य है, वो हम पूरा करेंगे और उसमें बिहार की 40 सीटों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

### पूर्णिया बनी हॉट सीट, पप्पू ने भी किया नामांकन

**पूर्णिया में अब त्रिकोणात्मक मुकाबला :** पप्पू यादव के नामांकन दाखिल करने के बाद पूर्णिया से त्रिकोणात्मक मुकाबले की उम्मीद की जा रही है। पूर्णिया में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। बनमनखी, कसबा, धमदाहा, पूर्णिया, कोढ़ा और रूपौली विधानसभा वाले इस सीट पर 2004 से जदयू और भाजपा का कब्जा रहा है। उसके पहले 1999 में पप्पू यादव बतौर निर्दलीय यहां जीत का परचम लहरा चुके हैं। भाजपा ने पहली बार 1998 में यहां जीत दर्ज की थी। 2004 के चुनाव में भाजपा ने यहां दूसरी बार जीत दर्ज की और उदय सिंह सांसद चुने गए थे। 2009 के चुनाव में भी उन्हें जीत मिली। पूर्व सांसद पप्पू यादव को भी यहां से तीन बार विजयी होने का आशीर्वाद मतदाताओं ने दिया। 2014 और 2019 में जदयू के संतोष कुशवाहा विजयी रहे। इस बार भी वह जदयू के सिंबल पर मैदान में हैं।

### इडी दफ्तर नहीं पहुंची अंबा, मांगी मोहल

**अंबा ने समय** लीः बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद को इडी ने समन जारी कर गुरुवार को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी कार्यलय बुलाया था, लेकिन वो ईडी ऑफिस नहीं पहुंची। जानकारी के मुताबिक, अंबा प्रसाद ने ईडी से समय मांगा है। इडी अंबा के भाई अंकित को समन जारी कर पांच अप्रैल को हाजिर होने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि ईडी ने अंबा और उनके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ हजारीबाग के विभिन्न थानों में दर्ज प्राथमिकी को मिलाकर ईसीआईआर दर्ज किया है। इसमें रंगदारी, लेवी वसूली, बालू का अवैध व्यापार सहित अन्य आरोप लगाये गये हैं। ईडी ने 12 मार्च को पिता-पुत्री सहित उनके रिश्तेदारों और करीबी लोगों के 20 ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान विधायक व उनके पारिवारिक सदस्यों का मोबाइल और अन्य डिजिटल डिवाइस जब्त किये

# फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने मोटरसाइकिल चालक से की 1 लाख 25 हजार रुपए जप्त



जांच करती टीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### बिना हेलमेट की गाड़ी नहीं चलाने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया

**मझिआंव।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देशानुसार जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर एंटी क्राइम सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वहीं मझिआंव-गढ़वा मुख्य पथ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप सड़क पर लगे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एफएसटी टीम के पदाधिकारी के द्वारा एक मोटरसाइकिल से लगभग 1,25,000 रुपए बरामद किया गया। मेराल थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी गुलजान अंसारी के पुत्र तसौवर अंसारी से रूपए बरामद किए गए।

इस संबंध में तसौवर ने बताया कि पलामू जिला के हैदर नगर थाना क्षेत्र के बभंडी गांव स्थित अख्तर उल्लूम मदरसा का अनलाइन ट्रस्ट के माध्यम से जमा चंदा को गढ़वा के एक्सिस बैंक में जमा करने जा रहे थे। इस संबंध में एफएसटी टीम के पदाधिकारी सह बीडीओ ने बताया कि एंटी क्राइम जांच के दौरान टीम के द्वारा मोटरसाइकिल से 1,24,781 रुपए बरामद की गई है। इसकी जानकारी एफएसटी टीम के वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है।

युवक तसौवर अंसारी को पूछताछ के लिए थाना में बैठाया गया है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट के वाहन चला रहे चालकों को पकड़ा गया। उसके साथ ही बिना हेलमेट की गाड़ी नहीं चलाने के चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। एंटीग्राम चेकिंग अभियान में एसआई नसीम अंसारी, एएसआई रविंद्र नाथ राय, मिथिलेश तिवारी के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# मनरेगा योजना में मची है लूट, पोकलेन मशीन से की जा रही है कुआं की खुदाई



कुंआ की खुदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से इन दिनों केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में मजदूरों के बजाय पोकलेन और जेसीबी मशीन से दिन के उजाले में धड़ल्ले से कार्य कराया जा रहा है। जिसका रोक टेक करने वाला शायद कोई नहीं है। साथ ही कार्यस्थल पर मनरेगा योजना का किसी प्रकार का कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।

गुरुवार को डंडई प्रखंड के सोनेहारा पंचायत में मनरेगा योजना का बिरसा सिंचाई कूप योजना में पोकलेन मशीन चलाते हुए देखा गया है। स्थानीय ग्रामीण और मजदूरों ने बताया कि उत्तर प्रदेश से पोकलेन मशीन मंगवाया गया है और मनरेगा का काम करवाया जा रहा है। हम गरीबों की पेट पर लात मारने का काम किया जा रहा है। वही पोकलेन मशीन चालक शुभम कुमार ने बताया कि यह पोकलेन मशीन यूपी के रबर्ट्सगंज का है। आज हम सिर्फ एक ही कुआं की खुदाई किए हैं। पिछले कई दिनों से हम इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। कार्य करा रहे एक योजना के लाभूक अमरेश प्रजापति ने बताया कि सिर्फ हम ही पोकलेन और जेसीबी मशीन से कुआं नहीं खुदा रहे हैं, पंचायत में जितना भी कुआं खुद रहा है, सभी में मशीन का प्रयोग तो हो रहा है। उसने अपनी कुआं भी पोकलेन मशीन व जेसीबी मशीन से खुदाई करने की बात स्वीकारते हुए कहा कि जेसीबी मशीन से ज्यादा गहराई तक कुआं खुदाई नहीं होता था, इसलिए पोकलेन मशीन से खुदाई करवाना पड़ रहा है।


उसने बताया कि 2 घंटे जेसीबी मशीन और लगभग 4 घंटे पोकलेन मशीन से कुआं की खुदाई किये है जो लगभग 28 फीट की गहराई तक खुदाई हो चुकी है। साथ ही उसने पूछताछ के क्रम में बताया कि मनरेगा योजना करने में लगभग 35000 रुपए मुखिया पति को कमीशन के रूप में दिए हैं। उस दौरान मुखिया पति बोले थे कि 20000 मेरा कमीशन है और 15000 पंचायत से लेकर प्रखंड के पदाधिकारी का है। मामले को लेकर मुखिया पति अजय पासवान ने पूछे जाने पर कहा कि पैसा का कहीं भी लेनदेन नहीं हुआ है यह झूठा आरोप है। रोजगार सेवक प्रमोद प्रजापति ने बताया कि पंचायत में कुल 77 मनरेगा का कुआं है। यदि कोई मनरेगा योजना में मशीन का प्रयोग कर रहे हैं तो उनका डिमांड रोक दिया जाएगा और पैसे की भुगतान नहीं की जाएगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने बताया कि यदि योजनाओं में मशीन का प्रयोग लोग कर रहे हैं तो तुरंत एक्शन लेकर कार्रवाई किया जाएगा।

## पटना में 2 हजार के पुराने नोटों का करने वाले थे हेरा फेरी

**पटना।** राजधानी पटना के एक अपार्टमेंट में पुलिस ने गुरुवार को छापेमारी की। लखनऊ के मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिले इनपुट पर पटना की पुलिस ने रूपसपुर थाने अंतर्गत पाटलिपुत्र जंक्शन स्थित पाटलिपुत्र हेरिटेज अपार्टमेंट के कमरा संख्या 208 में छापेमारी की। कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से 2,000 के नोट में लगभग 9.74 लाख रुपए जब्त किए हैं। बताया जा रहा है नोटों का हेराफेरी करने वाले थे. कई राज्य में इनका नेटवर्क काम कर रहा है। फिलहाल गिरफ्तार लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है. मिलिट्री इंटेलिजेंस के अनुसार पुलिस अनुसंधान कर रही है। जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि इन रुपयों को किस उद्देश्य से पटना मंगाया गया था? वहीं, पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले को लेकर रूपसपुर के एसएचओ रणविजय कुमार ने बताया कि लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस से हम लोगों को सूचना मिली कि पाटलिपुत्र स्टेशन के करीब न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी में पाटलिपुत्र हेरिटेज अपार्टमेंट में कुछ व्यक्ति नोटों का हेरा फेरी करने वाले हैं और 2000 के नोट पुराने नोट को कहीं ट्रांजैक्शन करने वाले थे, किसी व्यक्ति को देने वाले थे। सूचना के आधार पर हम लोग ने रेड किया। 14 व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### नो एंट्री के सीक्वल में दिखेंगी छिल्लर



**मुंबई।** मानुषी छिल्लर एक कॉमेडी फिल्म में एक्टिंग करने के लिए तैयार हैं। वह श्रद्धा कपूर और कृति सेनन के साथ प्रतिष्ठित स्टार कास्ट में शामिल होंगी, जो 2005 की फिल्म नो एंट्री का सीक्वल है। मानुषी अर्जुन कपूर, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जो सीक्वल में मुख्य भूमिका अदा करेंगे।

### द. सीरिया के सैन्य ठिकानों पर हमला

**दमिश्क।** इजरायल की मिसाइलों ने बुधवार की आधी रात के बाद दक्षिणी सीरिया में कुनीत्रा और दारा प्रांतों के ग्रामीण इलाकों में सैन्य ठिकानों पर हमला किया। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) के अनुसार ये कुनीत्रा में रफीद और तेल अल-फरास और दारा में तेल अल-जाबिया गांवों में किये गये । हमलों में किसी के हताहत होने की रिर्पोट नहीं है।

### गाजा में मरने वालों की संख्या 33,000

**गाजा।** फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर इजरायल की सेना द्वारा किये गये हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 33000 के पार पहुंच गयी है, जबकि 75,600 लोग घायल हुये हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### चीन के किंघई प्रांत में भूकंप के झटके

**बीजिंग।** चीन के किंघई प्रांत में सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.5 रही। यह जानकारी राज्य मीडिया एजेंसी ने दी। एजेंसी के अनुसार, गुरुवार सुबह 9 बजे (0100 जीएमटी) सुदूर उत्तर-पश्चिमी चीनी प्रांत किंघई में लोगों ने भूकंप के तेज झटके महसूस किए। अभी तक किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है।

### पूर्वोत्तर भारत में 7 तक भारी बारिश के आसार

**नयी दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में सात अप्रैल तक गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।अरुणाचल प्रदेश में चार से सात अप्रैल तक भारी बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। असम और मेघालय में पांच अप्रैल को भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। कई राज्यों के लिए हीटवेव की भी चेतावनी जारी की गई है।

### सांसद नवनीत राणा की अजा प्रमाणपत्र की वैधता बरकरार



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अमरावती से सांसद एवं भाजपा की नेता नवनीत कौर राणा को बड़ी राहत देते हुए उनके अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र को गुरुवार को बरकरार रखने वाला फैसला दिया। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने इस मामले में गठित जांच समिति के फैसले को बरकरार रखा। समिति ने 2019 के लोकसभा चुनावों में नामांकन पत्र दाखिल करते समय इस्तेमाल किए गए उनके (नवनीत कौर राणा) जाति प्रमाण पत्र में कोई त्रुटि नहीं पाई थी। शीर्ष अदालत ने फैसला में कहा कि उचित जांच के बाद उस जांच समिति के निष्कर्षों में किसी प्रकार की हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

# दुश्मन के एक साथ कई टारगेट तबाह करेगी अग्नि प्राइम

**रात्रि परीक्षण सफल**

- 2000 किलोमीटर रेंज की इस मिसाइल को जल्द सेना में शामिल किया जायेगा
- एयरोस्पेस की दुनिया में भारत का बड़ा धमाका
- ओडिशा के तट पर डॉ. अब्दुल कलाम द्वीप से डीआरडीओ ने किया सफल परीक्षण

**बैलिस्टिक मिसाइल ने अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने नई पीढ़ी की परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का ओडिशा तट पर बुधवार आधी रात को सफल परीक्षण किया है। डीआरडीओ में विकसित 2000 किलोमीटर रेंज की इस मिसाइल को जल्द ही सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। यह मिसाइल वजन में काफी है, इसलिए इसे पहले से सेवा में शामिल अग्नि-1 की जगह प्रतिस्थापित किये जाने की योजना है। भारत ने अग्नि प्राइम की नाइट लांचिंग करके एयरोस्पेस की दुनिया में धमाका कर दिया है।

ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से डीआरडीओ ने यह परीक्षण किया। मिसाइल ने अधिकतम सीमा तक जाकर अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। यह अग्नि सीरीज की आधुनिक, घातक, सटीक और मीडियम रेंज की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है। भारत की यह परमाणु मिसाइल एक साथ दुश्मन के कई टारगेट तबाह कर सकती है। अग्नि प्राइम मिसाइल के तीन सफल विकासात्मक परीक्षणों के बाद उपयोगकर्ताओं की ओर से किया गया यह दूसरा प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था, जिसने सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता को मान्य किया।

परमाणु मिसाइल का पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च 07-08 जून, 2023 की रात को किया गया था। बीती रात परीक्षण के दौरान उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए टर्मिनल बिंदु पर दो डाउनरेंज जहाजों सहित विभिन्न स्थानों पर राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन तैनात किए गए थे। अग्नि प्राइम मिसाइल ने उच्च स्तर की सटीकता के साथ सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। विभिन्न स्थानों पर तैनात राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन से मिले डेटा ने मिसाइल सिस्टम के प्रदर्शन को पूरी तरह सफल करार दिया है। सशस्त्र बलों में पहले से शामिल अग्नि-1 मिसाइल की जगह इसे प्रतिस्थापित किये जाने की योजना है।



अग्नि परियोजना से जुड़े एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि अग्नि-क सिंगल-स्टेज की मिसाइल है, जबकि अग्नि प्राइम दो स्टेज के रॉकेट मोटर पर चलने वाली मिसाइल है, जिसका तीसरा स्टेज मैन्यूवरेबल रीएंट्री व्हीकल है। यानी इससे तीसरे स्टेज को दूर से नियंत्रित करके दुश्मन के टारगेट पर सटीक हमला किया जा सकता है। डबल-स्टेज अग्नि प्राइम में एक कनस्तर संस्करण होगा, जिससे इसे सड़क और मोबाइल लॉन्चर दोनों से फायर किया जा सकता है। इस पर 1500 किलोग्राम से 3000 किलोग्राम वजन के हथियार लगाए जा सकते हैं। अग्नि प्राइम को बीईएमएल-टट्रा ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर से दागा जाता है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, एसएफसी तथा सशस्त्र बलों को इस सफल परीक्षण के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मिसाइल का सफल विकास और इसकी तैनाती सशस्त्र बलों के लिए एक उत्कृष्ट ताकत साबित होगी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस सफल उड़ान परीक्षण के लिए एसएफसी और डीआरडीओ के प्रयासों की सराहना की।

### नौसेना ने मुंबई पुलिस को सौंपे 9 समुद्री डाकू

**नयी दिल्ली।** पूर्वी सोमालिया में ईरानी जहाज एफवी अल कंबर को अपहृत करने वाले सभी नौ समुद्री लुटेरों को पश्चिमी तट पर लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया । अरब सागर में यह घटना 29 मार्च को हुई थी, जिसमें भारतीय नौसेना ने समुद्री डकैती रोकने के साथ ही 23 पाकिस्तानी नागरिकों को बचाया था। बुधवार देररात मुंबई लाए गए इन सोमालियाई लुटेरों के विरुद्ध कार्रवाई समुद्री कानून के तहत की जाएगी। नौसेना को 28 मार्च की देरशाम ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज (एफवी) अल-कंबर 786 को अरब सागर में अपहृत किए जाने की सूचना मिली थी। समुद्री डकैती का इनपुट मिलने पर नौसेना ने अरब सागर में तैनात अपने दो जहाजों आईएनएस त्रिशूल और आईएनएस सुमेधा को अपहृत एफवी को रोकने के लिए डायवर्ट कर दिया। नौसेना के जहाजों और मरीन कमांडो ने 29 मार्च को एफवी अल कंबर में नौ समुद्री लुटेरों को सरेंडर करने के लिए मजबूर कर दिया।

# संदेशखाली के दोषियों को दी जायेगी कड़ी सजा: मोदी

**बंगाल में भाजपा ही महिलाओं के खिलाफ रोक सकती है अत्याचार : प्रधानमंत्री**

एजेंसी

- केंद्रीय योजनाओं को लागू नहीं होने देती है टीएमसी सरकार, मेडिकल कॉलेज खोलना भाजपा की पहचान

**कूचबिहार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान का बिगुल फूंकते हुए राज्य में अपनी पहली चुनावी रैली में लोगों को यह आश्वासन दिया कि अपराधियों, खासकर संदेशखाली के दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी और मतदाताओं से बिना किसी डर के एक नेता के रूप में वोट करने की अपील की। श्री मोदी ने उत्तर बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरदुआर लोकसभा सीटों के लिए भाजपा के उम्मीदवारों नीतीश प्रमाणिक और मनोज तिग्गा के समर्थन में राश मेला मैदान में आयोजित विशाल विजय संकल्प दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल भाजपा ही है, जो बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोक सकती है। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने देखा है कि कैसे तृणमूल कांग्रेस सरकार ने सीमावर्ती उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में आरोपियों को बचाने की पूरी कोशिश की, जबकि भाजपा ने आरोपियों को सजा दिलाना सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को जीवन जेल में बिताना होगा। श्री मोदी ने लोगों से अपील की कि 19 अप्रैल को सुबह एक नेता की तरह मतदान करें क्योंकि इस बार चुनाव आयोग ने पूरे राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित किया है। मोदी ने कहा कि यह भाजपा सरकार है



जिसने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से छुटकारा दिलाया है। श्री मोदी ने कहा कि तृणमूल सरकार बंगाल में केंद्रीय योजनाओं को लागू नहीं होने देती। मेडिकल कॉलेज स्थापित करना भाजपा की पहचान है। हम देश के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करना चाहते हैं, लेकिन तृणमूल सरकार ने हमें ऐसा करने की अनुमति नहीं दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र ने बंगाल सरकार को अधिकतम धनराशि दी थी, लेकिन एक मंत्री के घर में करोड़ों रुपये पाये जाने के कारण पैसे वापस ले लिए गये।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं ममता दीदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। वर्ष 2019 में मैं इसी मैदान में एक रैली को संबोधित करने आया था। उस समय उन्होंने इस मैदान को आकार में छोटा करने के लिए इसके बीच में एक चबूतरे का निर्माण करवाया। उस समय मैंने कहा था कि जनता इसका जवाब देगी। आज उन्होंने ऐसी कोई बात नहीं की और मुझे आप सभी से मिलने का अवसर मिला। मैं आज कोई बाधा उत्पन्न नहीं करने के लिए बंगाल सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने विपक्ष पर सीएए के बारे में लोगों को गुमराह करने का भी आरोप लगाया और कहा कि यह वास्तव में नागरिकता देने के लिए है।

### इडी ने शेख शाहजहां का खाता किया फ्रीज

**कोलकाता।** इडी ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के व्यक्तिगत बैंक खातों के साथ-साथ उसके स्वामित्व वाले व्यवसायों से जुड़े खातों को फ्रीज किया। ईडी के सूत्र ने बताया कि प्रक्रिया दो बैंक खातों से शुरू हुई है, एक व्यक्तिगत रूप से शाहजहां के नाम पर है और दूसरा मछली निर्यात इकाई मेसर्स शेख सबीना फिश सप्लाई ऑनली का खाता है, जो शाहजहां की बेटी शेख सबीना के नाम पर पंजीकृत है। इडी के अधिकारियों ने संबंधित बैंकों के अधिकारिएयों को इन दोनों खातों में पैसों के लेनदेन पर तुरंत रोक लगाने के लिए लिखा है। कुल 15 ऐसे बैंक खाते और इन खातों के माध्यम से 137 करोड़ के लेनदेन वर्तमान में ईडी अधिकारियों की जांच के दायरे में हैं।

इडी के अधिकारियों ने सुराग हासिल कर लिया है कि कैसे शाहजहां ने मछली निर्यात का इस्तेमाल भारी मुनाफा कमाने के साथ-साथ राशन वितरण घोटाला तथा अन्य घोटालों से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की आय को ठिकाने लगाने के लिए किया था।

# कांग्रेस ने तीनों लोक में किया भ्रष्टाचार:नड्डा

एजेंसी

**पाताल में कोयला, आकाश में अगस्ता वेस्टलैंड, जमीन पर बोफोर्स और थल में पनडुब्बी घोटाला किया : भाजपा**

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने देवभूमि और वीरभूमि से कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जल छोड़ा, न नभ छोड़ा, न थल छोड़ा, न पाताल छोड़ा है। उसने तीनों लोक में भ्रष्टाचार किया है। पाताल में कोयला घोटाला, आकाश में अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, जमीन पर बोफोर्स घोटाला और थल में पनडुब्बी घोटाला किया है। ये कांग्रेस पार्टी का इतिहास है। पिथौरागढ़ में गुरुवार को आयोजित जनसभा में जेपी नड्डा ने जनता की याददाश्त को ताजा किया। उन्होंने कहा कि क्या यह सच्चाई नहीं है कि कांग्रेस सरकार में कोयला का घोटाला हुआ था, पनडुब्बी का घोटाला हुआ था, 2जी और 3जी का घोटाला हुआ था, कामन वेल्थ गेम का घोटाला हुआ था। हुआ था कि नहीं कहकर लोगों से जवाब मांगा तो हां की आवाज आई।



राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 40 वर्षों से कांग्रेस ने वीरों के साथ धोखा किया। अगर किसी ने न्याय दिलाया है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वन रैंक-वन पेंशन से दिलाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा। नड्डा ने लोगों से कहा कि 19 अप्रैल को चुनाव में आपको उन लोगों का चयन करना है, जिन्होंने उत्तराखंड के दर्द को समझा है।

# झूठों के सरदार हैं मोदी : खड़गे

**युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था आज तक पूरा नहीं किया**

**चित्तौड़गढ़।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठों का सरदार बताते हुए आरोप लगाया है कि वह लोकतंत्र की वजह से आज देश के प्रधानमंत्री हैं और इस कारण ऊपर आये लेकिन उसे ही कुचलने की कोशिश कर रहे हैं।

श्री खड़गे गुरुवार को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना की नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि श्री मोदी ईडी एवं सीबीआई का दुरुपयोग कर अन्य दलों के लोगों को डरा धमाकर अपनी तरफ करना चाहते हैं और हमेशा झूठ बोलते रहते हैं। वह सबको डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने कहा था कि भ्रष्टाचार खत्म कर देंगे और उन्होंने कांग्रेस, टीएमसी, एनसीपी आदि के नेता भ्रष्ट हैं लेकिन भाजपा ने इन भ्रष्टों



को अपनी पार्टी में लिया। उन्होंने युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया लेकिन आज तक पूरा नहीं किया। ऐसे की कई वादे किए लेकिन पूरे नहीं किए गए। ऐसी ही मोदी की गारंटियां होती हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी गारंटी को लागू नहीं किया गया अब आगे क्या गारंटी हैं, अब मोदी की गारंटी पर कोई भरोसा नहीं करेगा।

### देश के लिए निर्णायक साबित होगा यह आम चुनाव : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्र के लिए आम चुनाव निर्णायक साबित होगा, इसलिए लोगों को देश को बिगाड़ने और बनाने वालों के बीच फर्क समझने की जरूरत है। श्री गांधी ने गुरुवार को कहा कि देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ग को देश बनाने औरदेश बिगाड़ने वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रुपये प्रतिदिन, जातिगत जनगणना और सुरक्षित संविधान नागरिक के अधिकार।

# भाजपा में शामिल हुए गौरव वल्लभ

- बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा व महागठबंधन के प्रत्याशी रहे उपेंद्र प्रसाद ने भी ली भाजपा की सदस्यता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे गौरव वल्लभ ने गुरुवार को भाजपा का दामन थाम लिया। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और संजय मयूख की मौजूदगी में गौरव वल्लभ और बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा और महागठबंधन के प्रत्याशी रहे उपेन्द्र प्रसाद को पार्टी की सदस्यता दिलाई। वल्लभ ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में कांग्रेस पार्टी के स्टैंड से



मैं क्षुब्ध हूं। मैं जन्म से हिंदू और कर्म से शिक्षक हूं। पार्टी के इस रुख ने मुझे हमेशा असहज किया, परेशान किया। पार्टी और गठबंधन से जुड़े कई लोग सनातन के विरोध में बोलते हैं और पार्टी का उस पर चुप रहना, उसे मौन स्वीकृति देने जैसा है। इन दिनों पार्टी गलत दिशा में आगे बढ़ रही है। जहां एक ओर हम जाति आधारित जनगणना की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर संपूर्ण हिंदू समाज के विरोधी नजर आ रहे हैं, यह कार्यशैली जनता के बीच पार्टी को एक खास धर्म विशेष के ही हिमायती होने का भ्रामक संदेश दे रही है। यह कांग्रेस के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है। उल्लेखनीय है कि गौरव वल्लभ ने गुरुवार सुबह कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी दिशाहीन हो गई है। राम मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा पर कांग्रेस के रुख को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई।

### इधर पूर्व सांसद संजय निरुपम ने छोड़ा हाथ



**मुंबई।** कांग्रेस ने पूर्व सांसद संजय निरुपम को बुधवार देर रात पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। इसके बाद निरुपम ने गुरुवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों का इस्तीफा दे दिया है। फिलहाल निरुपम शिंदे समूह की शिवसेना के संपर्क में बताए जा रहे हैं । निरुपम ने बताया कि कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से छह साल के निष्कासित करने का निर्णय लिया है, जबकि वे इससे पहले ही कांग्रेस के सभी पदों का इस्तीफा दे चुके हैं। निरुपम मुंबई की उत्तर-पश्चिम संसदीय सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन इस सीट पर शिवसेना उद्धव गुट ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया था।

# अल्पसंख्यक बहुल उलुबेरिया में चौंका सकती है भाजपा

एजेंसी

**महासमर**

- टीएमसी ने यहां से मौजूदा सांसद सजदा अहमद को दोबारा दिया है टिकट
- भाजपा ने उदय अरुनपाल चौधरी को बनाया प्रत्याशी
- उलुबेरिया सीट अल्पसंख्यक बहुल है और हिंदी भाषी मतदाता भी बड़ी संख्या में हैं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में लोकसभा की कई सीटों पर लड़ाई दिलचस्प है। यहां की एक सीट है उलुबेरिया जिस पर तृणमूल कांग्रेस का कब्जा है। खासतौर पर यह सीट अल्पसंख्यक बहुल है और हिंदी भाषी मतदाता भी यहां बड़ी संख्या में हैं। इस बार तृणमूल कांग्रेस ने यहां से मौजूदा सांसद सजदा अहमद को दोबारा टिकट दिया है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में उनके पति सुल्तान अहमद इस सीट पर जीते थे। दिल का दौरा पड़ने से चार सितंबर 2017 को उनका निधन हो गया था। इसके बाद हुए उप चुनाव में सजदा अहमद जीती थीं और उसके बाद 2019 में भी उन्होंने ही जीत दर्ज की थी। भाजपा ने इस सीट पर उदय अरुनपाल चौधरी को उम्मीदवार बनाया है जो साफ सुथरी छवि के नेता हैं। वह सामाजिक कार्यकर्ता रहे हैं और लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं। हालांकि उनका जनाधार बहुत बड़ा नहीं है।

वामदलों अथवा कांग्रेस की ओर से फिलहाल उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया गया है। उलुबेरिया पश्चिम बंगाल का महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र है। उलबेरिया संसदीय क्षेत्र हावड़ा जिले में आता है। वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक यहां की



आबादी 20 लाख 51 हजार 790 है। यहां की आबादी में 69.55 फीसदी शहरी और 30.45 पर्सेंट ग्रामीण लोग हैं। यहां अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की आबादी का प्रतिशत क्रमशः 19.63 और 0.15 फीसदी है। वर्ष 2017 की वोटर लिस्ट के मुताबिक यहां वोटर्स की संख्या 15 लाख 40 हजार 916 है।

वर्ष 1957 के चुनाव में यहां से फॉरवर्ड ब्लॉक ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी थी, जबकि पूरे देश में कांग्रेस जीत रही थी। वर्ष 1952 में यहां से इंडियन नेशनल कांग्रेस के सत्यबान राय विजयी हुए थे। वर्ष 1957 में फॉरवर्ड ब्लॉक (एम) के एमके अरबिंदा घोषाल विजयी हुए। वर्ष 1962 में कांग्रेस ने फिर इस सीट पर कब्जा कर लिया और पुनेंदु खान यहां से सांसद चुने गए। 1977 में श्यामा प्रसन्ना भट्टाचार्य को सफलता मिली थी। 1980 में भी सीपीएम के हन्नान मोल्लाह को से सफलता मिली और 1984, 1989, 1991, 1996, 1998, 1999, 2000 और 2004 तक सीपीएम के हन्नान मोल्लाह ने इस सीट पर कब्जा बनाए रखा था। वर्ष 1999 में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस मुकाबले में आ गई और वर्ष 2004 में भी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर थी। वर्ष 2009 में बाजी पलट गई और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के सुल्तान अहमद ने बाजी मार ली और फिर लगातार यहां से सांसद चुने जाते रहे।

### विंध्याचल में नवरात्रि मेले की तैयारी शुरू

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में श्रद्धालु इस बार विंध्य कोरिडोर निर्माण के बाद पहली बार भव्यता के बीच मां विंध्यवासिनी देवी की अभ्यर्थना करेंगे। विंध्याचल नवरात्रि मेले की तैयारियां एक माह पहले शुरू कर दी जाती है। जिला प्रशासन, एवं अन्य संबंधित विभाग के साथ नगर पालिका परिषद के लोग जुट जाते हैं मगर अंतिम समय दिन रात काम शुरू हो जाता है। विंध्याचल में तैयारियों का अद्भुत दृश्य है। चौदह वर्ग किलोमीटर मेला क्षेत्र में तैयारियों का मंजर है । एक हजार सफाई कर्मचारी साफ सफाई में जुटे हैं। विद्युत विभाग जल निगम आदि विभागों के कर्मचारियों की पूरी फौज जुटी है। तो दूसरी ओर अस्थाई दुकानें अपने अपने पूर्व निर्धारित स्थानों पर लगनी शुरू है। दुकानदार अपनी अपनी दुकानों को रंग रोगन कर सजा रहे हैं। इस बार अच्छी आय होने की आशा से उत्साहित हैं ।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !